कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) > मंगलवार, 23 दिसंबर 2025 > पौष 2, शक संवत 1947, पौष शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत 2082 | WATCH GOD WATCHDOG | पेज 12 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 | facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow | Vol.7 no.346



...तब रोहित को आया था संन्यास का खयाल ▸p11

# NBT नवभारत टाइम्स

'बाबरी' की नीव रखने वाले हुमायूं कबीर ने बनाई पार्टी ▸p10



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 4, 11

## कब रुकेंगे हादसे

▸▸ गलत दिशा से आ रही बस की टक्कर से बाइक सवार गत। पेज 5

▸▸ बाइक में वाहन ने मारी टक्कर, छात्र की मौत : पेज 5

▸▸ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक में घुसी कार, 3 की मौत : पेज 9

## फटाफट खबरें

### 3 साल के बच्चे को खा गया भेड़िया

बहराइच के फखरपुर इलाके के रसूलपुर दरेहटा गांव में सोमवार तड़के मां के पास से रहे तीन साल के अंश को भेड़िया उठा ले गया। मां के शोर मचाने पर गांववालों ने खोजबीन शुरू की। थोड़ी देर बाद बच्चे का अवशेष शव गेहूं के खेत में पड़ा मिला।

### तकनीकी समस्या से AI की फ्लाइट लौटी

दिल्ली से मुंबई जा रही एयर इंडिया की उड़ान AI-887 में तकनीकी समस्या आने के बाद विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस उतारना पड़ा। घटना सोमवार की है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है। यात्रियों को गंतव्य के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए गए।

### एटा से चार कफ सिरप तस्कर अरेस्ट

ऐंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने सोमवार को कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी में लिप्त चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 47 कार्टन (5640 बोतल) ONEREX कोडीन सिरप बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है। ▸▸पेज 7

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने होमगार्ड के 41,424 पदों के लिए लिखित परीक्षा की तारीखें घोषित कर दी हैं। बोर्ड ने बताया कि परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण की परीक्षा 25 अप्रैल, दूसरे चरण की 26 अप्रैल और तीसरे चरण में 27 अप्रैल 2026 को आयोजित होगी। यह परीक्षा प्रदेशभर में निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होगी। ▸▸पेज 7

### न्यूजीलैंड-भारत में हुई ट्रेड डील

भारत और न्यूजीलैंड ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) पर बातचीत पूरी कर ली। इस समझौते से भारत के सामान को न्यूजीलैंड के बाजार में बिना किसी टैक्स (ड्यूटी-फ्री) के एंट्री मिलेगी। इसका सबसे ज्यादा फायदा कपड़ा और चमड़ा जैसे उन सेक्टर्स को होगा जहां ज्यादा मजदूरों की जरूरत होती है। ▸▸पेज 10

## हैपी मॉर्निंग

**डॉक्टर :** अब आप खतरे से बाहर हैं, फिर भी आप इतना डर क्यों रहे हो?
**मरीज:** जिस ट्रक से मेरा एक्सिडेंट हुआ था उस पर लिखा था- 'जिंदगी रही तो फिर मिलेंगे'

## सराफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| लखनऊ | ₹1,37,860 |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| लखनऊ | ₹2,19,000 |

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,567.48 (+638.12) |
| निफ्टी | 26,172.40 (+206) |
| रु/यूएस डॉलर | 89.63(-0.12) |
| रु/यूरो | 102.83(+0.30) |

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधि.तापमान | 20.5 डिग्री |
| न्यून.तापमान | 9.7 डिग्री |
| सूर्यास्त मंगलवार | 5:19 बजे |
| सूर्योदय बुधवार | 6:52 बजे |

# सड़क, सेहत और ज़रूरतमंदों को 'अनुपूरक' डोज

## यूपी सरकार ने विधानसभा में पेश किया ₹24,496 करोड़ का बजट, मौजूदा परियोजनाओं को और बेहतर बनाने पर जोर

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** आज से 22 साल बाद के यूपी की तस्वीर तैयार करने में जुटी योगी सरकार जानती है कि सपनों को पूरा करने के लिए सुविधाओं और संसाधनों की नींव अभी से रखनी पड़ेगी। विकास की समावेशी तस्वीर इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री के साथ ही नागरिकों के सेहत और जरूरतमंदों की अपेक्षाओं को पूरा करके ही बनेगी। सोमवार को विधानसभा में पेश किए गए योगी सरकार के 24,496.98 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट का अक्स भी कुछ ऐसा ही दिखा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि अनुपूरक बजट प्रदेश में विकास की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से लाया गया है।

> यह बजट विकास की निरंतरता के लिए लाए : वित्त मंत्री

बजट में जहां एक्सप्रेस-वे के विस्तार को और गति देने की कोशिश है वहीं, उद्योगों को वादे के मुताबिक सहूलियतें देने के लिए 1700 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर सुविधाओं के विस्तार के लिए 100 करोड़ रुपये, गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए 1865 करोड़ रुपये और जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेस-वे को कनेक्ट करने के लिए भी 1246 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान है। कंपनियों के निवेश को प्रोत्साहन के लिए 1194 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं।

**समाज, सेहत और ऊर्जा पर फोकस**

अनुपूरक में विधायकों की बढ़ी तनख्वाह के लिए पैसा है। साथ ही निराश्रित, महिलाओं की आर्थिक सहायता और स्टूडेंट्स की स्कॉलरशिप की बढ़ी जरूरतों की भी चिंता की गई है। महिला पेंशन और स्कॉलरशिप के लिए 896 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने को 25 करोड़, ईवी वाहनों पर सब्सिडी के लिए 5 करोड़ का प्राविधान है। ग्रीन एनर्जी के विस्तार के लिए 500 करोड़ रुपये का भी प्राविधान किया गया है। अनुपूरक का करीब 15% हिस्सा सेहत को सुविधाओं की डोज देने पर केंद्रित है। बिजली की अव्यवस्था में सुधार पर भी करीब 19% हिस्सा खर्च होगा। ▸▸पेज 2



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया।

### इन विभागों को मिली रकम (करोड़ में)

| | | |
|---|---|---|
| ₹4,874 औद्योगिक विकास | ₹4,521 पावर सेक्टर | ₹3,500 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| ₹1,758 नगर विकास | ₹640 तकनीकी शिक्षा | ₹535 महिला एवं बाल विकास |

### लखनऊ को मिला

| | | | |
|---|---|---|---|
| ₹5 लाख | ₹10 लाख | ₹20 करोड़ | ₹10 करोड़ |
| आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर नए जन सुविधा परिसर और पार्किंग के लिए | राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमानखेड़ा में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने के लिए | डॉ. राममनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के लिए | कैंसर संस्थान लखनऊ के लिए |
| | | | ₹120 करोड़ एसजीपीजीआई के लिए |

# सस्ते मिलेंगे योजनाओं में खाली पड़े प्लॉट-फ्लैट


## UP कैबिनेट ने कॉस्टिंग गाइडलाइंस-2025 को दी मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

विकास प्राधिकरण और आवास-विकास परिषद की योजनाओं में खाली पड़े फ्लैट और मकान सस्ते हो सकते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 'आदर्श कॉस्टिंग गाइडलाइंस (मूलभूत सिद्धांत)-2025' को मंजूरी दे दी गई।

नई गाइडलाइंस के तहत मूल्य तय करने में जमीन की लागत, आंतरिक व बाहरी विकास लागत, भवन निर्माण लागत के साथ SBI द्वारा तय किए गए MCLR से 1% अधिक की दर से ही ब्याज जोड़ा जाएगा। वहीं, अटकी हुई संपत्तियों को बेचने के लिए प्राधिकरण 25% तक की छूट दे सकेंगे। हालांकि, यह छूट देने के बाद संपत्ति की कीमत पहली बार तय हुई कीमत से कम नहीं होनी चाहिए। खरीदारों को एकमुश्त भुगतान करने पर अतिरिक्त छूट भी दी जाएगी। 45 दिन में पूरी रकम जमा करने पर 6%, 60 दिन में 5% और 90 दिनों में भुगतान करने पर 4% तक की छूट दी जा सकेगी। **▸▸अब भर्ती बोर्ड से होगी विशेषज्ञ डॉक्टर और चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती** : पेज 2

### कॉर्नर के मकान, प्लॉट पर 5% अतिरिक्त चार्ज





कॉर्नर, पार्क फेसिंग मकान या प्लॉट या 18 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क की संपत्तियों पर 8% से 10% तक का अतिरिक्त चार्ज लगता था। अब इसे 5% कर दिया गया है। इसके साथ ही अगर किसी संपत्ति पर यह तीनों सुविधाएं मौजूद हैं तो भी उसपर 12% ही अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकेगा। वहीं, ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के लिए ब्याज दर घटाकर 8% कर दी गई है।

### कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल बनेंगे

लखनऊ, नोएडा एवं गाजियाबाद में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनेंगे। इसके लिए विकास प्राधिकरण महिला कल्याण विभाग को 1 रुपये सालाना लीजरेंट पर जमीन देंगे। वहीं, गाजियाबाद में बनने वाले हॉस्टल के लिए एफएआर शुल्क पर छूट को भी कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। वाराणसी में टैक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए 75 एकड़ जमीन हथकरघा विभाग को ट्रांसफर की जाएगी। बाराबंकी में टिश्यू कल्चर लैब और पीलीभीत में बासमती सीड प्रॉसेसिंग फैसिलिटी कम ट्रेनिंग सेंटर एंड ऑर्गेनिक फॉर्म की स्थापना के लिए भी जमीन उपलब्ध करवाने को सहमति दे दी गई है।

### बांग्लादेश ने भारत में फिलहाल वीजा सेवाएं बंद कीं

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** बांग्लादेश हाई कमीशन ने भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने सभी वीजा और कांसुलर सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। ढाका का कहना है कि दिल्ली और कोलकाता में बांग्लादेशी मिशन के बाहर विरोध प्रदर्शन को देखते हुए ये कदम उठाया गया है।



मोतालेब सिकदर

इस बीच, बांग्लादेश के खुलना में सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने एक और छात्र नेता मोतालेब सिकदर को सिर में गोली मार दी। हालत गंभीर है। यह हमला हाल में उस्मान हादी की हत्या के बाद हुआ है। ▸▸पेज12

# गैंगरेप में पांच दोषियों को उम्रकैद

## बुलंदशहर हाइवे पर मां-बेटी के साथ हुई थी दरिंदगी


■ **NBT न्यूज, बुलंदशहर :** यूपी के बुलंदशहर हाइवे गैंगरेप केस में सोमवार को करीब नौ साल बाद पांच दोषियों को उम्रकैद सुनाई गई है। मां-बेटी से हुए गैंगरेप में बुलंदशहर की स्पेशल पॉक्सो (POCSO) कोर्ट ने हर दोषी पर 1.81-1.81 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि दोषियों को फांसी होनी चाहिए थी। वहीं, बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिव कुमार माहौर ने कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है।



अदालत ने शनिवार को कन्नौज जिले के रहने वाले जुबैर, साजिद और फर्रुखाबाद के धर्मवीर, नरेश, सुनील को दोषी करार दिया था। बुलंदशहर स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के एडीजीसी वरुण कौशिक ने बताया कि 29 जुलाई 2016 को शाहजहांपुर की रहने वाली मां-बेटी परिवार के साथ एक गमी में शामिल होने नोएडा से शाहजहांपुर जा रही थी। नेशनल हाइवे रोड पर गांव दोस्तपुर में उनकी कार बदमाशों ने रोक ली और उनसे गैंग रेप किया। 11 लोगों पर FIR हुई थी, जिनमें नोएडा STF ने असलम फालिया को हरियाणा और बेटी उर्फ गंजा बबलू को नोएडा में मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। आरोपित सलीमुद्दीन, जावेद और जबर सिंह को सीबीआई ने जांच में क्लीन चिट दे दी थी। वहीं, सुनवाई के दौरान गिरोह के सरगना सलीम बावरिया की मौत हो गई थी। ▸▸पेज 9

### आज भी घबराकर जाग जाती हूं: पीड़िता

गैंगरेप पीड़िता मां ने कहा, उन्होंने हमारी पूरी जिंदगी, शांति और भविष्य को तबाह कर दिया। वह दर्द कभी खत्म नहीं होता। रातें सबसे ज्यादा डरावनी होती हैं। आज भी मैं घबराकर नींद से जाग जाती हूं। हमारा परिवार टूटा नहीं, एकजुट होकर लड़ते रहे। कानून की पढ़ाई कर रही और जज बनने का ख्वाब देख रही पीड़िता बच्ची के मुताबिक, पांच बार हमें घर बदलना पड़ा। इस तरह कब तक पहचान छिपाते रहेंगे।





CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 23-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: rishi.yadav Time: 12-22-2025 23:37 Color:



## फटाफट खबरें

### सोना 1.38 लाख के पार, चांदी ने भी बनाया नया रेकॉर्ड

पीटीआई, मुंबई : दिल्ली में सोमवार को सोने की कीमत 1,685 रुपये उछलकर 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई। चांदी 10,400 रुपये की छलांग लगाकर 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के नए हाई पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1.86% बढ़कर 4,420.35 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी ओर चांदी 3.44% बढ़कर 69.45 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

### जापानी कंपनी संग चिप बनाएगी टाटा

पीटीआई, नई दिल्ली: जापान की दिग्गज सेमीकंडक्टर कंपनी ROHM और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बीच अहम समझौता हुआ है। दोनों कंपनियां मिलकर भारत में चिप बनाएंगी, जिनकी सप्लाई भारतीय बाजार के साथ-साथ विदेशों में भी की जाएगी। इस साझेदारी के तहत भारत में ROHM अपनी वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी लाएगी, टाटा चिप को असेंबल करने और टेस्टिंग करेगी।

### निवेश से श्रीराम फाइनैंस को बढ़त

पीटीआई, नई दिल्ली: जापान के मित्सुबिशी यूएफजे फाइनैंशल ग्रुप (MUFG) ने भारत की नॉन-बैंकिंग फाइनैंस कंपनी श्रीराम फाइनैंस में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव दिया है। यह डील 39,618 करोड़ रुपये में होने की उम्मीद है।

# IT-ऑटो शेयरों में रैली, चमके स्मॉल-मिडकैप

## Sensex 638 अंक उछला, Nifty 26,100 के पार




AI Image

NBT रिपोर्ट, मुंबई : शेयर बाजार में सोमवार को जबरदस्त जोश देखने को मिला। विदेशी निवेशकों की ओर से पैसे लगाए जाने और दुनिया भर के बाजारों में आए उछाल की वजह से सेंसेक्स 638 अंक बढ़ गया। वहीं, निफ्टी भी 26,100 के अहम स्तर के ऊपर बंद होने में कामयाब रहा। बाजार में इस तेजी की बड़ी वजह IT, ऑटो और मेटल सेक्टर के शेयरों में हुई जमकर खरीदारी रही।



निवेशकों को उम्मीद है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व आने वाले समय में ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है।

पिछले सत्र की तेजी को बरकरार रखते हुए सेंसेक्स 638.12 अंक (0.75%) की बढ़त के साथ 85,567.48 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, NSE निफ्टी 206 अंक (0.79%) चढ़कर 26,172.40 के स्तर पर बंद हुआ। BSE का स्मॉलकैप इंडेक्स 1.12 फीसदी चढ़ा, जबकि मिडकैप इंडेक्स 0.86 फीसदी मजबूत रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे ज्यादा फायदा Trent के शेयरों को हुआ, जो 3.56% बढ़ गए। IT सेक्टर की बात करें तो इंफोसिस 3.06%, टेक महिंद्रा 2.09%, HCL टेक 1.67% और TCS 1.28% चढ़े। इनके अलावा भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, रिलायंस और मारुति के शेयरों में भी अच्छी बढ़त देखी गई। हालांकि, SBI का शेयर 0.6% टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो (L&T) और टाइटन भी लाल निशान में बंद हुए।

**तेजी की वजह क्या रही? :** एक्सपर्ट्स का कहना है कि साल के अंत में भारतीय बाजार में यह तेजी विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) की वापसी और ग्लोबल संकेतों की वजह से है। डॉलर के मुकाबले रुपये का स्थिर होना और विदेशी निवेशकों द्वारा पिछले कुछ दिनों से की जा रही खरीदारी ने बाजार का माहौल बदल दिया है।

### सोमवार को 'मंगल'

- **सेंसेक्स** 638, निफ्टी 206 अंक की बढ़त के साथ बंद हुए।
- **IT सेक्टर** में सबसे ज्यादा खरीदारी रही, इंफोसिस और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स रहे।
- **ट्रेंट** सेंसेक्स का टॉप परफॉर्मर रहा, जबकि SBI में सबसे ज्यादा गिरावट रही।
- **विदेशी** निवेशकों (FIIs) ने शुक्रवार को 1,830 करोड़ रुपये से ज्यादा के शेयर खरीदे।
- **स्मॉलकैप** इंडेक्स 1.12% चढ़ा, मिडकैप 0.86% मजबूत रहा।

# न्यूजीलैंड में भारतीय सामान टैक्स फ्री

## ऊन, कीवी जैसे 95% सामान भारत में सस्ते में बेच सकेगा न्यूजीलैंड



AI Image

पीटीआई, नई दिल्ली: सोमवार को भारत और न्यूजीलैंड ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) पर बातचीत पूरी कर ली। इस समझौते से भारत के सामान को न्यूजीलैंड के बाजार में बिना किसी टैक्स (ड्यूटी-फ्री) के एंट्री मिलेगी। इसका सबसे ज्यादा फायदा कपड़ा और चमड़ा जैसे उन सेक्टर्स को होगा जहां ज्यादा मजदूरों की जरूरत होती है। साथ ही, न्यूजीलैंड ने अगले 15 सालों में भारत में 20 बिलियन डॉलर (करीब 1.6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) के निवेश का वादा भी किया है।

**भारत के लिए क्या? :** भारत से आने वाले 100% सामानों पर न्यूजीलैंड जीरो-ड्यूटी एक्सेस देगा। इससे भारतीय कंपनियों को वहां अपना पैर जमाने में बहुत मदद मिलेगी। वहीं, भारत डेयरी, मीट, सब्जी, चीनी, तांबा और एल्युमीनियम जैसे सेक्टर्स पर कोई इंपोर्ट टैक्स कम नहीं करेगा।

**न्यूजीलैंड को क्या मिलेगा? :** न्यूजीलैंड से आने वाले भेड़ के मांस, ऊन, कोयले और लकड़ी के सामान पर टैक्स नहीं लगेगा। कीवी, वाइन, चेरी, एवोकैडो और शहद पर भी भारत कुछ छूट देगा। वहीं, न्यूजीलैंड में विरोध शुरू हो गया है।

**किसानों का फायदा? :** भारत ने डेयरी सेक्टर को इस डील से पूरी तरह बाहर रखा गया है। भारत दूध, क्रीम, दही और पनीर जैसे सामानों पर कोई छूट नहीं देगा। प्याज, चना, मटर, चीनी और गहनों को भी इस लिस्ट से बाहर रखा गया है ताकि देश के व्यापारियों को नुकसान न हो।

### छात्रों-प्रफेशनल्स के लिए फायदेमंद?

**छात्रों के लिए:** न्यूजीलैंड जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या पर अब कोई पाबंदी नहीं होगी। साइंस और टेक (STEM) की पढ़ाई करने वाले ग्रेजुएशन और मास्टर छात्रों को कोर्स के बाद 3 साल और पीएचडी करने वालों को 4 साल तक वहां रहकर काम करने का मौका मिलेगा।

**प्रफेशनल्स के लिए:** हर साल 5,000 भारतीय प्रफेशनल्स को टेंपरेरी एम्प्लॉयमेंट वीजा दिया जाएगा। इसमें आईटी, इंजीनियरिंग और हेल्थकेयर के अलावा आयुष डॉक्टर, योग टीचर, संगीत शिक्षकों को भी मौका मिलेगा।

### महिला शक्ति का दम

कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने बताया कि यह भारत की पहली ऐसी डील है जिसमें बातचीत करने वाली भारतीय टीम की सभी मुख्य अधिकारी महिलाएं थीं। इस टीम का नेतृत्व जॉइंट सेक्रेटरी पेटल ढिल्लो ने किया। सिर्फ 9 महीने के रेकॉर्ड समय में इस डील को फाइनल करना एक बड़ी उपलब्धि है। पीयूष गोयल ने बताया कि यह मोदी सरकार की 7वीं बड़ी ट्रेड डील है। यह डील भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए एक नया रास्ता खोलेगी।

### US से क्या हुआ?

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते (ट्रेड पैक्ट) को लेकर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है अब यह अपने आखिरी चरण में है। पीयूष गोयल ने यह बात भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौते के पूरा होने के मौके पर मीडिया से कही। उन्होंने बताया कि भारत ने फाइव आइज ग्रुप के तीन सदस्यों ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन (UK) और न्यूजीलैंड के साथ समझौते फाइनल कर लिए हैं। फाइव आइज पांच देशों का मंच है।

### टैक्स फ्री एक्सपोर्ट

- **100% जीरो-ड्यूटी:** भारतीय सामानों पर न्यूजीलैंड कोई टैक्स नहीं लेगा।
- **5,000 वीजा:** भारतीय प्रफेशनल्स के लिए हर साल तय कोटा।
- **1,000 वीजा:** सालाना वर्क एंड हॉलीडे कैटिगरी के तहत।
- **3-4 साल:** भारतीय छात्रों के लिए पढ़ाई के बाद काम करने का मौका।
- **20 अरब डॉलर:** न्यूजीलैंड की ओर से 15 साल में संभावित निवेश।
- **2.4 अरब डॉलर:** 2024 में दोनों देशों के बीच हुआ कुल व्यापार।

### न्यूजीलैंड की नो-एंट्री

- **डेयरी प्रोडक्ट्स:** दूध, क्रीम, दही और पनीर आदि।
- **सब्जियां और अनाज:** प्याज, चना, मटर, मक्का और बादाम।
- **अन्य:** चीनी, शहद, पशु या वनस्पति तेल और फैट।
- **इंडस्ट्रियल :** हथियार-गोला बारूद, रत्न और आभूषण, तांबा और एल्युमीनियम से बने सामान।
- ब्रिटेन और ओमान के बाद तीसरा बड़ा व्यापार समझौता ।

### ArcelorMittal करेगी भारत में निवेश

पीटीआई, नई दिल्ली: स्टील कंपनी ArcelorMittal ने भारत में तीन नए क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स पर कुल 0.9 अरब डॉलर (करीब 7,500 करोड़ रुपये) खर्च करने की योजना बना रही है। इसका मकसद भारत में कंपनी की ग्रीन एनर्जी क्षमता को दोगुना करके 2 गीगावाट (GW) तक पहुंचाना है।

### ग्लोबल उथल-पुथल के बीच भारत मज़बूत: RBI बुलेटिन

NBT रिपोर्ट, मुंबई: रिजर्व बैंक (RBI) की ओर से सोमवार को जारी बुलेटिन में कहा गया है कि सरकार की आर्थिक नीतियों और आरबीआई के फैसलों के बीच बेहतर तालमेल ने देश की अर्थव्यवस्था को काफी मजबूत बनाया है।

बुलेटिन में कहा गया है कि अगर हम आर्थिक सुधारों और बुनियादी चीजों पर ध्यान देते रहे, तो बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत अपनी तेज विकास दर को बरकरार रख पाएगा।


### नवंबर में कोर सेक्टर रहा सुस्त

पीटीआई, नई दिल्ली: देश की अर्थव्यवस्था की बुनियाद कहे जाने वाले आठ प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर (कोर) सेक्टर्स में नवंबर के दौरान 1.8 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 5.8 प्रतिशत थी। अक्टूबर के महीने में इन सेक्टर्स की ग्रोथ गिरकर -0.1 प्रतिशत पर पहुंच गई थी।


किसान कल्याण मिशन

## हरे-भरे खेत, खुशहाल किसान
## समृद्ध उत्तर प्रदेश, भरपूर खाद्यान्न

"देश की समृद्धि का रास्ता खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है।"
- चौधरी चरण सिंह



(23 दिसंबर, 1902 - 29 मई, 1987)

किसान कल्याण हेतु संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न

**चौधरी चरण सिंह जी**
**की 123वीं जयंती**
**(किसान सम्मान दिवस) पर**
**कोटि-कोटि नमन**

- योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत 25 कृषकों को ट्रैक्टर वितरण/हरी झंडी

प्रगतिशील महिला कृषक, कृषक उत्पादन संगठन/कृषि निर्यातक, औद्यानिक फसलों/संरक्षित खेती के प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार वितरण

पराली प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों, कृषि अवसंरचना निधि के लाभार्थियों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों का सम्मान

द्वारा

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश





गरिमामयी उपस्थिति

**सूर्य प्रताप शाही** — मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश
**स्वतंत्र देव सिंह** — मंत्री, जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण, उत्तर प्रदेश
**लक्ष्मी नारायण चौधरी** — मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, उत्तर प्रदेश
**धर्मपाल सिंह** — मंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, उत्तर प्रदेश
**जे. पी. एस. राठौर** — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता, उत्तर प्रदेश
**दिनेश प्रताप सिंह** — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश
**बलदेव सिंह औलख** — राज्य मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश
**कैप्टन (से.नि.) विकास गुप्ता** — अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद
**श्याम बिहारी गुप्ता** — अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य गो-सेवा आयोग

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 23 दिसंबर, 2025 | समय : प्रातः 9:30 बजे | स्थान : विधान भवन प्रांगण, लखनऊ

**कृषि एवं किसान कल्याण के लिए समर्पित**


• गन्ना किसानों को रिकॉर्ड ₹2.92 लाख करोड़ का भुगतान, मूल्य ₹315 से बढ़ाकर ₹400 प्रति कुंतल • 21,000 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशाला के माध्यम से उत्पादन वृद्धि के लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण • प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2.88 करोड़+ किसानों को ₹94,669 करोड़ हस्तांतरित • 976 कृषि सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण, 48.32 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित, 1.85 करोड़ कृषक लाभान्वित • निजी नलकूपों से सिंचाई करने वाले 15 लाख से अधिक किसानों को मुफ्त बिजली • गन्ना, चीनी, शीरा, खाद्यान्न, आम, आलू एवं दुग्ध उत्पादन में देश में अग्रणी • किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषक समृद्धि आयोग का गठन • ब्रांडिंग, मार्केटिंग और लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए 'वन ब्लॉक वन क्रॉप योजना' • बुंदेलखंड क्षेत्र में 23,500 हेक्टेयर भूमि पर गो-आधारित प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन

**काम दमदार-डबल इंजन सरकार**

कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश
राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS


## देश

### उत्तराखंड में वन पर कब्जा... SC बोला, सरकार मूकदर्शक



भाषा, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने वन भूमि पर अतिक्रमण के मामले में सोमवार को उत्तराखंड सरकार की कड़ी आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार और उसके अधिकारी 'मूकदर्शक' की तरह बैठे रहे और अदालत ने खुद मामले में संज्ञान लेते हुए केस दर्ज किया।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की अवकाशकालीन पीठ ने कहा, 'उत्तराखंड के मुख्य सचिव और प्रधान संरक्षण सचिव को एक तथ्य अन्वेषण समिति गठित करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है। निजी पक्षों को किसी भी प्रकार का तीसरा पक्ष बनाने से रोका जाता है और कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।' कोर्ट ने कहा कि आवासीय मकानों को छोड़कर खाली पड़ी जमीनों पर वन विभाग का कब्जा होगा। न्यायालय ने इस मामले पर अगली सुनवाई छुट्टियों के बाद तय की।

### गोडावण पक्षी को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिए सख्त निर्देश

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण के मकसद से कई अहम निर्देश जारी किए हैं। इसे गोडावण के नाम से भी जाना जाता है। शीर्ष अदालत ने राजस्थान में भविष्य की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं पर कुछ प्रतिबंधों को भी मंजूरी दी है।

ये निर्देश जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की दो जजों की पीठ ने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड और लेसर फ्लोरिकन के संरक्षण से संबंधित रिट याचिकाओं का निपटारा करते हुए राजस्थान और गुजरात के 14,753 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बड़े सोलर पार्कों, पवन ऊर्जा परियोजनाओं और हाईटेंशन ओवरहेड बिजली लाइनों पर रोक लगाई है, ताकि उनके प्राकृतिक आवास सुरक्षित रखा जा सके।

### महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री को राहत



पीटीआई, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री माणिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर सोमवार को रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि विधायक के रूप में उन्हें अयोग्य करार नहीं दिया जाएगा। मामला 1989-1992 में 30,000 रुपये की वार्षिक आय सीमा वाले आर्थिक रूप से EWS के लोगों के लिए एक आवासीय योजना से जुड़ा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने कोकाटे की याचिका पर महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया।

### सोनिया, राहुल से HC ने मांगा जवाब



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य से ईडी की उस याचिका पर जवाब देने को कहा, जिसमें नैशनल हेरल्ड मामले में चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार करने वाले निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। जस्टिस रविंदर डुडेजा ने गांधी परिवार और अन्य लोगों को मुख्य याचिका के साथ ईडी के उस आवेदन पर भी नोटिस जारी किया, जिसमें 16 दिसंबर के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है।

### 'बाबरी मस्जिद' की नीव रखने वाले हुमायूं कबीर ने बनाई पार्टी



पश्चिम बंगाल के MLA हुमायूं (बाएं)

पीटीआई, बेलडांगा (बंगाल पश्चिम): मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद जैसी मस्जिद की आधारशिला रखने पर तृणमूल कांग्रेस (TMC) निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को जनता उन्नयन पार्टी नामक से पार्टी का गठन किया। कबीर ने 8 उम्मीदवारों के नाम बताए जिन्हें उनकी नई पार्टी राज्य में 2026 के विधानसभा चुनावों में उतारेगी। कबीर ने कहा कि उनका लक्ष्य विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सत्ता से बेदखल करना है।

### शरद के खिलाफ याचिका खारिज

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने लवासा हिल स्टेशन प्रोजेक्ट के लिए कथित तौर पर अवैध अनुमति दिए जाने के मामले में एनसीपी (SP) प्रमुख शरद पवार और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत के इस फैसले से पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले, उनके भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को राहत मिली है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 23-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 12-22-2025 23:03 Color:



मैं अपने खेल को इस तरह से ढालना पसंद करता हूं, जिससे मैं किसी भी स्थिति में अपनी प्रतिभा का उपयोग कर सकूं। इसलिए चाहे वह तीसरे नंबर पर बैटिंग हो या मध्यक्रम में खेलना हो, मैं सभी भूमिका निभाने के लिए तैयार हूं। - कूपर कोनोली, ऑलराउंडर, ऑस्ट्रेलिया



**675**

रन से हराया था इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 1928 में हुए ब्रिस्बेन टेस्ट में। यह टेस्ट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रेकॉर्ड है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड पर 1934 ओवल टेस्ट में 562 रन की जीत है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज के बीच तीसरे टेस्ट में किसे 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया?
A) टॉम लैथम B) जैकब डफी C) डेवोन कॉन्वे D) माइकल रे
2. भारत और श्रीलंका के बीच कुल कितने विमिंस टी20I मैच खेले गए हैं?
A) 21 B) 28 C) 29 D) 27

**कल के जवाब**
1. A) गुलवीर सिंह 2. B) 12

**लकी WINNER**



1. प्रभजोत सिंह, लखनऊ, यूपी
2. ज्योति स्वरूप गौड़, द्वारका, दिल्ली
3. बृज मोहन, फरीदाबाद, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/ गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### जाधव ने जीता गोल्ड
■ **भोपाल:** नेवी के किरण अंकुश जाधव ने 68वीं नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल पुरुष वर्ग का गोल्ड मेडल जीता। मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकैडमी में खेले गए फाइनल में जाधव ने 252.1 अंक जुटाए। ओलिंपियन अर्जुन बाबूता (251.4 अंक) ने सिल्वर, जबकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने (229.8 अंक) ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

### पिंकाथॉन में वर्ल्ड रेकॉर्ड
■ **मुंबई:** पिंकाथॉन के 10वें सत्र में रेकॉर्ड 5,300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें 115 दृष्टिबाधित प्रतिभागी शामिल रहीं। यह किसी दौड़ में दृष्टिबाधित महिलाओं की वर्ल्ड रेकॉर्ड भागीदारी है। तीन, पांच और 10 किमी दौड़ में सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने हिस्सा लिया। तीन किमी में पियुषा लोहार, पांच किमी में यामिनी ठाकरे और 10 किमी में पद्मा कराडे विजेता रहीं।

### पाइपर्स ने संभाला मोर्चा
■ **चेन्नै:** हीरो हॉकी इंडिया लीग सीजन-2 की तैयारियों के तहत दिल्ली एसजी पाइपर्स की मेंस टीम चेन्नै पहुंच गई है। तीन जनवरी 2026 से शुरू होने वाली लीग के लिए टीम ने अभ्यास तेज कर दिया है। पाइपर्स का फोकस तालमेल, अनुशासन बेहतर करना होगा।

### प्रणवी भी उतरेंगी
■ **कोलंबो:** मेंस गोल्फर्स के बीच खेलकर खिताब जीतने वाली प्रणवी उर्स कोलंबो में सीजन के अंतिम IGPL टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। उन्हें टूर्नामेंट में दिग्गज जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा जैसे प्लेयर्स की चुनौती मिलेगी।

गिल के अलावा अभिषेक और अर्शदीप भी करेंगे पंजाब का प्रतिनिधित्व

# 'सिलेक्शन शॉक' लगने के बाद शुभमान के सामने नई चुनौती

**विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट 25-26**

■ **एजेंसियां, चंडीगढ़:** भारतीय टेस्ट एवं वनडे टीम के कप्तान शुभमान गिल, दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 50 ओवर फॉर्मेट में खेले जाने वाले विजय हजारे ट्रॉफी-2025/26 के लिए पंजाब की टीम में शामिल किया गया। टूर्नामेंट 24 जनवरी से शुरू होगा। यह चयन बीसीसीआई के राष्ट्रीय वनडे चैंपियनशिप में अनिवार्य भागीदारी के निर्देश के अनुरूप है। गिल को टी20 वर्ल्ड कप के लिए बीते शनिवार को घोषित भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। अभिषेक और अर्शदीप नियमित रूप से भारत के लिए टी20 मैच खेलते हैं। अर्शदीप को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली वनडे सीरीज की टीम में शामिल किया जाता है तो वह और गिल विजय हजारे ट्रॉफी में शुरुआती दो तीन मैचों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। अभिषेक कुछ अधिक मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। पंजाब को ग्रुप-सी में प्रबल दावेदार मुंबई के साथ रखा गया है। टीम शुरुआती दो मैचों में महाराष्ट्र (24 दिसंबर) और छत्तीसगढ़ (26 दिसंबर) का सामना करेगी। मुंबई और पंजाब का मैच 8 जनवरी को होगा और उस समय तक रोहित और शुभमान दोनों ही अपनी-अपनी टीम के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

**सूर्य, शिवम खेलेंगे अंतिम 2 मैच:** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे मुंबई की टीम के लिए ग्रुप स्टेज के अंतिम दो मैचों में उपलब्ध रहेंगे। इन खिलाड़ियों ने मुंबई क्रिकेट असोसिएशन (एमसीए) को 6 और 8 जनवरी को होने वाले मुकाबलों के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में बताया है। वहीं, भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल टीम से 29 जनवरी को जुड़ सकते हैं। मुंबई 24 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम के खिलाफ अपना पहला लीग मैच खेलेगी। सूर्य और शिवम 6 जनवरी को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबला खेलेंगे। इसके बाद 8 जनवरी को भी दोनों खिलाड़ी पंजाब के विरुद्ध मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे।



शुभमान गिल (बाएं) के साथ अभिषेक शर्मा

**5** बार कर्नाटक और तमिलनाडु ने विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब जीता है। यह इस टूर्नामेंट की सबसे ज्यादा बार जीतने का संयुक्त रेकॉर्ड है

**7** प्लेयर इस टूर्नामेंट में एक पारी में 200+ रन बना चुके हैं। इनमें संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, एन जगदीशन, पृथ्वी साव, रुतुराज गायकवाड़, कर्ण वीर कौशल और समर्थ व्यास शामिल हैं

### चिन्नास्वामी में मैच की मंजूरी पर हुआ मंथन
**बेंगलुरु:** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में क्रिकेट मैच कराने की इजाजत देने की जाय के लिए एक समिति बनाई गई है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने अभी खाली स्टेडियम में विजय हजारे ट्रॉफी मैच कराने की इजाजत मांगी है। मंत्री ने स्टेडियम में क्रिकेट मैच कराने के संबंध में विधान सौधा में केएससीए के पदाधिकारियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस साल 4 जून को आरसीबी की आईपीएल में खिताबी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### बड़े सितारों के प्रदर्शन पर नजरें
**विजय हजारे** ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की तरफ से खेलने वाले कई बड़े सितारों को अपनी धमक बिखेरने का मौका होगा जिनमें भारतीय वनडे टीम के कप्तान शुभमान गिल भी हैं। इसके अलावा पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली भी हैं जो सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेलते हैं। विराट दिल्ली की टीम में हैं जिसमें पेसर हर्षित राणा और विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत भी शामिल किए गए हैं। जबकि कर्नाटक की टीम से केएल राहुल, प्रसिद्ध कृष्णा और देवदत्त पडिक्कल जैसे प्लेयर भी खेलेंगे। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या बड़ौदा की टीम में हैं।

**ईशान होंगे झारखंड के कप्तान:** टी20 वर्ल्ड कप-2026 की भारतीय टीम में एंट्री लेने वाले बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को इस टूर्नामेंट में झारखंड का कप्तान नियुक्त किया गया है। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। झारखंड की टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है। ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। ईशान इस पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में थे। हरियाणा के खिलाफ फाइनल में ईशान ने 101 रनों की पारी खेलकर टीम को खिताब दिलाया।

# ...तब रोहित को आया था संन्यास का खयाल



वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल के बाद मैं पूरी तरह निराश हो गया था। मुझे ऐसा लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है। मुझे इससे उबरने में थोड़ा समय लगा। - रोहित शर्मा

**9** लगातार मैच जीते थे भारत ने वर्ल्ड कप 2023 में, पर खिताबी मैच में हार गया था

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि 2023 में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार के बाद उन्होंने संन्यास लेने पर विचार किया था, क्योंकि उन्हें लगा कि 'इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है।' भारत ने घरेलू मैदान पर आयोजित इस वर्ल्ड कप में रोहित की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन किया था और लगातार नौ मैच जीत फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन खिताबी मैच में उसे पराजय का सामना करना पड़ा था।

रोहित ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल के बाद मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मुझे ऐसा लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा। मुझे इससे उबरने में समय लगा। मैं खुद को बार-बार याद दिलाता रहा कि यही वह चीज है जिससे मुझे वाकई प्यार है। यह चीज मेरे पास है और मैं इसे इतनी आसानी से नहीं छोड़ सकता। धीरे-धीरे मैं इससे उबर गया। मैंने अपनी खोई हुई ऊर्जा वापस हासिल की और फिर से मैदान पर सक्रिय हो गया।'

**सब कुछ झोंक दिया था:** रोहित ने कहा, 'उस हार से हर कोई निराश था और हमें यकीन नहीं हो रहा था कि क्या हुआ है। मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर यह बहुत मुश्किल समय था क्योंकि मैंने उस वर्ल्ड कप के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया था। वर्ल्ड कप से दो या तीन महीने पहले ही नहीं, बल्कि 2022 में कप्तानी संभालने के बाद से ही मैं उसके लिए तैयारी कर रहा था।' रोहित ने आगे कहा, 'जब आप किसी चीज को हासिल करने के लिए अपना सब कुछ झोंक देते हैं और फिर आपको मनचाहा परिणाम नहीं मिलता है तो यह एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया होती है। मेरे साथ भी ठीक यही हुआ। लेकिन मुझे यह भी पता था कि जीवन यहीं खत्म नहीं होता।'

### महिला क्रिकेटरों की फीस में इजाफा
■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** BCCI ने घरेलू क्रिकेट में समान वेतन व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों की मैच फीस दोगुनी से भी अधिक बढ़ा दी है। बोर्ड की शीर्ष परिषद ने मंजूरी

**BCCI का फैसला**

मिलने के बाद नई वेतन संरचना लागू होगी। संशोधित व्यवस्था के तहत सीनियर महिला घरेलू एकदिवसीय और बहुदिवसीय टूर्नामेंटों में प्लेइंग इलेवन की खिलाड़ी को प्रतिदिन 50,000 रुपये और रिजर्व खिलाड़ी को 25,000 रुपये मिलेंगे। नैशनल टी20 टूर्नामेंट में यह राशि क्रमशः 25,000 और 12,500 रुपये होगी। जूनियर वर्ग (अंडर-23 और अंडर-19) की खिलाड़ियों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है।

# डफी का 'पंजा' सीरीज न्यूजीलैंड के नाम



**न्यूजीलैंड Vs वेस्टइंडीज**
**तीसरा टेस्ट, पांचवा दिन**

■ **एजेंसियां, माउंट माउंगानुई:** तेज गेंदबाज जैकब डफी (5/42) की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे और अंतिम टेस्ट में वेस्टइंडीज को 323 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। पांचवें और अंतिम दिन वेस्टइंडीज की पूरी टीम 462 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 138 रन पर सिमट गई।

**किंग के बल्ले से आई फिफ्टी:** वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 43 रन से की थी, लेकिन उसके बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके। केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। ब्रेंडन किंग ने सर्वाधिक 67 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया। न्यूजीलैंड की ओर से डफी ने 42 रन देकर पांच विकेट झटके। वहीं, बाएं हाथ के स्पिनर एजाज पटेल ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र को भी एक-एक सफलता मिली।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की थी। जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर 306 रन पर पारी घोषित की, जिसमें कप्तान टॉम लैथम और 'प्लेयर ऑफ द मैच' डेवोन कॉन्वे के शतकों ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

मुझे लगता है कि जब आप इतने ज्यादा ओवर फेंकते हैं तो आखिरकार विकेट मिल ही जाते हैं। ये बस सरल क्रिकेट खेलने की बात है। अब आराम का अच्छा समय है, कुछ समय तक गेंदबाजी न करने का इंतजार है। - जैकब डफी

**न्यूजीलैंड के लिए साल में सर्वाधिक इंटरनैशनल विकेट**

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| जैकब डफी (2025) | 81 |
| रिचर्ड हैडली (1985) | 79 |
| डेनियल वेटोरी | 76 |
| ट्रेंट बोल्ट (2015) | 72 |
| ट्रेंट बोल्ट (2017) | 69 |

**ब्रीफ स्कोर**
न्यूजीलैंड (पहली पारी): 575/8
वेस्टइंडीज (पहली पारी): 420
न्यूजीलैंड (दूसरी पारी): 306/2
वेस्टइंडीज (दूसरी पारी): 80.3 ओवर्स में 138 पर ऑल आउट (ब्रेंडन किंग 67, तेजिन चंद्रपॉल 15, जैकब डफी 5/42, एजाज पटेल 3/23)

### महान हैडली से आगे निकले जैकब
जैकब डफी के लिए यह मैच और सीरीज यादगार रही। उन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में 81 इंटरनैशनल विकेट लेकर महान रिचर्ड हैडली के न्यूजीलैंड की तरफ से बनाए गए रेकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सीरीज में उन्होंने 15.4 के शानदार औसत से कुल 23 विकेट झटके और तीन बार पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। डफी को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। उन्होंने कहा, 'दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए बेहद खास है।' डफी ने साल 2025 में टेस्ट में कुल 25 विकेट लिए। उन्होंने वनडे में 21 विकेट और टी20I में 35 विकेट अपने नाम किए।

# बढ़त मजबूत करने के इरादे से उतरेगा भारत

**भारत Vs श्रीलंका**
**विमिंस टी20I सीरीज, दूसरा मैच**

■ **एजेंसियां, विशाखापत्तनम:** पहले मैच में शानदार जीत से उत्साहित भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 इंटरनैशनल मुकाबले में एक और बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। टीम का लक्ष्य सीरीज में बढ़त मजबूत करने के साथ-साथ फील्डिंग की कमजोरियों को दूर करना भी होगा।

**फील्डिंग से नाराज थीं कप्तान:** वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद भारत ने पहले टी20 में बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संतुलित प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को आठ विकेट से हराया था। गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को 6 विकेट पर 121 रन पर रोक दिया, लेकिन फील्डिंग में कुछ आसान मौके गंवाने से कप्तान हरमनप्रीत कौर संतुष्ट नजर नहीं आईं।

**शेफाली पर नजरें:** कागजों पर भारतीय टीम श्रीलंका के मुकाबले कहीं अधिक मजबूत दिखती है। जेमिमा रोड्रिग्स ने वर्ल्ड कप की शानदार फॉर्म को पहले मैच में भी बरकरार रखा और मध्यक्रम को मजबूती दी शेफाली वर्मा के लिए यह सीरीज खास मानी जा रही है। आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जानी जाने वाली शेफाली इस फॉर्मेट में निरंतरता हासिल करने की कोशिश करेंगी। भारतीय टीम यदि फील्डिंग में सुधार लाने में सफल रहती है तो श्रीलंका के लिए वापसी बेहद मुश्किल हो सकती है।



पहले मैच में 69* रन बनाए थे जेमिमा ने

**आमना-सामना**
कुल मैच 27

| भारत | श्रीलंका | नो रिजल्ट |
|---|---|---|
| 21 | 5 | 1 |


**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार

**संभावित प्लेइंग XI**
**भारत:** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, अरुंधती रेड्डी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, श्री चरणी
**श्रीलंका:** विशमी गुणरत्ने, चमारी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा, निलाक्षी डी सिल्वा, कौशानी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), काविशा दिलहरी, मल्की मदारा, इनोका रणवीरा, काव्या काविंदी, शशिनी गिमहानी

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में खेल सकते हैं जाय

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 26 दिसंबर से बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच की शुरुआत होगी। ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन कंधे की सर्जरी से उबर चुके हैं। ऐसे में उन्हें एशेज सीरीज के इस चौथे मुकाबले की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है। जनवरी में सर्जरी के बाद रिचर्डसन पिछले महीने अपने क्लब, फ्रेमेंटल के साथ क्रिकेट में लौटे। आशंका है कि ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस बाकी सीरीज से बाहर रह सकते हैं। इसके अलावा अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन भी हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। जिसके बाद 141 मैच खेलने वाले लियोन की जगह टॉड मर्फी को टीम में शामिल किए जाने की प्रबल संभावना है।

**क्रिकेट कनेक्ट**



ऑस्ट्रेलिया के पेसर जाय रिचर्डसन

### कृष्णप्पा ने लिया संन्यास
**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के जरिए अपनी पहचान बनाने वाले कर्नाटक के ऑलराउंडर कृष्णप्पा गौतम ने प्रफेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया है। इस सैंतीस वर्षीय क्रिकेटर ने अपने आईपीएल करियर में 36 मैच खेले हैं जिसमें 38.47 के औसत से 21 विकेट हासिल किए। अपने 14 साल लंबे करियर के दौरान गौतम ने राजस्थान रॉयल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व किया। लीग में उन्होंने आखिरी मैच मई 2024 में खेला। उन्होंने भारत की तरफ से इकलौता मुकाबला 23 जुलाई 2021 को श्रीलंका के खिलाफ खेला था।

### सूजी रहेंगी मैदान से दूर
**नई दिल्ली:** न्यूजीलैंड विमिंस टीम की बैटर सूजी बेट्स मार्च तक घरेलू समर सीजन से बाहर हो गई हैं। बेट्स को क्वाड्रिसेप्स में चोट लगी है। वह बीते महीने हैमिल्टन जॉनस्टोन शील्ड मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चोटिल हुई थीं। स्कैन के बाद सूजी बेट्स की चोट की गंभीरता का पता चला। उन्हें इससे उबरने के लिए 3 महीने के रिहैबिलिटेशन की जरूरत होगी।

# बार्सिलोना की जीत, चमके राफिन्हा-यमाल

■ **एजेंसियां, मैड्रिड:** राफिन्हा और युवा स्टार लमिन यमाल के गोलों से बार्सिलोना ने विलारियल को 2-0 से हराकर स्पैनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर चार अंकों की बढ़त बना ली है।

**पहला गोल 12वें मिनट में आया:** मैच की शुरुआत से ही बार्सिलोना ने आक्रामक रुख अपनाया। 12वें मिनट में राफिन्हा ने पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। यह इस सीजन में उनका सातवां लीग गोल रहा। दूसरे हाफ में 63वें मिनट में 18 वर्षीय यमाल ने शानदार फिनिश के साथ दूसरा गोल दागा, जो उनका भी इस सीजन का सातवां गोल था। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार सातवीं जीत दर्ज की।

**फुटबॉल कॉर्नर**



गोल का जश्न मनाते यमाल

### विला की दसवीं विजय, यूनाइटेड को झटका
**मैनचेस्टर:** मॉर्गन रोजर्स के शानदार दो गोल की बदौलत एस्टन विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में खिताब की दौड़ में अपनी दावेदारी मजबूत रखी। यह विला की सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10वीं जीत रही। प्रीमियर लीग में यह विला की लगातार सातवीं जीत है, जिससे टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। रोजर्स ने पहला गोल हाफ टाइम से ठीक पहले 45वें मिनट में किया, जिससे विला को मनोवैज्ञानिक बढ़त मिली।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन विशेष परेशानियां सामने खड़ी हैं। कहवाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। तृतीय भाव में बृहस्पति होने के कारण संतान पक्ष से आज उनके समाचार मिल सकता है। कार्यस्थल में कोई रुका काम बनने की संभावना है।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि के समय कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
राशि स्वामी के अष्टम भाव में होने के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। कार्यस्थल में कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात्रि में मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होंगे।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
चंद्रमा सप्तम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान की ओर से दी गई मांग को पूरा करने का अवसर मिलेगा। यात्रा की स्थिति सुखद रहेगी। आज के दिन की गई यात्रा लाभदायक रहेगी और इस दौरान कोई नई जानकारी भी मिलेगी। रात्रि में प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व सुसमाचार मिलेगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आज आपकी अमानत के नए रहीम बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ हो सकती है। ऐसे में अपने स्वास्थ्य का खयाल रखें। शत्रुओं का मनोबल गिरेगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज का दिन शुभ है। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च व कीर्ति की वृद्धि होने से मन में हर्ष होगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यकौशल की भी प्रशंसा होगी। विरोधियों का पराभव होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
कुछ दिनों से आपको सेहत संबंधी कष्ट हो रहे हैं। बेहतर होगा आज किसी अच्छे डॉक्टर से अपने स्वास्थ्य को लेकर सलाह-मशविरा करें और उसके बाद ही बाकी के कामों में जुटें। आज आपको धन लाभ भी होगा, लेकिन खर्चे भी बढ़ जाने से स्थिति में कोई खास परिवर्तन नहीं आएगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन व सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। व्यवसाय के समय किसी झगड़े-विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बन रहेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। आज के दिन निवेश के मामलों में कोई भी फैसला लेने से पहले एक बार घर के किसी सदस्य से जरूर चर्चा कर लें। कोई निमित्त समाचार सुनकर अचानक किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। झगड़े-विवाद से भी बचें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिनों से चला आ रहा मतिरोध समाप्त हो जाएगा। भाइयों और सालों से आज लेन-देन न करें, संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक यात्रा और पुण्य कार्यों पर आज के दिन खर्च हो सकता है। कुसंगति या चतुर्थ योग मूल्यवान वस्तुएं चोरी करा सकता है, सावधान रहें।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं
यह वर्ष मंगल, बुध, चंद्र के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। दिसंबर शेष में आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े लोगों को बारंबार समस्याओं से जूझना पड़ेगा। 24 जनवरी से 28 फरवरी तक अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। गत वर्ष के सभी बचे हुए प्रसंग उभरकर सामने आएंगे। मार्च में आर्थिक कष्ट उपस्थित कर सकते हैं। अप्रैल महीने से लेकर मई महीने तक में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा, तो वहीं जून के महीने में अपने कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के कार्य सरल हो जाएंगे। इस दौरान आप उत्साह से भरे रहेंगे और नए-नए विचार भी आपके दिमाग में आएंगे। इस वर्ष के उत्तरार्ध जुलाई महीने की शुरुआत से लेकर अगस्त महीने के अंत तक आपका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा और सब लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। सितंबर से लेकर अक्टूबर महीने तक में यदि कष्ट मिला हो तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना मुख देख लें और कटोरी को तेल सहित डाकोत को दान कर दें। इस तरह नवंबर तक पांच शनिवार करें इससे घर में सुख शांति बनी रहेगी। विद्यार्थियों के लिए वर्ष उत्तम है। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बुधवार, 24 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 3, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, चतुर्थी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 10, रजब 3, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 24 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। चतुर्थी तिथि दिन के 1 बजकर 11 मिनट तक उपरांत पंचमी तिथि का आरंभ। धनिष्ठा नक्षत्र अगले दिन सूर्योदय तक। हर्षण योग सायं 4 बजकर 2 मिनट तक उपरांत वज्र योग का आरंभ। विष्टि करण पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट तक उपरांत बालव करण का आरंभ। चंद्रमा सायं 7 बजकर 46 मिनट तक मकर उपरांत कुंभ राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-अंगारकी चतुर्थी।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 3 | | 1 | | |
| 7 | | | | | 2 | | 8 | |
| | | 9 | 5 | | 4 | | 6 | |
| | | | | | 8 | 2 | | 7 |
| | | | | 9 | | | | |
| 6 | | 1 | 4 | | | | | |
| | 8 | | 2 | | 5 | 6 | | |
| | 6 | | 9 | | | | | 5 |
| | | 7 | | 1 | | | | 3 |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बद्दुल बुद्धबक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 राष्ट्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 18:30 राष्ट्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 चैंपियन |
| 13:30 भ से भदे | |

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 23-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: rishi.yadav Time: 12-22-2025 23:52 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### जब हुआ पहला सफल किडनी ट्रांसप्लांट

23 दिसंबर 1954 को बोस्टन में डॉ. जोसेफ ई. मरे ने दुनिया का पहला सफल किडनी ट्रांसप्लांट किया। मरीज को उसके जुड़वा भाई ने किडनी दी थी। समान डीएनए होने की वजह से शरीर ने ऑर्गन को स्वीकार कर लिया। इस ऐतिहासिक कामयाबी के लिए डॉ. मरे को 1990 में नोबेल पुरस्कार मिला। इसी घटना ने अंगदान के जरिए लाखों लोगों को नया जीवन देने का रास्ता खोला।

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)।


NBT

Front Page-2

मंगलवार, 23 दिसंबर 2025 > पेज 12

### भविष्य में रोबॉट सर्जरी में मदद करेंगे

ChatGPT के अनुसार, भारत में किडनी ट्रांसप्लांट का भविष्य उम्मीद भरा है। अस्पताल रोबॉट असिस्टेड सर्जरी जैसी एडवांस तकनीक इस्तेमाल करेंगे। इससे ऑपरेशन और रिकवरी दोनों बेहतर होंगी। सरकारें ऑनलाइन डोनर पोर्टल और जागरूकता बढ़ाकर अधिक अंगदान को प्रोत्साहित करेंगी ताकि डोनरों की कमी कम हो सके। रिसर्च में ब्लड-टाइप बदलने वाली यूनिवर्सल किडनी जैसी नई खोजें भी आएंगी, जो डोनर मैचिंग को आसान कर सकती हैं।




AI Image

## फटाफट खबरें

### मुनीर को सऊदी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

■ भाषा, इस्लामाबाद: पाकिस्तान के 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' फील्ड



मार्शल सैयद आसिम मुनीर को सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज मेडल ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है।

### मारपीट के आरोपित पायलट पर FIR

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस ने एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक ऑफ-ड्यूटी पायलट वीरेंद्र सेजवाल के यात्री से मारपीट के मामले में FIR दर्ज की है। यह ऐक्शन यात्री अंकित दीवान की ई-मेल पर शिकायत के बाद लिया गया।

### पंजाब: पूर्व IPS ने खुद को गोली मारी

■ भाषा, पटियाला: पूर्व IPS अधिकारी और 2015 में बहबल कलां और कोटकपुरा में हुई गोलीबारी के आरोपितों में से एक अमर सिंह चहल ने सोमवार को यहां खुद को गोली मार ली। उनकी हालत गंभीर है। यह स्पष्ट नहीं है कि चहल ने किन हालात में खुद को गोली मारी।

### उत्तराखंड: स्कूल से बच्चा उठा ले गए भालू

■ NBT रिपोर्ट, चमोली: उत्तराखंड में चमोली के पोखरी स्थित जूनियर हाई स्कूल हरिशंकर में सोमवार को 2 भालू घुस गए। बच्चों ने क्लास के गेट बंद कर दिए। इसके बावजूद भालू स्कूल में से कक्षा छह के छात्र आरव को उठा ले गए। शोरगुल से घबराकर भालू छात्र को झाड़ी में छोड़कर भाग गए।

### स्लीपर बसों की जांच का बनाना होगा विडियो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: स्लीपर बसों के फिटनेस की जांच करते वक्त संबंधित आरटीओ को 7 से 8 सिक्योरिटी फीचर चेक करते हुए विडियो बनाना होगा। इसके बाद अगर कोई हादसा हुआ और उसकी जांच में सुरक्षा में कमियां मिलीं तो आरटीओ के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# हसीना विरोधी एक और नेता पर हमला

## बांग्लादेश में 2024 के हिंसक आंदोलन के दूसरे नेता बने निशाना

## सिर में गोली मारी गई, रैली की कर रहे थे तैयारी, हादी के बाद दूसरी घटना

■ पीटीआई, ढाका


बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी शहर खुलना में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने 2024 के हिंसक आंदोलन के दूसरे नेता मोतालेब सिकदर को सिर में गोली मार दी। यह हमला प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के कुछ दिनों बाद हुआ।

नैशनल सिटिजन पार्टी (NCP) की संयुक्त प्रधान समन्वयक महमूदा मितु ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, पार्टी के खुलना डिविजन के प्रमुख और पार्टी के कार्यकर्ता मोर्चे के केंद्रीय समन्वयक मोहम्मद मोतालेब सिकदर को कुछ मिनट पहले गोली मार दी गई। उन्हें सिकदर को गंभीर हालत में खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।' न्यूज पेपर 'कालेर कंठ' ने अस्पताल के सूत्रों के हवाले से बताया कि सिकदर के सिर में बाईं ओर गोली मारी गई।

> पुलिस ने कहा, अपराधियों और उनके मकसद के बारे में कुछ पता नहीं

सोमवार को खुलना शहर के सोनाडांगा इलाके में सिकदर पर हुए हमले के बाद पुलिस ने कहा कि वे अभी तक हमले के अपराधियों या मकसद के बारे में अनजान हैं, लेकिन उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। सुरक्षा बलों को घटनास्थल और अस्पताल दोनों जगह तैनात किया गया है। यह हमला हादी की हत्या के कुछ दिनों बाद हुआ है। हादी पिछले साल हुए छात्र विरोध प्रदर्शनों के एक प्रमुख नेता थे। 12 दिसंबर को ढाका में चुनावी अभियान के दौरान बंदूकधारियों ने गोली मार दी थी। उनकी गुरुवार को जान चली गई थी।

AFP





सिकदर

कोलकाता में सोमवार को बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमिशन ऑफिस के बाहर BJP ने विरोध प्रदर्शन किया।

### कौन हैं मोतालेब सिकदर?

**Q किस पार्टी से जुड़े हैं मोतालेब सिकदर?**
मोहम्मद मोतालेब सिकदर, जिन्हें मोतालेब सिकदर भी कहा जाता है, बांग्लादेश की नैशनल सिटिजन पार्टी (NCP) के खुलना डिविजन के प्रमुख हैं।

**Q कैसे बनाया गया निशाना?**
द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, सिकदर खुलना के सोनाडांगा के शेखपारा पल्ली के निवासी हैं। शहर में सुबह 11:45 बजे बदमाशों ने सिकदर के सिर को निशाना बनाकर गोलीबारी की। घटना के समय वे खुलना में होने वाली एक डिविजनल मजदूर रैली की तैयारी कर रहे थे।

**Q बांग्लादेश के हिंसक आंदोलन से किस तरह जुड़े थे?**
रिपोर्ट के अनुसार, 42 साल के सिकदर बांग्लादेश के 2024 के छात्रों की अगुआई वाले हिंसक आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। सिकदर पर हमला प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के कुछ दिनों बाद हुआ। बांग्लादेश आंदोलन के बाद तत्कालीन पीएम शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा था।

**Q NCP की शुरुआत कब हुई?**
NCP का गठन इस साल की शुरुआत में स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन और जातीय नागरिक समिति ने मिलकर किया था।

### 'आरोपी के ठिकाने की जानकारी नहीं'

बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि इंकलाब मंच के प्रवक्ता उस्मान हादी की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों के मौजूदा ठिकाने के बारे में सटीक जानकारी नहीं है।

### हादी के हत्यारों को जल्द पकड़ें: यूनुस

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उस्मान हादी की हत्या में शामिल लोगों और गैर-कानूनी कामों में शामिल दूसरे लोगों को जल्द गिरफ्तार करने का आदेश दिया है।

## मिलिए 2025 की मिस डीवा से



मिस डीवा फैशन डिजाइनर 2025 ऐश्वर्या वी, मिस डीवा सुप्रानैशनल 2025 अवनी गुप्ता, मिस डीवा कॉस्मो 2025 अवनी काकेकोचि और मिस डीवा कंटेंट क्रिएटर 2025 मोनिका डी'सूजा (बाएं से दाएं)।

मुंबई में आयोजित समारोह में लीवा द्वारा प्रस्तुत मिस डीवा 2025 के फिनाले में दिल्ली की अवनी गुप्ता ने मिस डीवा सुप्रानैशनल 2025 का ताज अपने नाम किया। बेंगलुरु की अवनी काकेकोचि ने मिस डीवा कॉस्मो 2025 का खिताब जीता। चेन्नै की ऐश्वर्या वी को मिस डीवा फैशन डिजाइनर 2025 और मुंबई की मोनिका डिसूजा को मिस डीवा कॉन्टेंट क्रिएटर 2025 का खिताब दिया गया।

## कार बम धमाके में रूसी जनरल की जान गई



■ पीटीआई, मॉस्को: रूस की राजधानी मॉस्को के दक्षिणी हिस्से में सोमवार सुबह कार ब्लास्ट में एक रूसी जनरल की मौत हो गई। जांचकर्ताओं ने कहा कि इस हमले के पीछे यूक्रेन का हाथ हो सकता है। एक साल में टॉप सैन्य अफसर की हत्या का यह तीसरा मामला है। लेफ्टिनेंट जनरल फैनिल सरवारोव रूसी सेना के ऑपरेशनल ट्रेनिंग विभाग के चीफ थे।

**यूक्रेन में कैद है गुजराती:** गुजरात के मोरबी कस्बे के 22 वर्षीय युवक को रूसी सेना के लिए लड़ते हुए यूक्रेन की सेना ने पकड़ लिया है। उसने परिवार को विडियो संदेश भेजकर रिहाई में मदद मांगी है। साहिल मोहम्मद हुसैन माजोठी नामक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रिहाई में मदद का आग्रह किया ताकि वह घर लौटकर परिवार से मिल सके। माजोठी का दावा है कि उन्हें रूसी सेना में शामिल होने के लिए धोखा दिया गया था। यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान रूसी सेना में भर्ती हुए 50 भारतीय अब भी वहां फंसे हुए हैं।

## सबसे बड़ा सैटलाइट ISRO करेगा लॉन्च

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ISRO एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। वह अपने भारी-भरकम रॉकेट लॉन्च वीकल मार्क 3 (LVM3) के जरिए अमेरिका की कंपनी एएसटी स्पेस मोबाइल का दुनिया का सबसे बड़ा कमर्शल कम्युनिकेशन सैटलाइट ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 बुधवार को लॉन्च करेगा। यह ISRO के LVM3 रॉकेट की छठी सफल ऑपरेशनल उड़ान होगी। खास बात यह है कि यह सैटलाइट लो अर्थ ऑर्बिट में भेजा जाएगा और अब तक का सबसे भारी कमर्शल पेलोड होगा, जिसे LVM3 भारतीय धरती से लॉन्च करेगा।

ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 सैटलाइट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह सीधे मोबाइल फोन तक इंटरनेट और कॉलिंग सुविधा पहुंचाने के लिए बनाया गया है। इस सैटलाइट में 223 वर्ग मीटर का विशाल फेज्ड ऐरे एंटीना लगा है, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा कमर्शल कम्युनिकेशन सैटलाइट बनाता है। इसका मकसद 24 घंटे, 7 दिन हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड सेवा देना है। यह हिमालय जैसे दुर्गम क्षेत्र, महासागरों के बीच के हिस्से में कनेक्टिविटी देगा।

### खासियत...

**223** वर्ग मीटर का विशाल फेज्ड ऐरे एंटीना लगा है सैटलाइट में

**24** x7 हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड सेवा देना है मकसद


अमेरिकी कंपनी का यह सैटलाइट बिना टावर वाले इलाकों में भी इंटरनेट कनेक्टिविटी देगा



## पाकिस्तान LoC के पास तैनात कर रहा ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम

Poonam.Pandey@timesofindia.com

AI image



■ नई दिल्ली: ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान लगातार ड्रोन डिटेक्शन और जैमिंग सिस्टम तैनात कर रहा है। इंटेलिजेंस सूत्रों के मुताबिक लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) के पास पाकिस्तान ने ड्रोन डिटेक्शन और जैमिंग की 35 यूनिट तैनात की हैं। ये पाकिस्तान की 8 ब्रिगेड के तहत आती हैं।

> ऑपरेशन सिंदूर के बाद से हथियारों की खरीद में भी तेजी

सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान ने रावलाकोट, कोटली, भिंबर सहित एलओसी के दूसरी तरफ ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम तैनात किए हैं। भारतीय सेना जिस तरह अपने बेड़े में अलग अलग तरह के ड्रोन शामिल कर रही है, उससे पाकिस्तान को डर सता रहा है। इसलिए पाकिस्तानी सेना अभी एंटी ड्रोन सिस्टम पर फोकस कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान इसमें तेजी लाया है। भारतीय सेना में भी पिछले कुछ वक्त में कामिकाजी ड्रोन की संख्या बढ़ी है। सेना की हर इंफ्रेंट्री बटालियन में ड्रोन प्लाटून बनाई गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान जहां अपने ध्वस्त इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करने में जुटा है वहीं हथियारों की खरीद भी बढ़ी है। इंटेलिजेंस सूत्रों के मुताबिक पिछले 2-3 महीनों में पाकिस्तान ने चीन और टर्की से हथियारों की कई डील पर बातचीत की है। साथ ही अलग अलग तरह के हथियार बनाने के लिए समझौता भी किया है। पाकिस्तान कमांड और कंट्रोल वीइकल ले रहा है। साथ ही 300 फतह-1 रॉकेट की डील भी की है।

### टैंक भी बदल रहा पाक

पाकिस्तान अपने पुराने टैंकों को भी बदल रहा है। पाकिस्तान ने इसके लिए चीन से नए टैंक VT-4 खरीद रहा है। ये चीन के मेन बैटल टैंक हैं। पाकिस्तान ने चीन से 360 मेन बैटल टैंक VT-4 खरीदने की डील की है जिसमें से कुछ टैंक पाकिस्तान को मिल चुके हैं। इसी टैंक के एक वैरिएंट को लाइसेंस लेकर पाकिस्तान में ही बनाया जा रहा है। इस तरह चीन से मिलने वाले और पाकिस्तान में बनने वाले टैंकों की संख्या 600 हो जाएगी।

## यूपी पर्यटन विभाग के होटल में क्रिसमस कार्यक्रम विरोध पर रद्द

■ NBT रिपोर्ट, हरिद्वार: हरिद्वार में गंगा किनारे उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के होटल भागीरथी में होने वाला क्रिसमस कार्यक्रम विरोध के बाद रद्द कर दिया गया। गंगा सभा हरिद्वार के सचिव और तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित के हिंदू विरोधी आयोजन बताने के बाद विवाद शुरू हुआ था। 24 दिसंबर को क्रिसमस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था।



**केरल के स्कूलों में रोके गए कार्यक्रम:** केरल में कुछ निजी स्कूलों की ओर से क्रिसमस समारोह रोके जाने की खबरों के बाद राज्य में सियासी विवाद खड़ा हो गया है। केरल के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सरकार स्कूलों को सांप्रदायिक प्रयोगशाला नहीं बनने देगी। वहीं, आरएसएस से जुड़े एक पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी संस्थान की ओर से बच्चों को त्योहार मनाने से रोकना अविश्वसनीय है। हिंदू प्रबंधन वाले स्कूल ने भी स्पष्ट किया कि क्रिसमस पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

## पढ़ाई के मानक तय होंगे, नए कोर्स मिलेंगे

### उच्च शिक्षा आयोग बनने के बाद शिक्षण संस्थानों की बदलेगी तस्वीर

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

AI Image



■ नई दिल्ली: उच्च शिक्षा आयोग यानी विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बन जाने के बाद देश के टीचिंग संस्थानों में सुधारों की प्रक्रिया में तेजी आ जाएगी। छात्रों को टीचिंग संस्थानों में ही नए कोर्सेज का विकल्प भी मिलेगा। यह दावा नैशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (NCTE) के चेयरमैन प्रो. पंकज अरोड़ा ने NBT से खास बातचीत में किया।

NBT EXCLUSIVE

प्रो. अरोड़ा कहा कि वर्तमान में NCTE के पास अभी टीचिंग संस्थानों का थर्ड पार्टी ऑडिट करवाने, वित्तीय जुर्माना और चरणबद्ध कार्रवाई का अधिकार नहीं है। आयोग बन जाने के बाद हर टीचिंग संस्थान के स्तर की जांच के लिए एक प्रक्रिया होगी। वहीं, हर कार्यक्रम और कोर्स में पढ़ाई का एक मिनिमम स्टैंडर्ड तय होगा। थर्ड पार्टी ऑडिट शुरू होने के साथ-साथ नियमों के खिलाफ जाकर काम करने वाले संस्थानों पर कार्रवाई भी की जा सकेगी। छात्रों को टीचिंग संस्थानों में ही नए कोर्सेज का विकल्प भी मिलेगा। उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने की दिशा में यह प्रयास कारगर साबित हो सकता है।

प्रो. अरोड़ा ने कहा कि टीचिंग संस्थानों में अब टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के साथ-साथ बीए, बीकॉम, बीएससी समेत सिकल एजुकेशन के दूसरे कोर्सेज भी शुरू किए जा सकेंगे। नए कोर्सेज के लिए मंजूरी के लिए अलग-अलग जगह आवेदन नहीं करना होगा। एक ही जगह आवेदन करने का सिस्टम लागू हो जाएगा। अभी एनसीटीई संस्थानों को मान्यता देता है, अकैडमिक स्टैंडर्ड को देखता है, इसके अलावा भी रेगुलेशंस से जुड़े कई तरह के काम होते हैं लेकिन आयोग बन जाने के बाद एनईपी 2020 के अनुरूप टीचिंग के लिए जो प्रफेशनल स्टैंडर्ड सेटिंग बॉडी यानी PSSB होगी, उसका काम कोर्स तैयार करना, टीचिंग के नियमों और एलिजिबिलिटी तय करना और अकैडमिक स्टैंडर्ड को देखना होगा, इससे टीचिंग की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दिया जा सकेगा।



> आयोग बनने के बाद हर टीचिंग संस्थान के स्तर की जांच के लिए एक प्रक्रिया होगी। पढ़ाई का एक मिनिमम स्टैंडर्ड तय होगा। थर्ड पार्टी ऑडिट शुरू होगा और कार्रवाई भी होगी। - प्रो. पंकज अरोड़ा, चेयरमैन, NCTE

### संस्थानों का थर्ड पार्टी असेसमेंट होगा

NCTE के मौजूदा रेगुलेशंस में थर्ड पार्टी ऑडिट करवाने व चरणबद्ध कार्रवाई का अधिकार नहीं है। प्रो. अरोड़ा का कहना है कि थर्ड पार्टी ऑडिट के लिए कोशिशें की गईं, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। आयोग बन जाने के बाद संस्थानों का थर्ड पार्टी असेसमेंट होगा। साथ ही अभी जो स्थिति है, उसमें अगर कोई संस्थान नियमों को नहीं मानता तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाती है। अब जुर्माने का भी प्रावधान हो जाएगा। जुर्माना लगाकर चेतावनी भी दी जा सकती है।

## गाड़ी से प्रदूषण का जुर्माना माफ न हो, SC जाएगी दिल्ली सरकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गाड़ियों के PUC (Pollution Under Control) सर्टिफिकेट न होने पर कटने वाले 10 हजार रुपये के चालान पर लोक अदालत में राहत न मिले, इसके लिए सरकार कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। CM रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को पर्यावरण और प्रदूषण को लेकर कैबिनेट मंत्रियों और अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। वहीं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्हें बिना किसी नोटिस के सील किया जाएगा।

## मरीज को डॉक्टर ने पीटा, विडियो वायरल

■ भाषा, शिमला: इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (IGMC) में सोमवार को एक डॉक्टर ने एक मरीज पर हमला किया, जिसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के विरोध में प्रदर्शन हुए। आरोपी डॉक्टर के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। पीड़ित मरीज ने डॉक्टर पर तू-तड़ाक से बात करने का आरोप लगाया वहीं डॉक्टर ने दावा किया कि मरीज ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. दुनिया का सबसे बड़ा कमर्शल कम्युनिकेशन सैटलाइट किस देश का है जिसे ISRO लॉन्च करेगा?
   A. अमेरिका B. जापान C. फ्रांस
2. किस देश के सेना प्रमुख को सऊदी अरब ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है?
   A. बांग्लादेश B. पाकिस्तान C. कुवैत
3. बांग्लादेश में मोतालेब सिकदर को गोली मारी गई है वह किस पार्टी के हैं?
   A. NCP B. BNP C. PPP
4. भारत ने इनमें से किस देश से फ्री ट्रेड अग्रीमेंट किया है?
   A. अमेरिका B. चीन C. न्यूजीलैंड
5. प. बंगाल में 'बाबरी' मस्जिद बनाने की शुरुआत करने वाले हुमायूं कबीर की पार्टी का नाम क्या है?
   A. TMC B. जनता उन्नयन पार्टी C. जनता पार्टी

### कल के जवाब

A1 C. विलाई कर्ता A2 B. चटगांव A3 C. 25 दिसंबर A4 B. 16 A5 B. डिब्रूगढ़

### लकी विनर्स



1. इमरान कुरैशी, नई दिल्ली
2. संदीप, सोनीपत, हरियाणा
3. जैना श्रीवास्तव, गाजियाबाद

### ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

**राष्ट्रपति से मंजूरी** Shanti बिल को राष्ट्रपति से भी मंजूरी मिल गई है, बिजली बनाने में कोयले की निर्भरता घटाने की तैयारी, सरकार का दावा, कानून भारत को साफ और आत्मनिर्भर ऊर्जा व्यवस्था की ओर ले जाएगा

# एटमी एनर्जी में प्राइवेट एंट्री, समय की मांग या सुरक्षा चिंता?

Hemwati.Rajaura1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: भारत की ऊर्जा नीति में बड़ा और दूरगामी बदलाव लाने वाला सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऐंड अडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (SHANTI) बिल संसद से पारित होने के बाद इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई। सरकार का दावा है कि यह कानून भारत को साफ, भरोसेमंद और आत्मनिर्भर ऊर्जा व्यवस्था की ओर ले जाएगा और 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने का रास्ता खोलेगा। फिलहाल देश की कुल परमाणु क्षमता से ऊर्जा बनाने की क्षमता 8.78 गीगावॉट है, जो कुल बिजली उत्पादन का करीब 3% ही है, जबकि 60% से अधिक बिजली आज भी कोयले से बनती है।

NBT Explainer

संसद में बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमने सुरक्षा, संरक्षा और नियमन से कोई समझौता नहीं किया है, बल्कि इन्हें और मजबूत किया है। परमाणु ऊर्जा सिर्फ बिजली तक सीमित नहीं है। कैंसर के इलाज, कृषि, उद्योग और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में परमाणु और रेडिएशन तकनीकों की भूमिका लगातार बढ़ रही है।


### सरकार बोली

**2047** तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करेगा देश

**8.78** ऊर्जा बनाने की क्षमता 8.78 गीगावॉट है, जो कुल बिजली उत्पादन का करीब 3% ही है

**25%** भारत के पास दुनिया के करीब 25% थोरियम भंडार है। सरकार का मानना है

AI image



### आयोग बन जाने के बाद संस्थानों का थर्ड पार्टी असेसमेंट होगा

**Q न्यूक्लियर एनर्जी में नया क्या हुआ?**
अब तक परमाणु ऊर्जा उत्पादन का अधिकार केवल केंद्र और उसकी कंपनियों तक सीमित था। SHANTI बिल पहली बार निजी भारतीय कंपनियों, जैसे अदाणी, L&T और टाटा पावर सरकार से लाइसेंस लेकर परमाणु संयंत्र चला सकेंगी। डेलॉयट इंडिया के पार्टनर अनुनेश द्विवेदी ने कहा, 2047 तक 100 गीगावॉट और बड़े सुधार जरूरी थे, जिन्हें यह नया कानून आसान बनाता है।

**Q सरकार के नियंत्रण में क्या?**
परमाणु सामग्री और रणनीतिक गतिविधियों पर सरकार का नियंत्रण पूरी तरह बरकरार रहेगा। यूरेनियम और थोरियम का खनन सिर्फ सरकारी या सरकारी नियंत्रण वाली कंपनियां ही करेंगी। खर्च हुआ परमाणु ईंधन तय अवधि तक ठंडा करने के बाद सरकार को सौंपना जरूरी होगा। यूरेनियम संवर्धन, खर्च हुए ईंधन की रीसाइक्लिंग और उच्च-स्तरीय एटॉमिक वेस्ट का मैनेजमेंट भी सरकार ही करेगी।

**Q हादसे पर किसकी जिम्मेदारी?**
हादसे में संयंत्र संचालक मुआवजे का जिम्मेदार होगा और प्रति घटना मुआवजे की सीमा 300 मिलियन स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (SDR) तय की गई है। इससे अधिक नुकसान होने पर केंद्र सरकार आगे आएगी और न्यूक्लियर लायबिलिटी फंड से भुगतान किया जाएगा। युद्ध, आतंकवाद या अत्यंत असाधारण प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में संचालक को छूट दी गई है।

**Q रेगुलेटरी बोर्ड की भूमिका क्या रहेगी?**
एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड एक स्पष्ट कानून के आधार पर काम करेगी। इसके तहत वह परमाणु और रेडिएशन से जुड़ी सुविधाओं का निरीक्षण कर सकता है, घटनाओं की जांच कर सकता है, पालन अनिवार्य निर्देश जारी कर सकता है और सुरक्षा मानकों पर खरे न उतरने वाली इकाइयों के संचालन को रद्द कर सकता है।

**Q विपक्ष का विरोध क्यों है?**
कांग्रेस नेता शशि थरूर ने निजी कंपनियों की एंट्री पर चिंता जताते हुए कहा है कि मुनाफे की सोच कहीं सुरक्षा मानकों को कमजोर न कर दे। सरकार ने कहा, कड़े नियम, लाइसेंस प्रणाली और सरकारी नियंत्रण किसी भी तरह के जोखिम को न्यूनतम रखेंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 23-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: cci Time: 12-23-2025 00:27 Color:



# कोई अपराधी नहीं बचेगा, वक्त पर बुलडोजर भी चलेगा : योगी

## कफ सिरप तस्करी रैकेट पर सपा के आरोपों का सीएम ने दिया जवाब, कहा- सपा ने आरोपितों को लाइसेंस दिया, हमने कार्रवाई की

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी व अवैध उपयोग में शामिल कोई भी अपराधी नहीं बचेगा। समय आने पर बुलडोजर भी चलेगा। लेकिन, तब सपा के लोग चिल्लाएंगे नहीं, क्योंकि अपराधियों के लिए फातिहा पढ़ने यही जाते हैं। इस बार ऐसी कार्रवाई होगी कि इसका भी मौका नहीं मिलेगा।

योगी सोमवार को विधानसभा में कोडीन कफ सिरप तस्करी मामले में सरकार पर लगाए गए सपा के आरोपों का जवाब दे रहे थे। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सरकार पर आरोपितों पर संरक्षण देने का आरोप लगाया। प्रश्नकाल में सपा विधायक अतुल प्रधान, कार्य स्थगन के औचित्य पर चर्चा के दौरान भी सपा विधायकों आरके वर्मा, रविदास मेहरोत्रा और लखी यादव ने आरोपितों को बचाने की तोहमत मढ़ी। योगी ने इन सभी आरोपों पर सिलसिलेवार जवाब दिया। हालांकि, प्रश्नकाल के दौरान सपा के सदस्य सीबीआई जांच की मांग करते हुए वॉकआउट कर गए।

### 'चोर की दाढ़ी में तिनका' जैसा हाल

योगी ने कहा कि सपा का हाल चोर की दाढ़ी में तिनका जैसा है। सपा ने अवैध गतिविधियों को बढ़ाने के लिए आरोपितों को लाइसेंस दिए, जबकि हमने उन पर कार्रवाई की। शुभम जायसवाल का पार्टनर अमित यादव सपा का पदाधिकारी है, जबकि, बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह की भी सपा मुखिया के साथ तस्वीर है, जिसमें वह उन्हें कुछ उपहार दे रहा है। आलोक पक्का सपाई है जिसे हमने बर्खास्त किया। सरकार एनडीपीएस ऐक्ट के तहत भी कार्रवाई कर रही है और कोर्ट ने भी सरकार के ऐक्शन को सही माना है।

### यूपी में एक भी मौत नहीं

योगी ने कहा कि यूपी में कफ सिरप का निर्माण नहीं होता। यहां पर इससे एक भी मौत नहीं हुई है। दूसरे राज्यों में भी जिस सिरप के पीने से मौत हुई है वह तमिलनाडु में बना था। अवैध उपयोग के मामले में अब तक हमने 79 मुकदमे दर्ज किए हैं, जिनमें 225 अभियुक्त नामजद हैं। 78 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। 134 फर्मों पर छापेमारी की कार्रवाई हुई है। एसआईटी गठित कर भी कार्यवाही आगे बढ़ाई जा रही है। योगी ने सदन में आरोपित फर्मों, कंपनियों एवं गिरफ्तार किए गए आरोपितों का भी पूरा ब्योरा रखा।

### देश में दो नमूने, एक यूपी-एक दिल्ली में

सीएम ने कांग्रेस और सपा के मुखिया का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि देश के अंदर दो नमूने बैठे हैं। एक दिल्ली में, एक लखनऊ में। जब देश में कोई चर्चा होती है तो ये तुरंत देश छोड़कर भाग जाते हैं। यही आपके बबुआ के साथ भी है। आप चिल्लाते रहेंगे और बबुआ सैर-सपाटे के लिए इंग्लैंड चले जाएंगे।



## राष्ट्रगीत को निशाना बनाने वाले राष्ट्रभाव को कमजोर कर रहे : योगी

वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर विधानसभा में हुई विशेष चर्चा, पक्ष-विपक्ष दोनों ने की हिस्सेदारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम ने विधानसभा में सोमवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर आयोजित विशेष चर्चा में कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् पर किया गया समझौता किसी धार्मिक भावना का सम्मान नहीं, बल्कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति का पहला और सबसे खतरनाक प्रयोग था, जिसने अलगाववाद को जन्म दिया। आज भी कुछ राजनीतिक शक्तियां उसी विभाजनकारी सोच को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही हैं। तब राष्ट्रगीत को निशाना बनाया गया था, अब राष्ट्र भाव को कमजोर करने की कोशिश हो रही है।

योगी ने राष्ट्रीय गीत की रचना और उसके गायन के इतिहास पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर की विफलता के बाद उपजी हताशा के दौर में वंदे मातरम् ने देश की सोई हुई आत्मा को जगाने का काम किया। इसका अर्थ केवल मातृभूमि को प्रणाम करना नहीं, बल्कि उसकी रक्षा, समृद्धि और गौरव का संकल्प लेना है। तुष्टीकरण की ऐतिहासिक भूलों से सीख लेकर ही श्रेष्ठ, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण संभव है।

### महज गीत नहीं भारत की आत्मा

सीएम ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना जब तक कांग्रेस में थे, तब तक वंदे मातरम् पर कोई विवाद नहीं था। कांग्रेस छोड़ते ही जिन्ना ने राष्ट्र गीत को मुस्लिम लीग की राजनीति का औजार बनाया और जानबूझकर इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। उसी के बाद पंडित नेहरू ने सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिख कर कहा कि यह मुद्दा मुसलमानों को आशंकित कर रहा है। इसी के बाद कांग्रेस ने वंदे मातरम् के कुछ अंश हटाने का निर्णय लिया, जिसे उस समय सद्भाव कहा गया, लेकिन वास्तव में यह राष्ट्र चेतना की बलि थी। वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है।

### नकली समाजवादियों का वंदे मातरम् से लेना-देना नहीं

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत और विकसित यूपी का मार्ग यही वंदे मातरम् है। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका समाजवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण में बदल गया है। इनकी सरकार में आतंकियों से मुकदमा वापस लेने की कोशिश की गई। हमारी सरकार ने उन्हें सजा दिलाई, यही वंदे मातरम् है।

### पूरे गीत का हुआ गायन

संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि इस गीत का विरोध पूजा को लेकर होता है। जबकि, पूरे गीत में पूजा जैसा कोई शब्द है ही नहीं। गीत में सम्मान की बात की गई है। अध्यक्ष से अनुरोध किया कि इस पूरे गीत पढ़ा जाए और उस पर भी चर्चा करवाई जाए। सदन में सोमवार की कार्यवाही खत्म होने से पहले सामूहिक रूप से पूरा वंदे मातरम् गीत गाया गया।

### बिल पेश हुए

#### केजीएमयू की कार्यपरिषद में एससी, ओबीसी सदस्य होंगे

विधानसभा में सोमवार को केजीएमयू संशोधन विधेयक रखा गया। इसमें प्रावधान किया गया है कि केजीएमयू की कार्यपरिषद में ओबीसी एवं एससी समुदाय का एक-एक प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से नामित किया जाएगा। यह विवि के सीनियर प्रफेसर में एक होगा जिसे रोटेशन के आधार पर कुलपति की राय से सरकार नामित करेगी।

#### 10 ऑर्डिनेंस के प्रतिस्थानी विधेयक रखे गए

सदन में सरकार ने 10 अध्यादेशों के प्रतिस्थानी विधेयक भी विचार के लिए रखे। ऑर्डिनेंस के जरिए इनके प्रावधान पहले से ही अमल में हैं। रखे गए विधेयकों में यूपी सुगम्य व्यापार विधेयक, यूपी दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान संशोधन विधेयक, यूपी ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक, यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक, यूपी निजी विवि तृतीय, चतुर्थ, पंचम संशोधन विधेयक, यूपी पेंशन की हकदारी एवं विधिमान्यीकरण विधेयक, यूपी नगर निगम संशोधन विधेयक और यूपी गन्ना उपकर निरसन विधेयक शामिल हैं। मंगलवार को इनको पारित करने पर विचार किया जाएगा।



सदन की बैठक में शामिल होने जाते सुरेश खन्ना (ऊपर) और नीरज वोरा।

## 67 कैंसर डे केयर सेंटर खुलेंगे : पाठक



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि प्रदेश में कैंसर के इलाज के लिए 67 डे केयर सेंटर खोले जाएंगे। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कैंसर से बचाव और इलाज के लिए सरकार सुविधाओं का विस्तार कर रही है। 30 वर्ष से ऊपर के लोगों की स्क्रीनिंग भी शुरू की गई है। अब तक 1 करोड़ से अधिक लोगों की ओरल कैंसर, 92 लाख की ब्रेस्ट कैंसर और 92.87 लाख की सर्वाइकल कैंसर के लिए स्क्रीनिंग की गई है। इसमें अगर किसी को रोग चिह्नित हो रहा है तो उच्च केंद्रों पर उसके इलाज के लिए भेजा जा रहा है।

विधानसभा में प्रश्नकाल स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों को निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। जो इसके दायरे में नहीं आए उन्हें सीएम जन आरोग्य योजना के तहत कवर किया गया है। इसके अलावा सीएम सहायता कोष से 1300 करोड़ रुपये से अधिक नागरिकों के इलाज के लिए दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में स्कूलों और अस्पतालों को तबेला बना दिया गया था। अब अस्पतालों में लोगों को दवा व इलाज मिल रहा है।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि सदन में जब वंदे मातरम् का गान होता है, तो विपक्ष में पीछे बैठे लोगों को होंठ नहीं हिलते, कुछ लॉबी में बैठे रहते हैं। ये लोहिया का नाम लेते हैं, लेकिन उनके पथ में कोस तक नहीं होता था। ये नकली समाजवादी हैं। सारी सुख सुविधाएं जुटाते हैं। टेंडर में डकैती डालते हैं। इनका वंदे मातरम् से लेना देना नहीं है। हर गरीब को मकान मिलना ही वंदे मातरम् है, मुफ्त अनाज मिलना ही वंदे मातरम् है। ये बाबा साहेब की बात करते हैं। लेकिन, लोकसभा में महिला आरक्षण का विरोध करते हैं।

## किसान लाठियां खा रहा, क्या यही सुफलाम : शिवपाल

विपक्ष ने वंदे मातरम् को शक्ति बताया, सरकार पर भी सवाल उठाए

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सपा विधायक शिवपाल सिंह ने यादव ने कहा कि सरकार कहती है कि वंदे मातरम स्कूलों में अनिवार्य होगा। लेकिन, जिस बच्चे के पेट में रोटी नहीं होगी, उसके गले से सुर कैसे निकलेगा। सुजलाम् सुफलाम् का अर्थ होता है अच्छी जल राशि और अच्छी फसल। लेकिन, आज किसान खाद के लिए लाठियां खा रहा है, क्या यही सुफलाम उत्तर प्रदेश है। यह चुनावी इंजीनियरिंग है।

शिवपाल ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए जब समाजवादियों और कांग्रेसियों ने लाठियां खाईं, जेलें भरीं, तब वंदे मातरम् हमारी शक्ति था। लेकिन, आज जो लोग इस पर घंटों भाषण दे रहे हैं, उनके वैचारिक पूर्वज उस समय कहां थे, जब क्रांतिकारी वंदे मातरम् गाते हुए फांसी के फंदों पर झूल रहे थे। वह आज ऐसा व्यवहार कर रहे हैं, जैसे राष्ट्रभक्ति का कॉपीराइट उन्हीं के पास से जारी होता है। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सवाल यह नहीं वंदे मातरम् गाता कौन है? सवाल यह है कि वंदे मातरम् समझता कौन है? इसका अर्थ है मां तुझे सलाम। जो स्वतंत्रता सेनानी इसे गाते थे, वह सभी गांधी वादी थे, गोडसे की विचारधारा वाले नहीं थे।



कफ सिरप के मुद्दे पर सपा ने प्रदर्शन किया।

### 'वंदे मातरम् शुरू से ही विवादास्पद'

सपा विधायक आलम बदीह ने कहा कि वंदे मातरम् को शुरू से ही विवादास्पद माना गया है। हम जश्न मना रहे हैं, लेकिन डर है कि कोई हादसा न हो जाए। बाबा साहेब का संविधान खतरे में न पड़ जाए। रागिनी ने सोनकर कहा कि आई लव कृष्णा, आई लव जीजस कहना गलत नहीं है, लेकिन आई लव मोहम्मद कहने पर युवकों को गिरफ्तार किया जा रहा है, क्या यही वंदे मातरम् है?

# अब भर्ती बोर्ड से होगी डॉक्टर-चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती

**कैबिनेट** उत्तर प्रदेश विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षक भर्ती बोर्ड के गठन को मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी के अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक और मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की भर्ती ज्यादा सरल और तेजी के साथ हो सकेगी। कैबिनेट ने सोमवार को उप्र विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षक भर्ती बोर्ड के गठन को मंजूरी दे दी है। बोर्ड का गठन होने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के मुताबिक कभी भी विज्ञापन निकाला जा सकेगा। इसके बाद तय समय के भीतर भर्ती परीक्षा करवाने के साथ ही उसका रिजल्ट जारी कर इंटरव्यू समेत नियुक्ति की औपचारिकताएं पूरी की जा सकेंगी। इसका सबसे ज्यादा फायदा विशेषज्ञ चिकित्सकों के संकट से जूझ रहे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग के अस्पताल और राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों को होगा।

यूपी के सरकारी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक और मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की भर्ती यूपी लोक सेवा आयोग के जरिए होती है। पहले अधियाचन और परीक्षा में 8 से 10 महीने लग जाते हैं। चयनित होने के बाद नियुक्ति में भी छह महीने से ज्यादा का समय लग जाता है। इस देरी के चलते चयनित होने वाले कई विशेषज्ञ चिकित्सक दूसरी जगह जॉइन कर चुके होते हैं। भर्ती बोर्ड का गठन होने के बाद यह भर्ती प्रक्रिया ज्यादा जल्दी पूरी हो सकेगी।

### एक साथ हो सकेगी भर्ती

बोर्ड का गठन होने के बाद हर मेडिकल कॉलेज की तरफ से अलग भर्ती का अधियाचन लोक सेवा आयोग को नहीं भेजना होगा। उप्र विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षक भर्ती बोर्ड एक साथ ही सभी मेडिकल कॉलेजों की जरूरत के मुताबिक भर्ती परीक्षा करवाएगा और उसकी मेरिट के हिसाब से अलग-अलग कॉलेजों में नियुक्ति की जा सकेगी। ऐसे में हर कॉलेज के लिए अलग-अलग भर्ती प्रक्रिया पूरी करने में समय खराब नहीं होगा।

### प्रेरणा स्थल के रखरखाव को बनी समिति, खर्च को कॉर्पस फंड

राजधानी के बसंत कुंज में बने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के प्रबंधन, उसके संचालन, सुरक्षा और अनुरक्षण का काम समिति करेगी। 25 दिसंबर को पीएम के हाथों उद्घाटन के पहले कैबिनेट ने समिति एवं कॉर्पस फंड के गठन को मंजूरी दे दी है। कॉर्पस फंड के ब्याज और यहां लगने वाले टिकट से होने वाली आय से इस पार्क का प्रबंधन, संचालन और रखरखाव के साथ ही सुरक्षा इंतजाम पूरे किए जा सकेंगे।

### SCR की तर्ज पर काशी-विंध्य का विकास

कैबिनेट ने काशी विंध्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के गठन को भी हरी झंडी दे दी है। इसमें वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर के अलावा विंध्य मंडल के मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही जिले को भी शामिल किया जाएगा। इससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन के साथ ही आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। काशी विंध्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण से जुड़े जिलों में लिंक रोड और एक्सप्रेस-वे समेत बेहतर कनेक्टिविटी के प्रॉजेक्ट्स के अलावा धार्मिक और इंडस्ट्रियल डिवेलपमेंट भी होगा। कैबिनेट ने आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की कोटिला परगना निजामाबाद योजना में सीड कैपिटल के तौर पर 194.98 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी। इसमें 100 करोड़ रुपये पहली किस्त के तौर पर जारी किए जाएंगे।

### नए विश्वविद्यालयों के गठन का रास्ता साफ

कैबिनेट ने शाहजहांपुर, भदोही और गोरखपुर में प्रस्तावित नए विश्वविद्यालयों की स्थापना का रास्ता साफ कर दिया है। शाहजहांपुर में मुमुक्षु आश्रम ट्रस्ट के तहत आने वाली शैक्षिक संस्थाओं को उच्चीकृत कर विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। इसी तरह भदोही में काशी नरेश पीजी कॉलेज, ज्ञानपुर, भदोही को विश्वविद्यालय के तौर पर अपग्रेड किया जाएगा। कैबिनेट ने इसके लिए यूपी राज्य विवि अधिनियम 1974 में संशोधन को सहमति दे दी है। वहीं, गोरखपुर में वन एवं पर्यावरण विभाग प्रदेश का पहला वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय स्थापित करेगा।



## अब सिविल डिफेंस में हर जिले में होंगे उप नियंत्रक

कैबिनेट ने उप नागरिक सुरक्षा उप नियंत्रक सेवा (द्वितीय संशो.) नियमावली 2025 को दी मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश के हर जिले में सिविल डिफेंस की इकाई स्थापित किए जाने के बाद हर जिले में उप नियंत्रक तैनात किए जाएंगे। योगी सरकार की कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश नागरिक सुरक्षा उप नियंत्रक सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2025 को सोमवार को मंजूरी दे दी है। पहले की नियमावली में 14 उप नियंत्रक के पदों का प्रावधान था, जिसे अब बढ़ाकर 75 कर दिया गया है।

ऑपरेशन सिंदूर से पहले प्रदेश में 14 जिलों में सिविल डिफेंस की इकाई थी। दो नए जिलों में भी इकाई सृजन की प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद सिविल डिफेंस की सभी जिलों में जरूरत को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने 75 जिलों में सिविल डिफेंस की इकाइयां स्थापित करने के निर्देश दिए थे। विभाग ने इकाइयां स्थापित कर दीं। उपनियंत्रक और सहायक उपनियंत्रक साधारण वेतनमान के पद सृजित कर दिए। नियमावली में संशोधन के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया गया और सोमवार को इसे मंजूरी दे दी गई।

**सहायक उप नियंत्रक के भी बढ़ेंगे 60 पद :** जल्द ही सहायक उप नियंत्रक के 60 और पद बढ़ाने और पात्रता से जुड़े संशोधन के लिए संशोधित नियमावली के लिए प्रस्ताव आएगा। वर्ष 2006 में सहायक उप नियंत्रक के लिए बनाई गई नियमावली के तहत वर्तमान में 80 पद हैं। इनमें 60 और बढ़ाकर कुल पद 140 कर दिए जाएंगे। हर जिले में एक उप नियंत्रक व एक सहायक उप नियंत्रक की तैनाती की जाएगी।

## विनिमय के जरिए हस्तांतरित जमीन का नक्शा पास कर सकेगा प्राधिकरण

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधि. नियमावली 2025 को दी मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट लखनऊ : नोएडा प्राधिकरण ने किसान व जमीन मालिकों से जमीन लेकर बदले में जो जमीन एक्सचेंज डीड कर दी है अब उस पर भी नक्शा पास होगा। प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण नियमावली-2025 को मंजूरी दे दी। विनियमावली के तहत प्राधिकरण से बदले में दी गई जमीन के भू-उपयोग तय करने के साथ कौन से नक्शे पास किए जा सकते हैं यह स्पष्ट कर दिया गया है।

## स्कूल-कॉलेजों से कमर्शल से भी ज्यादा बिजली बिल वसूला जा रहा

विधान परिषद में सरकार ने दरें ज्यादा होने की बात मानी, कहा-कम करेंगे

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : स्कूल-कॉलेजों से कमर्शल से भी ज्यादा ऊंची दरों पर बिजली बिल वसूला जा रहा है। यह बात सरकार ने सोमवार को विधान परिषद में स्वीकार की। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि दरें ज्यादा हैं, लेकिन यह पुरानी व्यवस्था है। दरें कमर्शल से कम होनी चाहिए। इसके लिए प्रयास करेंगे।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली दरों का निर्धारण विद्युत नियामक आयोग विभिन्न उपभोक्ता संगठनों से आपत्तियां और सुझाव लेकर करता है। शिक्षण संस्थानों को एलएमवी-4 श्रेणी में रखा गया है। वहीं, व्यावसायिक संस्थानों को एलएमवी-2 श्रेणी में रखा गया है। इस पर लाल बिहारी ने पूरक सवाल किया कि एलएमवी-4 और एलएमवी-2 के लिए दरें क्या तय की गई हैं? इस पर एके शर्मा ने स्वीकार किया कि यह बात सही है कि शिक्षण संस्थानों की दरें कमर्शल से ज्यादा हैं, लेकिन ये नई व्यवस्था नहीं है। यह व्यवस्था 2002 से चली आ रही है। यह गलत है और हम नियामक आयोग से इसमें सुधार की अपील करेंगे।

### NPS वापसी का सवाल ही नहीं

सपा सदस्य मान सिंह यादव के नैशनल पेंशन स्कीम (NPS) से जुड़े सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि नई पेंशन योजना के तहत खातों में 50 हजार करोड़ से ज्यादा जमा भी हो चुका है। अब इसकी वापसी का सवाल ही नहीं उठता।

### सपा का वॉक आउट

सपा ने कार्य स्थगन के तहत किसानों की बदहाली का मुद्दा उठाया। किरण पाल कश्यप ने कहा कि किसानों को अपनी फसल के दाम नहीं मिल रहे। पराली जलाने पर रोक लगा दी और एफआईआर की जाती है, लेकिन उसका उपाय भी तो सरकार बताए। जर्जर बिजली के तार टूट कर गिर रहे हैं। इससे फसल जल जाती है, लेकिन मुआवजा नहीं मिलता। मुकुल यादव ने कहा कि बाजरा की खरीद में बिचौलिये सक्रिय हैं। जवाब में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि ये लोग चर्चा करते हैं तो लगता है, अपनी सरकार के अनुभवों से बाहर नहीं निकल पाए। नाराज सपा सदस्य वॉकआउट कर गए।

### बैठक ही नहीं हुई

भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया कि विशेषाधिकार समिति की पहल पर एक निगरानी समिति गठित की गई थी। उसकी हर तीन महीने पर बैठक होगी। कई जिले ऐसे हैं, जहां एक भी बैठक नहीं हुई। सभापति के निर्देश के बाद नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सुनिश्चित करवाया जाएगा कि 3 महीने में बैठक हो।

## मेडिकल कॉलेज-अस्पतालों को संसाधनों की डोज, होगा भुगतान

- अनुपूरक बजट में चिकित्सा विभाग के लिए वेतन, भत्ते, दवाओं व संसाधनों के लिए मंजूर किए 407 करोड़
- NHM की योजनाओं के लिए 765 करोड़ और आयुष्मान से जुड़े अस्पतालों को 1500 करोड़ का होगा बकाया भुगतान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : योगी सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करने के लिए संसाधन और सुविधाओं की डोज दी है। अनुपूरक बजट में इसके लिए 2672 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसमें वेतन, भत्ते और दवाओं के अलावा नैशनल हेल्थ मिशन (NHM) की योजनाओं के अलावा आयुष्मान योजना से जुड़े अस्पतालों के बकाया भुगतान किया जा सकेगा। इसके तहत पीजीआई लखनऊ, लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, इटावा रूरल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, नोएडा के सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय एवं पोस्ट ग्रेजुएट एकेडमिक इंस्टिट्यूट और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी समेत 50 मेडिकल कॉलेजों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### सबसे ज्यादा बजट पाने वाले संस्थान (करोड़ रु. में)

पीजीआई : 120
केजीएमयू : 25
लोहिया संस्थान : 20
होम्योपैथिक के निःशुल्क इलाज : 10
मेरठ मेडिकल कॉलेज 10.65
प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज : 15
सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज : 15.50
मेरठ मेडिकल कॉलेज : 10.65
प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज : 15
गाजीपुर मेडिकल कॉलेज : 15.50
बस्ती मेडिकल कॉलेज : 10.50
शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज : 13.50

## अनुपूरक बजट में राज्य सरकार का रहा पावर सेक्टर पर फोकस

# 24 घंटे बिजली के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च होंगे 4500 करोड़

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : दो बिजली कंपनियों के निजीकरण की चर्चाओं के बीच अनुपूरक बजट में इंडस्ट्री के बाद सबसे अधिक फोकस पावर सेक्टर पर रहा। इसका मकसद 24 घंटे बिजली सप्लाई के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है। इंफ्रास्ट्रक्चर



मजबूत करने, लाइन हानियों को कम करने और नई परियोजनाओं के लिए अनुपूरक में करीब ₹4500 करोड़ की व्यवस्था की गई है। रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन योजना के लिए ₹3744 करोड़, बिजली का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क सुदृढ़ करने के लिए ₹500 करोड़ की व्यवस्था व लाइन हानियों को कम करने के लिए ₹100 करोड़ का प्रावधान बजट में किया है। साथ ही टिहरी हाइड्रो डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन की विद्युत परियोजना के लिए 176 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

### सोलर सब्सिडी के लिए ₹500 करोड़

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही पीएम सूर्य घर योजना को भी अनुपूरक बजट से रफ्तार मिलेगी। अनुपूरक बजट में इसके लिए ₹500 करोड़ की मंजूरी दी गई। इस राशि से पीएम सूर्य घर योजना की राज्य सब्सिडी दी जाएगी। योजना के अंतर्गत राज्य में अब तक कुल 10,09,567 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 3,14,376 घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं।

### धार्मिक स्थलों पर बढ़ेंगी सुविधाएं

अनुपूरक बजट में यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लिए 1 करोड़ रुपये तथा अन्य पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये की मांग की गई है। साथ ही श्री सोरों और श्री कार्तिक धाम व अन्य तीर्थ स्थलों के लिए 10 करोड़ रुपये के अनुदान का प्रस्ताव रखा है। लोक कलाकारों को वाद्ययंत्रों के लिए 5 करोड़ और छतर मंजिल, लखनऊ के रेस्टोरेशन के लिए 3.44 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है।

### तकनीकी शिक्षा में होगा सुधार

अनुपूरक बजट में राज्य पॉलिटेक्निक कॉलेजों की स्थापना के लिए 1 करोड़ और आधुनिक तकनीक से लैस एक्सिलेंस सेंटर स्थापित करने के लिए 613.72 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि का प्रस्ताव किया गया है। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि, गोरखपुर में भवन निर्माण कार्य के लिए 10 करोड़ रुपये की आवश्यकता का प्रस्तावित है। 50 हजार युवाओं के प्रशिक्षण के लिए 150 करोड़ का प्रस्ताव रखा गया है।

### बनेंगे पंचायत उत्सव भवन

प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण हिस्से में पंचायत उत्सव भवन या बारात घर बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रतीकात्मक राशि के तहत एक लाख रुपये का प्रावधान किया जा रहा है। आवश्यक धनराशि बचत मद से वहन की जाएगी। वहीं, जिला पंचायत शाहजहांपुर में भवन निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव है।

### 40 लाख महिलाओं को मिलेगी पेंशन

पति के मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में भुगतान के लिए सरकार ने अनुपूरक बजट के माध्यम से 535 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया है। पात्र महिलाओं को 1,000 रुपये प्रतिमाह की पेंशन दी जाती है, जिसका भुगतान प्रत्येक तिमाही में किया जाता है। वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में पेंशन भुगतान के लिए करीब 40 लाख लाभार्थियों को शामिल किया गया है। इसके लिए करीब 1200 करोड़ की आवश्यकता आंकी गई।

### 8.33 लाख करोड़ का हुआ बजट

वित्त मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश का मूल बजट 808,736.06 करोड़ का था, जबकि प्रस्तुत अनुपूरक बजट मूल बजट के अनुपात में 3.03 प्रतिशत है। अनुपूरक बजट को मिलाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 का कुल बजट अब 833,233.04 करोड़ का हो गया है। अनुपूरक बजट में राजस्व व्यय के रूप में 18,369.30 करोड़, पूंजीगत व्यय के रूप में 6,127.68 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## पीएम आवास और धार्मिक स्थल संवरेंगे

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना के तहत बने आवासों के साथ ही धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों को संवारा जाएगा। इसके लिए यूपी सरकार ने अनुपूरक बजट में नगर विकास विभाग को 1736 करोड़ रुपये मंजूर किया है। इसके तहत प्रदेश के सभी 762 नगर निकायों में घर तक पानी सप्लाई के बचे हुए काम पूरे कराए जाएंगे। इसपर करीब 125 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

जल निकासी और सीवरेज की योजनाओं पर 175 करोड़, वायु गुणवत्ता में सुधार को लेकर चल रहे कामों पर 25 करोड़, डॉग केयर सेंटर और एबीसी सेंटरों के लिए 25 करोड़ का बजट मंजूर किया गया है। पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत बने मकानों के बाहरी विकास पर 73 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके साथ ही नगर निकायों में स्ट्रीट लाइट्स और बकाया बिजली के बिल का भुगतान के मद में 622 करोड़ मंजूर किए गए हैं।

## शहर में आज

● कमला शिक्षण सेवा संस्थान की ओर से अटल सांस्कृतिक संगम, मालवीय हॉल, लखनऊ विश्वविद्यालय, सुबह 10 बजे।

● राजकीय शिक्षक संघ का जनपदीय अधिवेशन, राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, सुबह 11 बजे। कॉल्विन कॉलेज में दरबार डे का आयोजन, विश्वविद्यालय मार्ग, दोपहर 2 बजे।

● स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस , गुलाब वाटिका, चंदरनगर, आलमबाग, दोपहर 2 बजे।

● गुरुजी निखिल बेरी का वार्षिक सत्संग, मोती महल लॉन, निकट हनुमत धाम, दोपहर 3 बजे।

● नवयुग रेडियंस सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव, विद्यालय परिसर, राजेंद्र नगर, दोपहर 3:30 बजे।

● इंटीग्रल विश्वविद्यालय में किसान सम्मान समारोह, विश्वविद्यालय मैदान, शाम 4 बजे।

शहर में हो रहे कार्यक्रम की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com

## कई इलाकों में आज रहेगा बिजली संकट



■ NBT न्यूज, लखनऊ: ट्रांसफॉर्मर और उपकरणों की मरम्मत के कारण मंगलवार को शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। संबंधित क्षेत्रों में पुरनिया उपकेंद्र से संचालित अलीगंज, विपिनखंड उपकेंद्र से विशालखंड-1, 2 और 3, विपुलखंड-1, अवध अपार्टमेंट सहित आसपास के इलाकों में बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। इनमें दोपहर 12 बजे से एक घंटे के लिए पुरनिया अलीगंज, विपिनखंड उपकेंद्र से विशालखंड-1, 2 और 3, विपुलखंड-1, अवध अपार्टमेंट सहित आसपास के इलाकों में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक, विपुलखंड एक में दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति नहीं होगी।

# कल रात 12 बजे से ट्रैफिक डायवर्ट

### 25 को प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा बदलाव

■ NBT न्यूज, लखनऊ : आईआईएम रोड पर वसंत कुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा केंद्र के 25 दिसंबर को होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम के लिए शहर में यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। कार्यक्रम के लिए डायवर्जन बुधवार रात 12 बजे से लागू होगा, जो कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा। इमरजेंसी होने पर डायवर्टेड रूट से ऐंबुलेंस, शव वाहन, दमकल और स्कूली वाहन गुजर सकेंगे। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

### ऐसे गुजरेंगे वाहन

■ मड़ियांव चौराहे से बाजनगर किसानपथ, छंदोईया की जगह जीरो पॉइंट मोहान रोड होकर।

■ मुंशी तिराहे से बाजनगर किसानपथ, छंदोईया की जगह जीरो पॉइंट मोहान रोड होकर।

■ बाजनगर किसानपथ अंडरपास से बड़े और कॉमर्शल वाहन छंदोईया बाईपास की जगह बाजनगर किसानपथ अंडरपास से किसानपथ होकर।

■ कसमंडी अंडरपास से अंधे की चौकी तिराहे की जगह किसानपथ होकर।

■ छंदोईया बाईपास तिराहे से कार्यक्रम स्थल, मिठौली तिराहा की जगह अंधे की चौकी तिराहा, बाजनगर किसानपथ अंडरपास से किसानपथ या दुबग्गा तिराहा होकर।

■ तिकोनिया तिराहा से बड़े व कॉमर्शल वाहन दुबग्गा तिराहा, छंदोईया बाईपास तिराहा की जगह नहर तिराहा मोहान रोड, खुशहालगंज बाजार, खुशहालगंज किसानपथ अंडरपास से किसानपथ होकर।

■ मिठौली तिराहा से कार्यक्रम स्थल, छंदोईया बाईपास तिराहा की जगह सैरपुर तिराहा, क्रॉसिंग, बीकेटी, इंटौंजाकिसानपथ अंडरपास, किसानपथ, इंजिनियरिंग कॉलेज चौराहा होकर।

■ नया पक्कापुल तिराहा, कुड़ियाघाट तिराहा से कार्यक्रम स्थल, पैंला तिराहा की जगह रूमी गेट, कोनेश्वर चौराहा, बालागंज चौराहा, दुबग्गा तिराहा होकर।

■ दुबग्गा तिराहा से छंदोईया, सीतापुर बाईपास की जगह तिकोनिया तिराहा होकर।

■ महरपुर तिराहा से कुकैल की जगह जीरो पॉइंट या किसान पथ के ऊपर से।

## रंग-बिरंगे फूल करेंगे मेहमानों का स्वागत



प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए LDA ने देशभर से मंगवाए फूल


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लाल संगमरमर पर बने खूबसूरत राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल को देखने के लिए 25 दिसंबर को आम और खास लोगों का जमावड़ा लगेगा। एलडीए इनके स्वागत के लिए प्रेरणा स्थल व उसके आसपास के रास्ते को रंग-बिरंगे फूलों से सजा रहा है। यहां आंध्र प्रदेश से राजमुंदरी प्रजाति के फूल और दिल्ली से मैक्सिकन कारपेट ग्रास लगाई जा रही है। इन फूलों की सजावट कार्यक्रम खत्म होने के बाद भी प्रेरणा स्थल पर शोभा बढ़ाएगी।



वसंत कुंज स्थित राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल आने वालों के लिए आकर्षण का केंद्र बोगनवेलिया और अन्य प्रजातियों के पौधे और फूल भी बनेंगे। एलडीए के उद्यान विभाग ने पूरे परिसर में 16 हजार पौधे यहां लगाए हैं। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि परिसर में बोगनवेलिया के अलावा शुभ्रा व्हाइट, मेरी पामर, लेडी मैरी बैरिंग और एचसी बक प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं। कार्यक्रम स्थल के लिए नैनीताल से जाफरी, मैरीगोल्ड, सालविया प्रजाति के पौधे लाए गए हैं। साथ ही, वॉल गार्डनिंग भी की गई है, जिससे पूरे परिसर में फूलों की खुशबू रहेगी।

**भारत माता का पूजन करेंगे PM :** राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर म्यूजियम के पास भारत माता की बड़ी प्रतिमा बनाई गई है। पीएम नरेंद्र मोदी म्यूजियम देखने से पहले प्रतिमा पर पूजन करेंगे। पीएम करीब 10 मिनट तक सभागार में रुकेंगे।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल पहुंचेंगे शहर



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। बीजेपी महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षामंत्री शाम 4:05 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से अटल कन्वेंशन सेंटर जाएंगे। वहां राजनाथ पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर आयोजित एकल काव्य पाठ कार्यक्रम में शामिल होंगे। गुरुवार को वह पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 4:40 बजे एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## नगर आयुक्त ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रेरणा स्थल के लोकार्पण समारोह और स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के मद्देनजर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सोमवार को विभिन्न जोन का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने अमौसी हवाई अड्डे से प्रेरणा स्थल तक के प्रमुख मार्गों, चौराहों और स्थलों का जायजा लिया।

### दूसरे शहरों से आने वाले वाहन ऐसे जाएंगे

■ कानपुर से अम्बेडकरनगर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन कानपुर, फतेहपुर, लालगंज, बछरांवा, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर जाएंगे।

■ उन्नाव से अम्बेडकरनगर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन उन्नाव के दही चौकी से पुरवा, मौरावां, बछरांवा, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर या उन्नाव (लालकहेड़ा) से बीघापुर लालगंज, गुरुबक्शगंज, बछरांवा से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर जाएंगे।

■ सीतापुर से गोंडा, मनिकापुर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन बाहलारी, बहराइच से गोंडा/बलरामपुर होकर जाएंगे।

■ हरदोई से गोंडा, मनिकापुर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन हरदोई से बघौली, बांगरमऊ, उन्नाव (लालकहेड़ा), से बीघापुर लालगंज, गुरुबक्शगंज, बछरांवा से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर जाएंगे।

■ सुलतानपुर रोड से गोंडा, मनिकापुर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर जाएंगे।

■ रायबरेली रोड से गोंडा, मनिकापुर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ जाने वाले भारी वाहन बछरांवा से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर जाएंगे।

■ बाराबंकी रोड से लखनऊ, हरदोई, कानपुर, सीतापुर, मुरादाबाद, अलीगढ़, दिल्ली जाने वाले भारी वाहन हैदरगढ़, बछरावां, लालगंज, फतेहपुर, चौडगरा से होकर जाएंगे।


DIT UNIVERSITY
IMAGINE ASPIRE ACHIEVE

Ph.D. Admission Notification
Doctoral Programs (Full Time/Part Time)

- Architecture & Planning
- Computer Science
- Computer Science & Engg.
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Electronics & Communication Engg.
- Mechanical Engineering
- Petroleum Engineering
- Pharmacy
- Design
- Physics
- Chemistry
- Mathematics
- English
- Psychology
- Economics
- Management

Important Dates

| | |
|---|---|
| Last date of Application Submission: | January 8, 2026 \| 05:00 PM |
| Reporting Time (for shortlisted candidates): | January 10, 2026 \| 9:00AM |
| Entrance Test (DUET-2026) : | January 10, 2026 \| 11:00 AM - 12:30 PM |
| Personal Interview: | January 10, 2026 \| 2 PM onwards |
| Declaration of Result : | January 16, 2026 |

For More Details Visit: www.dituniversity.edu.in
Toll Free : 18001210410000, Mobile No. : +91-9639001954
Mussoorie-Diversion Road, Dehradun, Uttarakhand-248009, India


## आज होगा पुलिस के जज्बे, सेवा और साहस का सम्मान

नवभारत टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया की ओर से किया जाएगा पुलिस प्राइड फेलिसिटेशन-2025 का आयोजन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

नवभारत टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया की तरफ से मंगलवार को होटल ताज महल में पुलिस के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने के लिए 'पुलिस प्राइड फेलिसिटेशन-2025' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी के डीजीपी राजीव कृष्णा होंगे।

Police PRIDE FELICITATION 2025

यह समारोह शाम 5:30 बजे से शुरू होगा और रात 9 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य उन पुलिसकर्मियों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी निष्ठा, साहस और सेवा से समाज में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है।

कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6:00 बजे स्कूल के छात्रों द्वारा गणेश वंदना से होगी। डीजीपी राजीव कृष्णा पुलिस बल की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा करेंगे। राष्ट्रीय गान के बाद डीजीपी विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन काम करने वाले पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करेंगे। जिन श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे, उसमें सर्वश्रेष्ठ जांच, सबसे चुनौतीपूर्ण केस सुलझाने वाली टीम, सबसे प्रभावी पुलिसकर्मी/महिला पुलिसकर्मी, साइबर क्राइम से निपटने में उत्कृष्ट कार्य, मिशन शक्ति में योगदान, त्वरित कार्रवाई, ट्रैफिक प्रबंधन और खेलों में उपलब्धि प्रमुख हैं। सम्मान समारोह के बाद समूह फोटो और धन्यवाद ज्ञापन होगा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रतिबद्धता और सेवा भावना को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह न केवल उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रेरित करेगा , बल्कि पूरे बल को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान करेगा।

## एसी कोच का दरवाजा हुआ दुरुस्त, पैनल भी बंद किया गया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : फर्रुखाबाद से कानपुर-लखनऊ के रास्ते छपरा जाने वाली 15084 उत्सर्ग एक्सप्रेस की खामियों को दूर कर दिया गया है। NBT में ट्रेन की बदहाली की खबर प्रकाशित होने के बाद पूर्वोत्तर रेलवे छपरा की टीम ने तत्काल ट्रेन के एसी कोच के टूटे दरवाजे और खुले पैनलों को दुरुस्त करवा दिया है। कोच के अंदर टॉइलट की गंदगी को भी दूर कर उसका दरवाजा ठीक कर दिया गया है।




NBT ने 21 दिसंबर के अंक में उठाया था उत्सर्ग एक्सप्रेस की खामियों का मुद्दा। इसके बाद रेलवे ने खामियों को दूर कर दिया।



NBT ने 21 दिसंबर के अंक में 'खुली वायरिंग, दरवाजे का टूटा कांच, दहशत में सफर' शीर्षक से उत्सर्ग एक्सप्रेस की खामियों को उजागर किया था। ट्रेन के M-1 और M-2 कोच में प्रवेश करते ही टॉइलट की भयंकर बदबू से यात्री परेशान हो रहे थे। टॉइलट का दरवाजा बंद भी नहीं हो रहा था। कोच M-1 के दरवाजे का शीशा भी टूटा था। दोनों कोच के इलेक्ट्रिक पैनल भी खुले थे और तार बिखरे थे। ट्रेन के चलने पर पैनल रगड़ रहे थे। NBT में खबर प्रकाशित होने के बाद ट्रेन के छपरा पहुंचते ही इसकी मरम्मत शुरू करवा दी गई। पूर्वोत्तर रेलवे छपरा के कोचिंग डिपो अफसर अशोक कुमार ने बताया कि सभी खामियों को दुरुस्त कर लिया गया है। चेतावनी दी गई है कि दोबारा ऐसी खामियां मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## धूप ने दी कुछ राहत, दो दिन बाद फिर ठंड बढ़ने के आसार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शहर में पड़ रही कड़ाके की ठंड से सोमवार को शहरवासियों को कुछ राहत मिली। रविवार देर रात से सुबह तक शहर में घना कोहरा छाया रहा, हालांकि धूप खिलने से दिन में कोल्ड-डे जैसी हालात से राहत मिली। दिन का पारा चढ़कर 20.5 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो रविवार को 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बादलों के कारण रात का पारा 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अमौसी स्थित लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले दो दिन मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। दो दिन बाद हवाओं के बदलने से ठंड में इजाफा शुरू होगा।

कोहरे से ट्रेन, विमान संचालन प्रभावित : पेज 4


GYAN HERITAGE SCHOOL

be the light
Affiliated to CBSE Board

Where Good Character Lights The Way



2026 Admissions Open Now!
Montessori to Class 9th

School Facilities

- Ideal Student Teacher Ratio
- Innovative Curriculum
- Life Skills and Personality Development
- Performing and Theatre Arts Club
- Online Parent and Community Portal
- Fully Air Conditioned Classrooms
- Grand Open Amphitheater
- Spacious Swimming Pool
- Robotics and Makers' Spaces
- State of the Art Auditorium

An Initiative by Gyan

Get in Touch Now! 08065911568, 0522-3115415 info@gyanheritageschool.org www.gyanheritageschool.org
Sector - F, LDA Colony, Parag Road, in front of Shani Mandir, Kanpur Road, Lucknow, UP 226012

To Know More

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 23-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG4 User: cci Time: 12-23-2025 00:12 Color:



# पहले ज़ब्त वाहन हटें, तब बने बस टर्मिनल

## वृंदावन योजना की पी-4 पार्किंग खाली न होने से आगे नहीं बढ़ पा रही योजना

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

वृंदावन योजना में पी-4 पार्किंग में जब्त कर रखे वाहन बस टर्मिनल बनने की राह में मुसीबत बन गए हैं। इस जमीन पर सिटी ट्रांसपोर्ट का नया बस टर्मिनल बनना है और यहां रखे जब्त वाहनों को हटाना आरटीओ के लिए चुनौती बना गया है। नगरीय परिवहन निदेशालय ने पत्र लिखकर इस जगह को खाली कराने को कहा है।

वृंदावन योजना में पी-4 पार्किंग में सेंट्रलाइज्ड सिटी बस टर्मिनल के लिए शासन से 380 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इस टर्मिनल में कमर्शल जोन भी होगा। इस टर्मिनल से शहरी बस संचालन को नई रफ्तार मिलेगी। सिटी बसों का संचालन मुख्य रूप से चारबाग से होता था। चारबाग में PPP मॉडल पर रोडवेज का बस अड्डा बन रहा है, जिसके बाद सिटी बसों के संचालन का मामला अटक गया था। इसके बाद पी-4 पार्किंग में सिटी बस टर्मिनल बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। हाल में नगरीय परिवहन निदेशालय ने पी-4 पार्किंग में सिटी बसों के लिए स्टेशन बनाने की योजना तैयार की है। आरटीओ प्रवर्तन प्रभात कुमार पांडेय ने बताया कि पी-4 पार्किंग में खड़े वाहनों को हटाने के लिए कहा गया है। वाहनों को कहां ले जाना है, इस पर मंथन हो रहा है।

### अभी बसों की पार्किंग हो रही

सेंट्रलाइज्ड सिटी बस टर्मिनल 28,56,728 वर्गमीटर (7.06 एकड़) में PPP मॉडल पर बनेगा। भूमि एक निजी डिवेलपर को 60 वर्षों की लीज पर दी जाएगी। यह जमीन उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद से 150 करोड़ रुपये में नगरीय परिवहन निदेशालय ने खरीदी है। वर्तमान में यहां पर बसों की पार्किंग और रखरखाव का काम किया जा रहा है।




### ये सुविधाएं मिलेंगी

- नए बस टर्मिनल से 141 ई-बसों और 52 सीएनजी बसों का संचालन एक साथ किया जा सकेगा। यहां पर भविष्य में 150 अतिरिक्त ई-बसों को भी शामिल किया जाएगा।
- 275 कारों की पार्किंग, उपयोगिता भवन, वेटिंग रूम, वातानुकूलित वेटिंग हॉल, पूछताछ और बुकिंग काउंटर, आरक्षण, पार्सल रूम, क्लॉक रूम, कियोस्क, फूड स्टॉल, सार्वजनिक सुविधाएं, यूरिनल, शौचालय, वॉटर एटीएम, मेडिकल एड रूम, बैंक, एटीएम, पुलिस बूथ और सुरक्षा नियंत्रण आदि की सुविधाओं के साथ व्यावसायिक गतिविधियां भी होंगी।
- बस अड्डे को तीन साल में और कमर्शल स्पेस को पांच साल में पूरा करना होगा। 60 साल की लीज समाप्त होने के बाद सरकार इसको पूरी तरह अपने स्वामित्व में ले लेगी।

### क्या है दिक्कत?

परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमें जब लखनऊ में वाहनों की चेकिंग करती है तो जब्त वाहनों को पी-4 पार्किंग में ले जाती है। यह प्रवर्तन टीम के लिए यार्ड है। ऐसे में पी-4 पार्किंग खाली करना परिवहन विभाग के लिए मुश्किल भरा है। लखनऊ में पहले ही यार्डों की कमी है, जिससे वाहनों की चेकिंग का काम प्रभावित होता है। अब अफसरों के सामने यह चुनौती है कि वे पार्किंग में जब्त वाहनों को कहां लेकर जाएं। इस संबंध में परिवहन विभाग में मुख्यालय स्तर पर मंथन किया जा रहा है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

## सर्वर ट्रैक पर, लेकिन दहशत में कर्मचारी, मिनटों के काम में लगे घंटों

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: निजी एजेंसी के कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में कार्रवाई के बाद सोमवार को ट्रांसपोर्टनगर स्थित RTO कार्यालय का नजारा बदला रहा। सर्वर ट्रैक पर होने के बावजूद सारथी भवन में ड्राइविंग लाइसेंस के कार्यों के लिए आवेदकों की लाइनें लगी रहीं। फोटो और साइन वेरिफिकेशन से लेकर बायोमीट्रिक तक के लिए आवेदकों को अपनी बारी के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। कार्रवाई की दहशत से प्राइवेट कर्मचारियों ने आवेदकों से बारीकी से हर जानकारी ली। फोटो और साइन सत्यापन के लिए अमूमन पांच मिनट लगते हैं, लेकिन सोमवार को इस काम में डेढ़-डेढ़ घंटे तक लग गए।

निजी एजेंसी के कर्मचारी पर कार्रवाई के बाद बदला रहा RTO कार्यालय का नजारा

RTO कार्यालय में डीएल बनाने, वाहनों के ट्रांसफर आदि के कागज तैयार करने का काम सिल्वर टच कंपनी को ठेके पर दिया गया है। अधिकारियों ने इस कंपनी के कर्मचारी कपिल दीप को दलालों से सांठगांठ का खुलासा शनिवार को किया गया था। कर्मचारी के कंप्यूटर की जांच में डीएल बनाने के एवज में रुपये लिए जाने की प्रथम दृष्टया पुष्टि हुई थी। RTO (प्रशासन) संजय तिवारी ने बताया कि इस खुलासे के बाद कपिल की ID ब्लॉक कर कर इसके काम करने पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में डिटेल रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।


फोटो, साइन वैरिफिकेशन, बायोमीट्रिक तक के लिए आवेदकों को काफी इंतजार करना पड़ा।

## दोपहर की तेजस रात में चली

### कोहरे के चलते ट्रेनों और विमानों का संचालन प्रभावित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

घने कोहरे से सोमवार को राहत मिली लेकिन उड़ान और रेल सेवाएं पटरी पर नहीं आ सकीं। तेजस एक्सप्रेस में नई दिल्ली से लखनऊ तक यात्रियों ने सारी रात बैठकर सफर किया। रविवार को नई दिल्ली से दोपहर 3:30 बजे लखनऊ को रवाना होने वाली तेजस एक्सप्रेस रात 9:35 बजे रवाना हुई। यह ट्रेन सोमवार सुबह 7:55 बजे लखनऊ पहुंची। इस कारण सोमवार को नई दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस सुबह 6:10 बजे की जगह दोपहर 2:34 बजे रवाना हुई। अब सोमवार को नई दिल्ली से आने वाली तेजस एक्सप्रेस को भी देर रात चलाया जाएगा। इसके अलावा अमौसी एयरपोर्ट पर दो उड़ानें निरस्त रहीं।

अमौसी एयरपोर्ट पर दो उड़ानें निरस्त

गोमती एक्सप्रेस सुबह 5:45 बजे सही समय पर रवाना हुई। नई दिल्ली पहुंचने तक छह घंटे लेट हो गई। नई दिल्ली की ओर से आने वाली गोरखधाम एक्सप्रेस सुबह 4:50 बजे की जगह दोपहर 1:04 बजे आयी। दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ऐशबाग से छह घंटे की देरी से छूटी, नई दिल्ली पहुंचने तक यह 11.36 घंटे लेट हो गई। 02563 बरौनी नई दिल्ली स्पेशल 13 घंटे, वैशाली एक्सप्रेस तीन घंटे, कैफियात एक्सप्रेस दो घंटे, चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस दो घंटे, पद्मावत एक्सप्रेस 3.49 घंटे, दून एक्सप्रेस 2.30 घंटे, कोटा-पटना एक्सप्रेस 3.30 घंटे, लखनऊ से रविवार रात समय पर रवाना होने वाली मरुधर एक्सप्रेस कानपुर और इटावा के बीच चार घंटे लेट हो गई।

**विमान सेवाएं भी प्रभावित:** सोमवार को लखनऊ से इंदौर जाने वाली इंडिगो एयरलाइन की उड़ान 6ई-7221 निरस्त रही। इस कारण इंदौर से आने वाली इंडिगो एयरलाइन की उड़ान 6ई-7422 भी निरस्त कर दी गई। दोपहर 2:05 बजे जयपुर से आने वाली उड़ान 6ई-7482 शाम 6:10 बजे लखनऊ पहुंच सकी। पटना से आने वाली उड़ान 6ई-925 शाम 4:10 बजे की जगह 6:24 बजे आयी। इसी तरह 6ई -5264 मुंबई -लखनऊ एक घंटा, आइएक्स- 2171 दिल्ली-लखनऊ तीन घंटे, एसवाइ-333 रियाद- लखनऊ 2:15 घंटे, 6ई- 453 हैदराबाद लखनऊ 1:40 घंटे की देरी से आई। आइएक्स -189 लखनऊ रियाद सुबह नौ की जगह 10:43 बजे, एसवाइ- 334 लखनऊ -रियाद सुबह 10 की जगह 12:09 बजे रवाना हुई। डब्ल्यूवाइ-266 लखनऊ-मस्कट 1:04 घंटा, 6ई-6902 लखनऊ-पटना 2:32 घंटे, आइएक्स-1507 लखनऊ-दिल्ली 2:21 घंटे, 6ई-758 लखनऊ-दिल्ली तीन घंटे, 6ई-435 लखनऊ-बेंगलुरु 1:55 घंटा की देरी से उड़ान भर सकी।

AI Image


## रेलकर्मियों ने निकाली रैली

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: रेलवे के खाली पदों को भरने, आठवें वेतन आयोग में कर्मचारियों की बात सुनने, निजीकरण व आउटसोर्सिंग के विरोध, अधिक कार्य घंटों को कम किए जाने, कार्य के दबाव और महिला कर्मचारियों के मुद्दों पर सरकार से सकारात्मक रुख रखने की अपील रेलकर्मियों ने की है। सोमवार को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (AIRF) के 101वें महाधिवेशन में चारबाग के रेलवे स्टेडियम में हजारों रेलकर्मी जुटे। महाधिवेशन की अध्यक्षता एआईआरएफ के अध्यक्ष डॉ. कन्हैयालाल ने की। महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक एके वर्मा, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने भी रैली में अपने विचार व्यक्त किए।

अधिवेशन से पहले टीएन बाजपेयी चौराहे से मवैया, चारबाग बस स्टैंड होते हुए रेलवे स्टेडियम तक जनरैली निकाली गई। रैली शिव गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में निकली। शिव गोपाल ने रेल कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर बात की। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक रवैया अपनाएगी। कहा, सरकार एक जनवरी से आठवें वेतन आयोग को लागू करने जा रही है। इसमें सरकार ने कर्मचारियों की मंशा के अनुरूप काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों को इसमें शामिल करना ही होगा।


पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने भी रैली में अपने विचार व्यक्त किए।

## महानगर अध्यक्ष ने डीएम को सौंपी झुग्गियों की सूची



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सोमवार को डीएम विशाख जी. से उनके आवास पर मुलाकात की। अध्यक्ष ने शहर में संदिग्ध घुसपैठियों की चिह्नित 65 झुग्गी झोपड़ियों की सूची डीएम को सौंपी। उन्होंने मांग की कि संदिग्ध घुसपैठियों का सत्यापन करवा कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस दौरान महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, विनायक पांडेय, अरविंद मिश्रा, राकेश गुप्ता, अनुराग साहू और शिशिर बाजपेई उपस्थित रहे।

## बलरामपुर में डॉक्टर-नर्स विवाद की फिर होगी जांच

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बलरामपुर अस्पताल में हड्डी रोग विभाग के एक डॉक्टर और नर्स का विवाद फिर सुर्खियों में है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। इसके बाद अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या ने फैक्ट फाइंडिंग कमिटी गठित कर जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

करीब चार माह पहले एक महिला नर्स ने हड्डी रोग विभाग के एक डॉक्टर पर अभद्रता का आरोप लगाकर अस्पताल प्रशासन से शिकायत की थी। मामले में जांच कमिटी गठित कर नर्स को दूसरे वॉर्ड में तैनात कर दिया गया था। जांच रिपोर्ट डॉक्टर के पक्ष में आने पर नर्सिंग असोसिएशन ने इसकी शिकायत निदेशक (नर्सिंग) से कर दी। अब अस्पताल निदेशक डॉ. कविता ने मामले की दोबारा जांच के लिए पांच सदस्यीय कमिटी का गठन किया है।

## 'घर पर हल्दी के चिप्स बनाकर खाएं'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बायोटेक पार्क में सोमवार को अकैडमी ऑफ लाइफ साइंसेज की ओर से हल्दी के औषधीय गुणों, उसमें करक्यूमिन की मात्रा और हल्दी किसानों की समस्या विषय पर बैठक हुई। इसका कारण है स्वास्थ्य और वेलनेस क्षेत्र में हल्दी के सक्रिय घटक करक्यूमिन की अहम भूमिका है। बैठक में संस्था के प्रेसिडेंट डॉ. ओंकार नाथ त्रिपाठी ने बताया कि हल्दी की कई किस्में पाई जाती हैं, जिनमें करक्यूमिन की मात्रा और उनके चिकित्सीय गुणों में फर्क होता है। बैठक में कई सुझाव मिले। पहला यह कि हल्दी किसानों के लिए सरकार मंडी बनाए, जिसमें किसानों को अपनी फसल बेचने में मदद मिले। इसके अलावा आम लोगों के लिए वही प्रॉडक्ट बेचे जाएं जो सर्टिफाइड हों। इस बैठक के बाद सुझाव बनाकर यूपी सरकार और केंद्र की ओर से बनाए गए हल्दी बोर्ड को भेजेंगे।

बायोटेक पार्क में हल्दी के औषधीय गुणों पर हुई चर्चा



बैठक में शामिल जौनपुर में हल्दी पर काम कर रहे स्वामी सिद्धेश्वर महाराज ने बताया बाजार में मिलने वाली हल्दी में मिलावट होती है। ऐसे में लोग अपने घरों में किसानों से हल्दी का राइजोम खरीदकर उस हल्दी के पतले पतले चिप्स काटकर उसे धूप में सुखा लें। इसे ऐसे भी इस्तेमाल कर सकते हैं और घर में ही पीसकर इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सुरक्षित भी है और करक्यूमिन की मात्रा में भी कमी नहीं आती है। डॉ. उमा शंकर ने बताया कि लोगों को एकदम पीली हल्दी खरीदने से बचना चाहिए। मौके पर सुधीर कुमार, अमरेंद्र सिंह, डॉ. आरबी यादव, शोभित श्रीवास्तव, विक्रांत नाथ, डॉ. सत्यवान सिंह मौजूद रहे।

## कृषि में भी मिलेगा AI समाधान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व रोबोटिक्स आधारित स्मार्ट कृषि भी देश के किसानों की कार्यप्रणाली पूरी तरह बदल रही है। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न जल संकट एवं भूमि क्षरण खेती के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में टेक्नॉलजी का उपयोग कर काफी हद तक इससे बचाव किया जा सकता है। यह बात झांसी की रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विवि के कुलपति प्रो. पंजाब सिंह ने इंटीग्रल विवि में कही। इंटीग्रल विवि के इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंस एंड टेक्नॉलजी की ओर से स्मार्ट कृषि पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कृषि विपणन राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उन्नत तकनीकों के प्रयोग से कृषि उत्पादन, किसानों की आय तथा खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सकता है।

## फटाफट खबरें

### अंजली को मिली ICSSR से फेलोशिप



■ NBT न्यूज, लखनऊ: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म ऐंड मास कम्युनिकेशन (डीजेएमसी) में शोधार्थी अंजली वर्मा का भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) से फेलोशिप के लिए चयन हुआ है। अंजली विभाग के शिक्षक डॉ. शचींद्र शेखर के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं। विभाग के शिक्षकों के मुताबिक विश्वविद्यालय में पीएचडी शुरू होने के बाद पहली बार किसी शोधार्थी को आईसीएसएसआर से शोध अनुदान मिला है। शोधार्थी अंजली वर्मा ने बताया कि उन्होंने आईसीएसएसआर से जनसंचार माध्यमों के जरिए स्वास्थ्य संचार और महिलाओं में हृदय रोगों की रोकथाम: लखनऊ शहर में एक फील्ड स्टडी विषय पर अध्ययन के लिए फेलोशिप के लिए आवेदन किया था। जिसे अनुदान के लिए स्वीकृति मिल गई है।

### आत्मविश्वास सफलता की कुंजी



■ NBT न्यूज, लखनऊ: मिस इंटरनेशनल इंडिया 2025 रुश सिंधु ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित एपटेक द्वारा संचालित लैक्मे अकादमी में आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर सीखने को सफलता की कुंजी बताया। रुश ने महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए लड़कियों को रूढ़ियों को तोड़कर अपने सपनों के पीछे निडर होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। सौंदर्य और फैशन उद्योग में बढ़ते करियर अवसरों, व्यक्तिगत ब्रांडिंग और पेशेवर नैतिकता पर उनके सुझावों से छात्र उत्साहित दिखे। समापन प्रश्नोत्तर सत्र, संवाद के साथ हुआ।

### HRF परिसर में कैश बिलिंग काउंटर शुरू

■ NBT न्यूज, लखनऊ: कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के एचआरएफ परिसर में सोमवार को कैश बिलिंग काउंटर का आगाज हुआ। अस्पताल के निदेशक एमएलबी भट्ट ने इसे शुरू करते हुए कहा कि इस नई व्यवस्था से अब कैंसर के मरीजों और तीमारदारों को बिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एचआरएफ परिसर में ही कैश बिलिंग काउंटर खुल जाने से भुगतान प्रक्रिया सरल, तेज और बेहद आसान हो गई है। इस पहल से न सिर्फ मरीजों की भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, बल्कि संस्थान की सेवाएं भी अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनेंगी।

### 'लाइसेंस शुल्क पर लगे रोक'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार महासंघ ने जिम, स्पा कोचिंग और शोरूम पर नगर निगम द्वारा लाइसेंस शुल्क लगाए जाने पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में महामंत्री अनिल वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता अजय यादव, सैदपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुजीत यादव ने सोमवार को विधायक व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रविदास मेहरोत्रा को ज्ञापन दिया। महामंत्री अनिल वर्मा ने कहा कि नगर निगम द्वारा अगर कोई शुल्क बढ़ाया जा रहा है तो उस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

### सुनील बने ट्रांसपोर्ट नगर इकाई के अध्यक्ष



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की ओर से सोमवार को ट्रांसपोर्टनगर इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सुनील मौर्या को अध्यक्ष, सुरेंद्र मौर्या को महामंत्री, आनंद यादव व रणजीत मौर्या को उपाध्यक्ष, अजय प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष, अमित शर्मा को संगठन मंत्री, राजीव गुप्ता को मीडिया प्रभारी, जयभान सिंह को सह मीडिया प्रभारी चुना गया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में कई व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता भी ली। इस दौरान संजय गुप्ता ने कहा कि संगठन हर हाल में व्यापारियों के साथ खड़ा है।

### DM कार्यालय के सामने धरने पर बैठे कांग्रेसी



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट घेरा। कार्यकर्ता डीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और सरकार विरोधी नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा है। मौके पर कांग्रेस कमिटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बब्लू, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, पूर्व विधायक इंदल रावत, राजेंद्र पांडे, मौजूद रहे।

### वॉर्डन ने सीखे आपदा में कुशल प्रबंधन के गुर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: नागरिक सुरक्षा संगठन के तृतीय बैच के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में 90 वॉर्डन ने आपदा में प्रबंधन के गुर सीखे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को हुआ। नागरिक सुरक्षा संगठन का तृतीय बैच का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें 90 वॉर्डन को प्रशिक्षित किया गया। समापन समारोह में डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रहे। चीफ वॉर्डन अमरनाथ मिश्र ने उन्हें सम्मानित किया। डीसीपी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक आपदा प्रबंधन, आपातकालीन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण सहयोग देते हैं।



### कौशल विकास प्रशिक्षण देगा NBRI

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सीएसआईआर राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई), की ओर से सीएसआईआर इंटीग्रेटेड स्किल इनीशिएटिव फेस 3 के तहत दो विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाने जा रहा है। इन कार्यक्रमों के जरिए विद्यार्थियों और शोधार्थियों में व्यावहारिक वैज्ञानिक कौशल को विकसित किया जाएगा। पहला कार्यक्रम अप्लाइड बायोइन्फॉर्मेटिक्स विषय पर आधारित सर्टिफिकेट कोर्स है, जो 29 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक चलेगा। दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम सॉयल एंड वाटर एनालिस्ट विषय पर केंद्रित है, जो मंगलवार से 20 जनवरी 2026 तक चलेगा।

### 26 को मनाया जाएगा वीर बाल दिवस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ मंडल के समस्त माध्यमिक स्कूलों में इस साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। यह जानकारी मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने दी। बताया कि शिक्षा निदेशक, माध्यमिक डॉ. महेंद्र देव की ओर से लखनऊ मंडल के तहत आने वाले सभी छह जिलों के माध्यमिक स्कूलों में वीर बाल दिवस के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की ओर से सिखों के दशम गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया है।

TIMES interact — To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) — Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
विपणन, विज्ञापन और बिक्री
बिक्री

REQUIRED Female/ Male Any age for direct to home Sales BESAN Salary + Incentive Contact: 7310314000

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

विश्रान्त हिन्दू स्कूल सोसाइटी लखनऊ
पत्रांक: 1RNSS-017/21/2025 दिनांक: 20/12/2025
सार्वजनिक सूचना
विश्रान्त हिन्दू स्कूल सोसाइटी का विशेष आम सभा सत्र दिनांक 20/12/2025 दिन शनिवार अपराह्न 04:30 बजे स्थान विश्रान्त हिन्दू इंटर कॉलेज, चौक ... [illegible] ... सचिव/प्रबंधक विश्रान्त हिन्दू स्कूल सोसाइटी चौक ... लखनऊ

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I, Hamad Khan, son of Siraj Ahmad Khan, resident of 265/40-B, Victoria Ganj, Lucknow, have changed my name to Hamad Ahmad Khan and shall henceforth be known as Hamad Ahmad Khan for all purposes.

I, Tarannum Khan also known as Tarannum, have changed my name to Tarannum Siraj. Henceforth, I shall be known as Tarannum Siraj, W/O Siraj Ahmed Khan, resident of 265/40-B Victoria Ganj, Lucknow-226004.

मैं, हरीश कुमार, पुत्र श्री सुशील कुमार, निवासी मकान संख्या 5/1149, सेक्टर 5, जानकीपुरम विस्तार, जनपद लखनऊ, यह सूचित करता हूँ कि अब मैंने अपना नाम "हरीश चन्द उपाध्याय" तथा अपने पिता का नाम "सुशील कुमार उपाध्याय" रख लिया है। भविष्य में मेरे सभी कार्यों, दस्तावेजों तथा अभिलेखों में मेरा नाम "हरीश चन्द उपाध्याय" पुत्र "सुशील कुमार उपाध्याय" ही मान्य होगा। दोनों नाम एक ही व्यक्ति को सम्बोधित करते हैं।

सूचित हो कि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज अभिलेखों में मेरा सही नाम मो तबरेज (Md Tabrez) है। जबकि मेरे पासपोर्ट L8180988 में मेरा नाम मोहम्मद तबरेज (Mohammad Tabrez) अंकित है। मो तबरेज व मोहम्मद तबरेज एक ही व्यक्ति के नाम हैं। लेकिन अब मुझे मो तबरेज (Md Tabrez) के नाम से जाना व पहचाना जाए। मो तबरेज पुत्र अकबर अली, निवासी- महमूदपुर, पोस्ट - बलीपुर, कादीपुर, जिला - सुल्तानपुर, उ0प्र0।

सूचना
मैं, आस्तिक मिश्रा, (Aastik Mishra) पिता अमरेन्द्र मिश्रा, निवासी एम.आई.जी. 3B 44 एडीए कॉलोनी नैनी प्रयागराज-211008। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अस्तिक (Astik) गलत लिखा हुआ है, जबकि मेरे सभी दस्तावेज के अनुसार मेरा सही नाम आस्तिक मिश्रा (Aastik Mishra) है।

खोया एवं पाया
मैं सुधा भाटला, पत्नी राज भाटला, निवासी 15 एमी आदर्श नगर, आलमबाग, लखनऊ, घोषणा करती हूँ कि मेरे मकान संख्या 553 प/113 मिनिक, भूखण्ड संख्या 50, पटेल नगर आलमबाग, लखनऊ का मूल पूर्व विक्रय विलेख जो कि उप निबंधक लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 13/1/1964 को दर्ज है, वो वास्तव में कहीं खो गया है।

TO PLACE AN ADVERTISEMENT IN THIS SECTION PLEASE CALL
CALL : 18001205474 (Toll Free)
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना सं. 13 वर्ष 2025-26
अधोलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है। **कार्यों का विवरण :** इज्जतनगर मंडल के विभिन्न यार्ड की मॉनीटरिंग हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरों का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,55,51,407.31 **बयाना राशि :** ₹ 2,77,800 **कार्य समापन अवधि:** 6 माह। **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक-12.01.2026 को 11:00 बजे। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।
वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजी./इज्जतनगर
मुजपि/सिगनल-78
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER, CONSTRUCTION & DESIGN SERVICES (E/M WING)
U.P. JAL NIGAM (URBAN)
3/218, VIVEK KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW.
Letter No.: 1828/Karya-17/(25)/153
Dated: 20.12.2025
SHORT TERM E-TENDER NOTICE
Digitally signed e-bids are invited on behalf of U.P. Jal Nigam (URBAN) for "SITC of STP Plant and associated work" from eligible, reputed and experienced bidder. Detailed E-bid documents will be available for download from 26.12.2025 by 16:00 Hrs., Submission of e-bid till 05.01.2026 up to 10:00 Hrs. and opening of e-bid on 05.01.2026 at 12:00 Hrs. EMD required as per details given N.I.T. & E-tender Cost is Rs. 10000.00+GST@18% for tender. Details are also available on U.P. Govt. e-procurement portal http://etender.up.nic.in & U.P.J.N. website www.jn.upsdc.gov.in.

FORM G
CORRIGENDUM TO THE INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST
PUBLISHED ON 06.12.2025 FOR
WIND WORLD (INDIA) INFRASTRUCTURE PRIVATE LIMITED
OPERATING IN ELECTRIC SUB-STATIONS, TRANSMISSION LINES, EVACUATION FACILITIES FOR THE SETTING UP AND RUNNING OF WIND POWER PROJECTS AT RAJASTHAN, GUJARAT, KARNATAKA, TAMIL NADU, ANDHRA PRADESH
(Under sub-regulation (1) of regulation 36A of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

RELEVANT PARTICULARS

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the corporate debtor along with PAN & CIN/ LLP No. | Wind World (India) Infrastructure Private Limited PAN: AABCE5226C CIN: U45200MH2005PTC156819 |
| 2 | Address of the registered office | Office at Enercon Tower, Plot No 9-A Veera Industrial Estate Veera Desai Road, Andheri (West), Mumbai, Maharashtra, India, 400053 |
| 3 | URL of website | NA |
| 4 | Details of the place where the majority of fixed assets are located: | STATE – SUBSTATION REGION; KARNATAKA – HARTHI, TADAS, TUMKUR, AIMANGALA, GADAG, BELGAUM, DAVANGERE; RAJASTHAN – BHU JAISALMER, SALODI JODHPUR FATEGARH, JAAJIYA; GUJARAT – BHOGAT, SURENDRANAGAR, JAMJODHPUR, LALPUR, VADALI, RASALIYA, SURENDRANAGAR; TAMIL NADU – PILLAYARKULAM, KALUGHUMALAI; ANDHRA PRADESH – ANANTHPUR |
| 5 | Installed capacity of main products/ services | The CD has 220/33KV, 132/33KV, 110/33 KV, 66/33 KV substations across 20 locations for usage of wind energy projects with installed capacity of 3508.21 MW |
| 6 | Quantity and value of main products/ services sold in the last financial year | Rs 21,47,00,000 (Revenue from operations as on 31st March, 2025) |
| 7 | Number of employees/ workmen | 0 |
| 8 | Further details, including last available financial statements (with schedules) of two years, lists of creditors are available at URL: | For further details, write an email to wwiipl.cirp@gmail.com |
| 9 | Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) & 29A of the Code is available at: | The Resolution Applicant must be eligible under section 29A of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016. For detailed EOI and eligibility criteria, please write an email to wwiipl.cirp@gmail.com |
| 10 | Last date for receipt of expression of interest | 06.01.2026 (Previously it was on 22.12.2025) |
| 11 | Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants | 16.01.2026 (Previously it was on 01.01.2026) |
| 12 | Last date for submission of objections to provisional list | 21.01.2026 (Previously it was on 06.01.2026) |
| 13 | Date of issue of final list of prospective resolution applicants | 31.01.2026 (Previously it was on 16.01.2026) |
| 14 | Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants | 05.02.2026 (Previously it was on 21.01.2026) |
| 15 | Last date for submission of resolution plans | 07.03.2026 (Previously it was on 20.02.2026) |
| 16 | Process email id to submit Expression of Interest | wwiipl.cirp@gmail.com |
| 17 | Details of the corporate debtor's registration status as MSME | NA |

Sd/-
IP Megha Agrawal
IBBI/IPA-001/IP-P01456/2018-19/12272
AFA valid up to 31.12.2025
Date: 23.12.2025
Place: Nagpur
Address Registered with IBBI: C/o Truves Absolute Insolvency Resolution LLP, 001, Shivanjini Apartments, In Circle of Congress Nagar Garden, Congress Nagar, Nagpur – 440012 (M.S.) For Wind World (India) Infrastructure Private Limited

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 23-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: pratik.awasthi Time: 12-23-2025 00:16 Color:




## रुपये वापस करने के लिए भेजा लिंक, खाते में लगाई सेंध

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : साइबर जालसाज ने कस्टमर केयर कर्मी बनकर नगराम निवासी युवक को ठग लिया। पीड़ित हरिकेश ने बताया कि Blinkit पर ऑर्डर की डिलिवरी न होने पर उसने गूगल से नंबर खोजकर कॉल किया। ठग ने रिफंड के नाम पर लिंक भेजा। लिंक खोलकर डिटेल भरते ही खाते से 83,059 रुपये निकल गए। शिकायत पर नगराम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और अनजान लिंक न खोलने की अपील की है।

# फर्ज़ी मार्कशीट से खाड़ी देशों में नौकरी करने गए युवा!

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : फर्जी मार्कशीट, प्रमाण पत्र और डिग्री बनाने वाले गिरोह से सबसे अधिक खाड़ी देशों में नौकरी के लिए जाने वाले युवा संपर्क करते थे। सूत्रों का कहना है कि पुलिस को यह जानकारी छानबीन के दौरान मिली है।

AI Image



गोमतीनगर के विशालखंड इलाके से पुलिस ने कई विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट प्रमाण पत्र, डिग्री तैयार करके बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों अयोध्या निवासी सत्येंद्र द्विवेदी, उन्नाव निवासी अखिलेश कुमार और लखीमपुर खीरी निवासी सौरभ शर्मा को गिरफ्तार किया था। गिरोह का सरगना सत्येंद्र द्विवेदी है। गिरोह के लोग 25 हजार से लेकर 4 लाख रुपये फर्जी मार्कशीट, प्रमाण पत्र और डिग्रियां बेचते थे। आरोपित स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय (मेरठ), नॉर्थ ईस्ट क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी (नागालैंड), महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय (उत्तराखंड), कलिंगा विश्वविद्यालय (छत्तीसगढ़), जेआरएन राजस्थान विद्यापीठ (उदयपुर), साबरमती विश्वविद्यालय (गुजरात) सहित करीब 25 विश्वविद्यालयों के नाम पर फर्जी मार्कशीट प्रमाणपत्र और डिग्रियां बना कर बेच रहे थे। आरोपितों के पास से पुलिस ने 25 से अधिक विश्वविद्यालय के 923 फर्जी मार्कशीट व प्रमाण पत्र, 15 कूटरचित मुहरें, 1 नीला इंक पैड, 2 लाख नकद, 65 विशेष मार्कशीट पेपर, 6 लैपटॉप, 2 हार्डडिस्क, प्रिंटर, सीपीयू, 5 मोबाइल फोन, रजिस्टर, फाइलें, 5 चेकबुक, पासबुक और डाटा डिवाइस बरामद की थी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को पड़ताल के दौरान यह जानकारी मिली है कि फर्जी मार्कशीट, डिग्रियां और प्रमाण पत्रों के जरिए कई युवा खाड़ी देशों में नौकरी करने के लिए गए हैं। इसके अलावा निजी कंपनियों में भी नौकरी हासिल की। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि गिरोह में शामिल सात से अधिक सदस्यों की तलाश की जा रही है। उनकी तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी जा रही है। इसके अलावा पुलिस सरगना के ऑनलाइन एग्जाम सेंटर के बारे में भी डिटेल जुटा रही है। पुलिस ने आरोपित सत्येंद्र के पास एक लैपटॉप बरामद किया था। जिसे खंगालने में 400 छात्रों के नाम सामने आए हैं। इन्हें जानकारी में मार्कशीट देनी थी। लैपटॉप में सभी का नाम, मोबाइल नंबर समेत सभी जानकारियां मिली हैं।

■ गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस कई स्थानों पर दे रही दबिश

# KGMU में घुसे हिंदू संगठन, अधिकारियों का किया घेराव




NBT न्यूज, लखनऊ : केजीएमयू में धर्मांतरण के कथित प्रयास के मामले ने सोमवार को और तूल पकड़ लिया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल समेत कई हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में केजीएमयू परिसर में जबरन दाखिल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने ब्राउन हॉल में घुसकर नारेबाजी शुरू कर दी। हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए, जब वीसी समेत कई अधिकारियों को हॉल में घेरकर बाहर जाने से रोक दिया गया।

घटना दिन में करीब एक बजे की है। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता नारे लगाते हुए केजीएमयू में दाखिल हुए और सीधे ब्राउन हॉल की ओर बढ़ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। धक्का-मुक्की के बीच वे ब्राउन हॉल में घुस गए। हॉल के भीतर 'धर्मांतरण बंद करो' और 'दोषियों पर कार्रवाई करो' जैसे नारे लगाए गए। विहिप के संगठन मंत्री समरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि धर्मांतरण के प्रयास के आरोपित मेल रेजिडेंट को बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील है। इसके बावजूद केजीएमयू प्रशासन हीलाहवाली कर रहा है। प्रदर्शनकारी कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद से वार्ता की मांग पर अड़ गए। अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं थे।

**करणी सेना का अलग प्रदर्शन :** केजीएमयू के बाहर छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा के पास करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने भी हंगामा किया। करणी सेना के पदाधिकारी ठाकुर आशीष सिंह के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन हुआ।

### लव जिहाद वालों को मिट्टी में मिला देंगे: अपर्णा यादव

लखनऊ: उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने केजीएमयू में धर्मांतरण मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि लव जिहाद करने वालों को हम मिट्टी में मिला देंगे। अपर्णा ने पीड़िता के साथ प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि लव जिहाद हिंदू महिलाओं के साथ एक खेल है। इस मामले की पूरी जानकारी खुद सीएम साहब को दी है। पीड़िता ने केजीएमयू के रेजिडेंट के खिलाफ धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत राज्य महिला आयोग से की है। अपर्णा ने कहा कि वे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराएंगी और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भिजवाएंगी।

### स्थिति खराब हुई तो बुलानी पड़ी पुलिस

स्थिति तब और बिगड़ गई, जब वीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी ब्राउन हॉल पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने उनका घेराव कर लिया और बाहर निकलने से रोक दिया। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों के तेवर कुछ नरम पड़े। इसके बाद कुलपति ने प्रदर्शनकारियों की मांगों को सुना और आश्वासन दिया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जा रही है। जांच में अगर मेल रेजिडेंट दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और ब्राउन हॉल खाली किया गया। बताया जा रहा है कि यह पहला मौका है, जब किसी संगठन ने केजीएमयू के ब्राउन हॉल में जाकर इस तरह का प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि केजीएमयू की एक महिला रेजिडेंट ने पुरुष रेजिडेंट पर धर्मांतरण के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है। महिला रेजिडेंट ने इसकी शिकायत सीएम और राज्य महिला आयोग से की है।

टक्कर के बाद 20 फुट दूर गिरा था युवक, आक्रोशित परिवारीजनों ने किया प्रदर्शन

# रॉन्ग साइड आ रही बस ने मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

NBT न्यूज, पारा

आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह घने कोहरे के बीच विपरीत दिशा से जा रही प्राइवेट बस ने बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड को रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस की टक्कर से गार्ड करीब 20 फुट दूर जाकर गिरा था। भागने के चक्कर में चालक ने बस गार्ड के ऊपर चढ़ा दी थी। घटना के बाद चालक बस छोड़ कर भाग निकला। आक्रोशित परिवारवालों ने चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर परिवारीजनों को शांत कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

काकोरी के दोना गांव निवासी शिवरतन ने बताया कि उनका बेटा रोहित गौतम करीब दो महीने से ठाकुरगंज के एक हॉस्पिटल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। रोज की तरह सोमवार सुबह वह बाइक से आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन से होते हुए ड्यूटी पर जा रहा था। इस दौरान घने कोहरे में पारा इलाके के जीरो पॉइंट की तरफ से विपरीत दिशा से आ रही बेकाबू बस ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रोहित उछलकर बस से टकराकर करीब 20 फुट दूर गिरा जाकर। इसके बाद चालक ने भागने के चक्कर में बस उसके ऊपर चढ़ा दी। हादसे में रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना देख राहगीर मदद के लिए दौड़े। लोगों को आता देख चालक बस छोड़कर मौके से भाग निकला। लोगों ने डायल-112 सूचना दी। जानकारी मिलते ही पारा व काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस बीच रोहित के परिवारीजन काफी संख्या में मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर ही प्रदर्शन करने लगे। परिवारीजन आरोपित बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

### पिता बोले, गलत दिशा से रहे वाहनों पर लगे रोक



रोहित गौतम

जवान बेटे को खोने वाले बूढ़े पिता शिवरतन ने अपनी मांगों का एक पत्र इंस्पेक्टर को सौंपा है। इसमें मांग रखी कि सर्विस लेन पर उल्टी दिशा से आने वाले वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए। सर्विस लेन के दोनों ओर फैली झाड़ियों की सफाई करवाएं, जिससे हादसों पर अंकुश लग सके। पिता ने आर्थिक सहायता और सरकारी योजना के तहत भूमि उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। वरुण विहार आवास योजना के तहत पीड़ित परिवार को एक आवास दिए जाने की मांग भी की गई है। बच्चों की शिक्षा से संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाने की मांग भी पिता ने की है।

### परिवार में अकेला कमाने वाला था

परिवारीजनों के मुताबिक रोहित गार्ड की नौकरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। उसकी मौत के बाद से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार में पत्नी गीता देवी, बेटा हिमांशु (7) बेटी शिवानी (5) है। इसके अलावा मां रामरती, भाई अमरकुमार, लवकुश, अनिल, अजय व बहन शिवानी है। रोहित की मौत से बेटा हिमांशु पापा को याद कर रो रहा है। पत्नी पर भी दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां तो बेटे की मौत के बाद से बार बार बेहोश हो रही है। रिश्तेदार किसी तरह पीड़ित परिवार को संभाल रहे थे।

### कोहरे में बस की रफ्तार काफी तेज थी

स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह बहुत घना कोहरा था। इसके बाद भी प्राइवेट बस उल्टी दिशा में बहुत तेज रफ्तार में जा रही थी।



रफ्तार अधिक होने के कारण चालक बस को संभाल नहीं सका। सामने से आ रहे बाइक सवार रोहित को रौंद दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज आवाज सुनकर वे दौड़े तो एक युवक खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। जब तक लोग पहुंचते,चालक मौके से भाग चुका था।


### कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची

घटना की सूचना मिलने के कुछ देर बाद पारा, दुबग्गा, काकोरी और मानकनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे परिवारीजनों व स्थानीय लोगों को समझाने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे आक्रोशित परिवारीजन प्रदर्शन करते रहे। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने चालक पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिवारीजनों शांत हुए। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पिता शिवरतन की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपित चालक की तलाश की जा रही है।

## वाहन की टक्कर से चाचा की मौत, भतीजा घायल

NBT न्यूज, पीजीआई : मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर बाइक सवार चाचा-भतीजे को वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने चाचा को इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया, जबकि भतीजे का इलाज जारी है।

मोहनलालगंज में हादसा



हैदर कैनाल कॉलोनी, हुसैनगंज निवासी सूरज कश्यप (32) मजदूरी करते थे। परिवारीजनों के मुताबिक रविवार को सूरज भतीजे पंकज को लेकर मोटरसाइकल से बहरावां स्थित सुदौली गांव ससुराल गए थे। दोपहर में दोनों घर लौटने के लिए निकले थे। करीब 3:30 बजे रास्ते में तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ऐंबुलेंस से दोनों को ट्रॉमा सेंटर भेजा, जहां इलाज के दौरान सूरज ने दम तोड़ दिया। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

### इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया

परिवारीजनों ने आरोप लगाया कि घायलों को ऐंबुलेंस से सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया गया लेकिन वहां काफी देर तक सही इलाज नहीं मिला। इस दौरान सूरज की हालत बिगड़ती चली गई। सूरज के भाई के अनुसार, सीएचसी पर उस समय ऐंबुलेंस भी नहीं थी, इस वजह से समय पर रेफर भी नहीं किया जा सका। शाम करीब 6 बजे ऐंबुलेंस मिलने के बाद सूरज को पीजीआई ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### फटाफट खबरें

### जूलरी शॉप पर चोरी में संदिग्धों से पूछताछ

NBT न्यूज, मलिहाबाद : मिर्जागंज में फजल जूलर्स के यहां हुई आभूषणों की चोरी में डीसीपी नॉर्थ गोपाल कृष्ण चौधरी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मामले में सोमवार को दुकान के स्टाफ सहित संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के मुताबिक सर्विलांस सहित कई टीमें चोरों की तलाश में लगी हुई हैं। सीसीटीवी फुटेज में वारदात वाली रात दो बाइक से चार लोग हरदोई की रोड की तरफ भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। सोमवार को पुलिस ने हरदोई रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। जेल से छूटे कई संदिग्धों से पुलिस ने पूछताछ की है।

### अवैध खनन की शिकायत पर केस दर्ज

NBT न्यूज, माल : आट पंचायत में सरकारी जमीन पर चोरी से अवैध खनन करने वालों के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल ने मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है। हल्का क्षेत्र आट पंचायत की महिला लेखपाल अंशिका पाल ने ग्रामीणों द्वारा दी गई चोरी से पंचायत की गाटा संख्या 181 टीला का अवैध खनन करने की शिकायत पर तहरीर देकर केस दर्ज करवाने का अनुरोध किया है। तहरीर में लेखपाल ने आरोप लगाया है कि गांव के ही निवासी राजेंद्र सिंह व कुछ अन्य ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन किया गया है। इस मिट्टी को बाहरी गांव स्थित राजेंद्र सिंह ने अपने बाग, तालाब और प्लॉटों पर डाला है। सरकारी गाटा पर अवैध खनन करने वाली जेसीबी UP 32 WN8410 को भी पुलिस के सुपुर्द किया गया है। लेखपाल अंशिका पाल और ग्रामीणों ने आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ जुर्माना लगाने की मांग की है।

### विकासनगर में युवक पर जानलेवा हमला

NBT न्यूज, लखनऊ : विकास नगर में पुरानी रंजिश में एक युवक पर ईंटों से जानलेवा हमला कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर रविवार को विकास नगर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। विकासनगर के सेक्टर छह का पुरवा निवासी धर्मेंद्र यादव बुधवार शाम करीब तीन बजे घर से बाजार जा रहा था। इसी दौरान खुर्रम नगर में पुरानी रंजिश में सक्षम नाम के युवक ने अचानक उस पर हमला कर दिया। आरोपित ने ईंटों से चेहरे पर चार से पांच बार वार कर गंभीर चोटें पहुंचाईं, जिससे धर्मेंद्र सड़क पर गिर पड़ा। आरोप है कि हमले के बाद आरोपित गाली-गलौज करते हुए फरार हो गया और जान से मारने की धमकी भी दी है। थाना प्रभारी SI आलोक सिंह का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

### आग में जलकर किसान की गृहस्थी राख

NBT न्यूज, नगराम : नगराम क्षेत्र के ग्राम अमरसंतपुर में रविवार को आधी रात किसान जगदीश के घर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। हादसे में घर गृहस्थी व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। आनन-फानन में फायर ब्रिगेड और स्थानीय थाने को सूचना दी गई। मौके पर फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों की मदद से नगराम-पुलिस ने आग बुझा ली। एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल ने कहा कि आग से पीड़ित परिवार को जल्दी सहायता दिलाई जाएगी।

### फर्जी दस्तावेज पर बैनामा, तीन गिरफ्तार

NBT न्यूज, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिर युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार, 10 अक्टूबर को सैफपुर निवासी तौसीफ हुसैन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पिता महमूद उर्फ टीरक की मृत्यु के बाद वह ग्राम मुरावपुर स्थित भूमि का वैध उत्तराधिकारी है। आरोप है कि 20 अगस्त 2025 को तहसील में विपक्षी दर्ज कराने पहुंचने पर पता चला कि शाहबुद्दीन निजामुद्दीन उस्मानी, भगवान देई चौहान और विमल सिंह ने कूटरचित दस्तावेज व फर्जी हस्ताक्षर के जरिए उसकी पैतृक भूमि का बैनामा करा लिया है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की गई, जिसमें रमेश कुमार सिंह, अमन और खुर्शीदन के नाम सामने आए। तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कॉपर केबल चोरी करते तीन युवक अरेस्ट

NBT न्यूज, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीती रात एक निजी कंपनी की मोटर से कॉपर केबल चोरी करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। श्रावस्ती निवासी कृष्ण बहादुर सिंह ने बताया कि वह गोरखपुर के मोहद्दीपुर स्थित अजय ऑप्टोरिस्ट में सुपरवाइजर है। वर्तमान में कंपनी का काम अमौसी रेलवे स्टेशन के पास टीएस मिश्रा हॉस्पिटल के पास चल रहा है। 21 दिसंबर की रात करीब 12:15 बजे उन्होंने कंपनी परिसर में लगी मोटर का कॉपर केबल काटते हुए तीन लोगों को देखा। आरोप है कि कंपनी में राजगीर के रूप में कार्यरत मऊ जिले के कोपागंज निवासी कमलेश चौहान अपने दो साथियों के साथ केबल चोरी कर रहा था। कृष्ण बहादुर ने मौके पर मौजूद गार्ड को सूचना दी, जिसके बाद तीनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

### 11.50 लाख की लौंग लेकर ड्राइवर फरार

NBT न्यूज, सरोजनीनगर : कृष्णानगर के नरेंद्र कुमार नौरंगानी ने ट्रांसपोर्टर की लापरवाही से लाखों रुपये का माल गायब होने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नरेंद्र कुमार के मुताबिक वह सरोजनीनगर के बंटूरा स्थित आरएन स्टोवल ट्रेडिंग प्रा. लि. के निदेशक हैं और उनकी कंपनी मसालों से संबंधित कारोबार करती है। पीड़ित का कहना है कि 17 नवंबर 2025 को उन्होंने 42 लाख लौंग लखनऊ से मेसर्स शिव अकबरती भंडार, शाहबगंज गोरखपुर के लिए विश्वास कार्गो मूवर्स ट्रांसपोर्ट के माध्यम से भेजी थी, जिसकी कीमत करीब 11.50 लाख रुपये है। काफी समय बीत जाने के बाद भी माल नहीं पहुंचा। आरोप है कि इस संबंध में जब ट्रांसपोर्टर से संपर्क किया गया तो उसने बताया कि उनका चालक माल लेकर फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विवाद में बुजुर्ग की रीढ़ की हड्डी तोड़ी

NBT न्यूज, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके में सड़क पर पिकअप खड़ा करने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। हरौनी गांव निवासी निशा देवी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सवा छह बजे वह अपने भाई के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। सड़क पर वाहन खड़े होने से रास्ता बंद था। भाई द्वारा विरोध करने पर आरोप है कि बाबूलाल, रजनीश, कुलदीप, रामपाल और सीमा ने निशा और उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। निशा के बाल पकड़कर उसे सड़क पर घसीटा गया। किसी तरह जान बचाकर वह घर पहुंची, लेकिन आरोपित वहां भी घुस आए और निशा के पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट में पिता की रीढ़ की हड्डी टूट गई। शोर सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायल को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### बच्ची से दरिंदगी की कोशिश, अरेस्ट

NBT न्यूज, मलिहाबाद : मलिहाबाद में 6 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां के अनुसार 20 दिसंबर की शाम उनकी छह साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान मोहल्ले का रहने वाला 55 वर्षीय इमरान अली उसे लालच देकर बहला-फुसलाकर अपने कमरे में ले गया। काफी देर तक बेटी के नजर न आने पर उसे खोजते हुए आरोपित के घर पहुंची और आवाज लगाई। आवाज सुनकर बच्ची ने दरवाजा खोला। आरोप है कि इमरान गलत काम करने की कोशिश कर रहा था, महिला को देखते ही वह मौके से फरार हो गया। बाद में आरोपित को नींबू पार्क से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शादी का झांसा देकर किशोरी को ले गया था, अरेस्ट

NBT न्यूज, लखनऊ : मदेयगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर 13 वर्षीय किशोरी को अपने साथ ले जाने वाले युवक को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

इंस्पेक्टर मदेयगंज अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित चिनहट के सतरिख रोड निवासी कबीर सिंह है। त्रिवेणी नगर निवासी एक 13 वर्षीय किशोरी से कबीर फोन पर बात करता था और शादी का झांसा देकर 12 दिसंबर को उसे अपने साथ ले गया। जानकारी होने पर किशोरी के पिता ने कबीर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया था।

एसआई प्रदीप सिंह ने डालीगंज क्रॉसिंग से आरोपित को गिरफ्तार किया जबकि किशोरी पक्का पुल के पास से मिली।

## पिता ने युवक पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

### मेकअप आर्टिस्ट सुइसाइड केस

NBT न्यूज, लखनऊ : विकास नगर निवासी मेकअप आर्टिस्ट नेहा कुमारी की मौत के मामले में साथ रहने वाले युवक पर प्रताड़ित, मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है। नेहा के पिता ने आरोपित की चाची और भाई पर समझौते का दबाव बनाने, रुपये, गहने और फोन गायब करने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर रविवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

मां को फोन पर सुनाई थी आपबीती, केस दर्ज किया गया

बहराइच मिहींपुरवा निवासी सत्य नारायण ने बताया कि उनकी बेटी नेहा का विवाह 2019 में हुआ था। दो वर्ष पहले तलाक के बाद नेहा विकासनगर में आकर रहने लगी और मेकअप आर्टिस्ट का काम सीख रही थी। सत्य नारायण का कहना है कि इसी दौरान गांव का ही युवक अजीत कुमार उसके कमरे पर आने-जाने लगा और बाद में दोनों साथ रहने लगे। कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। नेहा ने अपनी मां को फोन पर बताया था कि अजीत उसके साथ मारपीट करता है, गाली-गलौज करता है और जान से मारने की धमकी देता है, जिससे वह बेहद परेशान है। आरोप है कि आठ दिसंबर की रात करीब 11 बजे अजीत की चाची भारती और उसका भाई संदीप ने परिवार को सूचना दी कि नेहा ने फांसी लगा ली है। परिवारीजनों का यह भी आरोप है कि नेहा के पास मौजूद नगद रुपये, गहने और मोबाइल फोन गायब हैं। सत्य नारायण ने अजीत पर बेटी को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

### 'ससुरालवालों ने बनाया बंधक'

NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर निवासी एक महिला ने ससुरालवालों पर बंधक बनाकर प्रताड़ित करने, दहेज उत्पीड़न और छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं। मानस नगर निवासी अन्नू ने बताया कि उनका विवाह 3 दिसंबर 2017 को शिव शंकर से हुआ था, जो ग्रामीण बैंक की तुलसीपुर (बलरामपुर) शाखा में वरिष्ठ लिपिक हैं। पीड़िता का आरोप है कि विवाह में करीब 20 लाख रुपये दहेज दिया गया, फिर भी ससुराल पक्ष 5 लाख अतिरिक्त मांगता रहा। पीड़िता का कहना है कि आठ वर्षों से उसे बंधक बनाकर रखा गया।

### बाइक पर गिरी डाल, केस

NBT न्यूज आलमबाग:आशियाना थाना इलाके में रहने वाले युवक की बाइक पेड़ की डाल गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं पीड़ित ने बिजली विभाग कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगा स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से शिकायत की है।

## नशे में ससुराल पहुंचकर लहराई तलवार, गिरफ्तार

NBT न्यूज, लखनऊ : NBT न्यूज, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में रविवार शाम शराब के नशे में अपनी ससुराल पहुंचे एक टेलर ने जमकर हंगामा किया। हाथ में चापड़ और घास काटने वाली तलवार लिए अपनी पत्नी को धमकाता रहा। बाद में लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसकी पत्नी की ओर से रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



सरोजनीनगर के खेलस निवासी रेनू के मुताबिक करीब 13 वर्ष पहले उसकी शादी बछला बाजार में बुद्धकी अड्डा स्थित पांडे का तालाब के पास रहने वाले आशीष कुमार गौतम के साथ हुई थी। आशीष वहां एक टेलर की दुकान पर कपड़े सिलने का काम करता है। रेनू का कहना है कि पीड़िता के दो बेटे और दो बेटियां होने के बावजूद उसका पति आशीष आए दिन शराब के नशे में उसे और बच्चों को मारता पीटता रहता है। आरोप है कि करीब 15 दिन पहले भी उसके पति आशीष ने रेनू के साथ मारपीट की थी। तब वह वहां से भाग कर अपने मायके चली आई। आरोप है कि रविवार शाम शराब के नशे में धुत आशीष उसके मायके पहुंचा और एक हाथ में चापड़ व दूसरे हाथ में घास काटने वाली तलवार लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए हंगामा करने लगा। इस पर आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। इसके बाद सरोजनीनगर पुलिस भी पहुंची और आशीष को पकड़कर थाने ले आई। सरोजनीनगर पुलिस ने पीड़िता रेनू की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया है।

## थाने की बाउंड्री से सटे वकील के चैंबर में चोरी

NBT न्यूज, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज थाने की बाउंड्री से सटे तहसील परिसर में रविवार रात अज्ञात चोरों ने अधिवक्ता चैंबर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की। चोर कटर और आरी की मदद से चैंबर के मुख्य द्वार को काटकर भीतर घुसे और अंदर रखी दो अलमारियों को पूरी तरह तोड़ डाला। तहसील परिसर में मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश प्रताप सिंह का चैंबर है। चैंबर में एक अलमारी में अधिवक्ता की महत्वपूर्ण फाइलें और मूल बैनामे रखे थे, जिन्हें चोर ले गए। इसके अलावा एक अलमारी स्टाम्प वेंडर आकाश की थी, जिसमें स्टाम्प, स्टेशनरी के साथ 1,53,000 नकद रखा था।घटना की जानकारी होते पर अधिवक्ताओं और स्टाम्प वेंडरों में आक्रोश जताया है। उन लोगों का कहना है कि थाना और तहसील जैसे सुरक्षित माने जाने वाली स्थानों में चोरी की वारदात पुलिस गश्त और रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर मोहनलालगंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना के बाद अधिवक्ता संघ ने रात की गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने और चौकीदार की तैनाती की मांग की है।

डेढ़ लाख नकद, स्टाम्प और जरूरी दस्तावेज ले उड़े चोर

### महिला की हिम्मत से स्नेचर पस्त

NBT न्यूज, पीजीआई : साउथ सिटी इलाके में रविवार शाम एक महिला से चेन लूटने की कोशिश की गई। महिला की सतर्कता से वारदात नाकाम हो गई। शोर मचाने पर बाइक सवार बदमाश मौके से भाग निकले। साउथ सिटी, रायबरेली रोड निवासी अनीता गुप्ता सब्जी लेकर घर लौट रही थीं। जब वह मिलेनियम स्कूल के पास पहुंचीं तो पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनकी चेन छीनने की कोशिश की। महिला ने समझदारी दिखाते हुए सब्जी का झोला नीचे गिरा दिया और दोनों हाथों से अपनी चेन पकड़ ली। साथ ही जोर से शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के लोग जुटने लगे, जिससे घबराकर बदमाश बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने पीजीआई कोतवाली में तहरीर दी।

**दिक्कत** मानवाधिकार आयोग ने जेल प्रशासन से मांगी रिपोर्ट, जेल प्रशासन ने मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट से मांगा ब्योरा

# जांच पूरी न होने से लटकी 33 बंदियों की मौत की फाइल

Gyaneshwar.prasad@timesofindia.com

AI Image




लखनऊ : जिला कारागार में निरुद्ध रहने के दौरान जान गंवाने वाले 33 बंदियों की फाइल मानवाधिकार आयोग में लटकी है। न्यायिक जांच पूरी न होने से मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। आयोग ने जेल प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। जेल प्रशासन ने मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट से न्यायिक जांचों की मौजूदा स्थिति का ब्योरा मांगा है। जिला जेल में निरुद्ध रहने के दौरान पिछले चार वर्षों में 33 बंदियों की मौत हो चुकी है। इन मामलों में पुलिस व कारागार प्रशासन की जांच के साथ ही न्यायिक जांच के भी आदेश दिए गए थे। मानवाधिकार आयोग ने मामलों का संज्ञान लिया था। बंदियों की मौत के मामलों में न्यायिक जांच रिपोर्ट अभी तक मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली को भेजा नहीं गया, जिसकी वजह से उक्त मामलों में जवाबदेही तय नहीं हो पा रही है। लिहाजा मानवाधिकार आयोग ने जेल प्रशासन से न्यायिक जांच की मौजूदा स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है, जिसके बाद वरिष्ठ जिला कारागार अधीक्षक ने मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट को पत्र लिखकर न्यायिक जांचों की मौजूदा स्थिति की रिपोर्ट मांगी है। इसके बारे में जिला प्रशासन के अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया है।

### 2021 से लंबित हैं न्यायिक जांचें

बंदियों की मौत के मामलों की न्यायिक जांचें वर्ष 2021 से लंबित हैं। जांच पूरी न होने की वजह से आयोग इन मामलों का निस्तारण नहीं कर पा रहा है। बीते दिनों आयोग ने प्रदेश की जेलों में निरुद्ध रहने के दौरान जान गंवाने वाले कई बंदियों के मामलों में उनकी अभिरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को दोषी पाया था। उन पर अर्थदंड भी लगाया गया था।

### जांच से तय होगी जवाबदेही

बंदियों की मौत के मामले में न्यायिक जांच की रिपोर्ट से जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी। न्यायिक जांच से स्पष्ट होगा कि बंदी की मौत स्वाभाविक थी या किसी की लापरवाही से उसकी जान गई। जानकारों का कहना है कि बंदियों की मौत के मामले में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर मानवाधिकार आयोग अर्थदंड भी लगा सकता है। आयोग की ओर से लगाया गया अर्थदंड बंदी के परिवारीजनों को दिया जाता है।

### इन बंदियों की न्यायिक जांच रिपोर्ट लंबित

बंदी मुकेश सक्सेना, रमा धवन, नंद किशोर, आकाश उर्फ शानू, विमल शर्मा, कमलेश तिवारी, नौशाद अली, पुरुषोत्तम गिरी, राजेश उर्फ पटेला, आसिफ, विशाल वर्मा, वीरू नट, राकेश कुमार, ओमेंद्र प्रताप, फुरकान और इरशाद समेत 33 बंदियों की मौत की न्यायिक जांच रिपोर्ट लंबित है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 23-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG6 User: cci Time: 12-23-2025 00:08 Color:



## फटाफट खबरें

### 'समाज की संवेदनाओं को स्वर देती है कला'

NBT न्यूज, लखनऊ: राज्य ललित कला अकादमी की ओर से डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कला निकेतन सोसायटी के सहयोग से क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ राज्य मंत्री सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त और अध्यक्ष ललित कला अकादमी डॉ. सुनील विश्वकर्मा ने किया। मुख्य अतिथि कहा कि कला समाज की संवेदनाओं को स्वर देती है और ऐसे आयोजन कलाकारों को नई दिशा व पहचान प्रदान करते हैं। मौके पर प्रो. पी. राजीव नयन, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह, गिरीश चंद्र मिश्रा, डॉ. अवधेश मिश्रा, डॉ. सुनीता शर्मा मौजूद रहे।

### श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर दिखी प्रतिभा



NBT रिपोर्ट, लखनऊ: अमीनाबाद इंटर कॉलेज में सोमवार को श्रीनिवास रामानुजन जयंती के मौके पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इसमें गणित वर्ग के लगभग 200 छात्रों व आठ गणित व विज्ञान के शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य भूमिका गणित प्रवक्ता अम्बरीष कुमार अवस्थी की रही। वहीं कान्हा उपवन विद्यालय के सभी छात्रों को अमीनाबाद इंटर कॉलेज के शिक्षक सच्चिदानंद की ओर से वूलेन कैप दिए गए।

### समाज सेवकों का हुआ सम्मान



NBT न्यूज, मोहनलालगंज: मोहनलालगंज ब्लॉक में सोमवार को समाजसेवी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजक ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, समाजसेवी अभिषेक शुक्ला व बीडीओ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र के समाज सेवकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि एक समाजसेवी निष्पक्ष और अपनी निर्भीकता से आम जनता की सहायता करता है। मौके पर समाजसेवी, अखिलेश द्विवेदी, मुकेश द्विवेदी, विमल सिंह, दिलीप मिश्र, ब्रजराज, अशोक, जयसिंह, अवनीश सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### CMS में बच्चों ने मनाया क्रिसमस उत्सव



NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सीएमएस अलीगंज सेकंड कैंपस में क्रिसमस उत्सव प्री-प्राइमरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों ने मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रिकट, रोल प्ले और नैतिक मूल्यों पर आधारित गतिविधियों के माध्यम से प्रेम, सहयोग और दया का संदेश दिया। माताओं की ओर से प्रस्तुत मधुर क्रिसमस कैरोल गीत कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे। विद्यालय की प्राचार्या सविता अधिकारी व प्री-प्राइमरी इंचार्ज प्रीति ओबेरॉय ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

### रेशम परिधानों की प्रदर्शनी का आगाज



NBT न्यूज, लखनऊ: कैसरबाग स्थित ऐतिहासिक सफेद बारादरी में सोमवार को विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार किए गए रेशम परिधानों की प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया संस्था द्वारा किया गया। 4 जनवरी 2025 तक चलने वाली ये प्रदर्शनी विभिन्न राज्यों के सिल्क परिधानों का संगम है। इसका उद्घाटन फैशन डिजाइनर दिव्या और रुबी ने किया। इस दौरान एम टीवी स्टार मोनिका सेविटार भी मौजूद रहे। आयोजक मानस आचार्य और जावेद मकसूद ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बुनकरों को एक मंच देना है और लोगों को भारतीय रेशम की समृद्ध विरासत से रूबरू करवाना है।

### स्टूडेंट्स ने मार्च पास्ट, पीटी का प्रदर्शन किया

NBT न्यूज, लखनऊ: नेशनल इंटर कॉलेज में सोमवार को वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि सांसद कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह ने हवा में गुब्बारे छोड़ कर किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर स्टूडेंट्स ने मार्च पास्ट और पीटी प्रदर्शन किया। मौके पर हुए 100 मी. जूनियर और 800 मी. सीनियर के इवेंट में स्टूडेंट्स ने दमदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक डॉ. गणेश चंद्र मिश्र, प्रधानाचार्य रामचंद्र, क्रीड़ाअध्यक्ष अश्वनी यादव मौजूद रहे।

### रोबो वॉर, रोबो रेस में बच्चों ने दिखाया दम




NBT न्यूज, लखनऊ: एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, विराज खंड-5, गोमती नगर में नेशनल यूथ रोबोटिक्स चैलेंज का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालयों से 150 से अधिक विद्यार्थियों की 60 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लेकर तकनीकी दक्षता और नवाचार का प्रदर्शन किया। एमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स एवं आरबीईएफ की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रोबो वॉर, आरसी कार रेस, रोबो रेस, रूट रेंजर, मेज सॉल्वर, ड्रोन रेस और इनोवेशन शोडाउन जैसी प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया। मौके पर प्रधानाचार्या रचना मिश्रा, डॉ. ललित मित्तल, प्रभात मिश्रा और शीला पांडेय, रत्नेश प्रताप सिंह, सूरज तिवारी और सत्यप्रकाश मिश्रा मौजूद रहे।

# एक वैज्ञानिक से रंगकर्मी तक की झलक दिखा गया 'बियॉन्ड द कर्टन'

## संगीत नाटक अकादमी में डॉ. अनिल रस्तोगी की जिंदगी पर नाटक का मंचन

NBT न्यूज, लखनऊ: फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी की जिंदगी में थिएटर से इतर अन्य पहलुओं को नाटक बियॉन्ड द कर्टन में दर्शाया गया। नाटक का मंचन सोमवार को गोमती नगर स्थित उप्र संगीत नाटक अकादमी में किया गया।

नाटक में उनके जीवन में परिवार, सीडीआरआई में एक वैज्ञानिक के तौर पर काम करना, जरूरतमंदों की सहायता करना, साथ ही कुछ प्रमुख नाटकों के अंश को एक कोलाज के रूप में प्रस्तुत किया गया। अन्य दर्शकों के साथ पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने भी नाटक देखा। मुकेश वर्मा गोस्वामी निर्देशित और डिजाइन किए इस नाटक को यश घोषी ने लिखा है। नाटक में डॉ. अनिल रस्तोगी और उनके युवा जीवन की भूमिका [illegible] ने निभाया। मंच पर पीछे लगी स्क्रीन पर उनके सीडीआरआई में एक वैज्ञानिक के पद पर काम करना दिखाया गया। [illegible] उन्होंने एक संवाद में बताया कि 1963 में सीडीआरआई में नौकरी लगी थी। उससे एक साल पहले 1962 से थिएटर करना शुरू कर दिया था। नौकरी और थिएटर साथ-साथ चले। आज 82 साल के हो गए हैं। उनका पहला नाटक [illegible] था। नाटक में उनके किए [illegible] सहित अन्य नाटकों के अंश भी दिखाए गए। नाटक में इसके अलावा उनके भाई की बनाई संस्था हरिओम सेवा केंद्र द्वारा की जरूरतमंदों की सेवा और दान को भी दिखाया गया। अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी ने बताया कि अब तक वो 75 फिल्में कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने वेब सीरीज में भी काम किया है।



### 'इन बिटवीन' में दिखा जीवन का अनुभव

NBT न्यूज, लखनऊ: पुनीत डांस थिएटर की ओर से विकास नगर में 'इन बिटवीन' नामक एक समकालीन डांस-थिएटर प्रस्तुति हुई। मंचन में जीवन की यात्रा के दौरान मिले छोटे-छोटे लेकिन गहरे अनुभवों को तीन कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति उन पलों को पकड़ने का प्रयास करती है, जहां जीवन पूरी तरह ठहर जाता है।

पहली कहानी बचपन की मासूम दोस्ती से शुरू होती है, जिसमें दो दोस्तों के बीच का गहरा रिश्ता और उनके बिछड़ने की कहानी को दर्शाया गया है। दूसरी कहानी शैली के माध्यम से आज के समाज का एक तीखा सच सामने लाती है, जिसमें एक कुत्ता इंसानों के पास जाता है, संवाद करना चाहता है, लेकिन लोग अपने-अपने मोबाइल फोन में उलझे रहते हैं। तीसरी कहानी राधिका एक लेट डांसर की आंतरिक और बाहरी यात्रा को प्रस्तुत करती है, जिसमें वह अपनी पहचान और अभिव्यक्ति का माध्यम बनाती है।

# रश्मि, बबीता और अंजलि फाइनल में

## प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता



सिटी स्पोर्ट्स

NBT न्यूज, लखनऊ: केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में खेली जा रही प्रदेश स्तरीय सम्मव्य सीनियर महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में सोमवार को आगरा की रश्मि बघेल, बबीता एवं अंजलि चाहर ने दमदार मुक्केबाजी कर मुकाबले जीते और फाइनल में प्रवेश किया। लाइट फ्लाईवेट में रश्मि एवं वेल्टरवेट में अंजलि ने ब्लू कॉर्नर से खेलते हुए जीत हासिल की। वहीं, बैंटमवेट में बबीता ने रेड कॉर्नर से खेलते हुए मुकाबले में दमदार प्रदर्शन कर गोरखपुर की अंकिता कुशवाहा के खिलाफ जीत हासिल की।

इसके अलावा, झांसी से रिंकी किशोरी ने लाइट फ्लाईवेट एवं निदा खान ने बैंटमवेट में दमदार प्रदर्शन किया और फाइनल में जगह बनाई। प्रयागराज से सानिया नफीस ने बैंटमवेट में, मेरठ से राशि शर्मा ने फ्लाईवेट एवं चंचल चौधरी ने लाइट फ्लाई वेट में बाजी मारी। फ्लाईवेट में अलीगढ़ से कुसुम, मुरादाबाद से सेजल शर्मा व सहारनपुर से अंशिका त्यागी और लाइट फ्लाईवेट में वाराणसी से काजल को ने सेमीफाइनल मुकाबले जीते।

### हैंडबॉल फेडरेशन के काउंसिल मेंबर बने डॉ. आनंदेश्वर पांडेय



NBT न्यूज, लखनऊ: हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंदेश्वर पांडेय एशियन हैंडबॉल फेडरेशन (एएचएफ) के काउंसिल मेंबर बनाए गए हैं। इजिप्ट के कैरो में बीते 20 दिसंबर को एशियन हैंडबॉल फेडरेशन की ऑर्डिनरी कांग्रेस में हुए पांच काउंसिल मेंबर के चुनाव में डॉ. आनंदेश्वर पांडेय निर्वाचित किए गए। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने बताया कि एएचएफ के डॉ. आरएल आनंद के बाद डॉ. आनंदेश्वर पांडेय दूसरे व्यक्ति हैं जिन्हें यह पद मिला है। मौके पर सदस्य एशियन हैंडबॉल फेडरेशन की सर्वसम्मति से आगामी चार साल की कार्यकारिणी के लिए डॉ. आनंदेश्वर पांडेय को अधिकृत किया गया।

**ये बने काउंसिल मेंबर:** डॉ. आनंदेश्वर पांडेय (भारत), मो. गुलजार (यूएई), डॉ. अहमद (इराक), डॉ. युंग हायकुंग (कोरिया) एवं आमिर अलकवानी (ओमान)।

### अवध हॉस्पिटल ने जीती नैशनल ट्रॉफी

NBT न्यूज, लखनऊ: शहर के आशियाना स्थित मास्टी एक्टिविटी सेंटर पर रविवार रात दो फाइनल मुकाबले खेले गए। सामान्य वर्ग में जेबी ग्रुप को हराकर अवध हॉस्पिटल रनर्स 4 विकेट ने सिंधी प्रीमियर लीग की नैशनल लेवल की ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, वेटरन ग्रुप में टीम स्टार को हराकर बीएचआर टीम ने चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

वेटरन वर्ग में खेले गए पहले फाइनल मैच में बीएचआर ने पहले बैटिंग करते हुए आठ ओवर में तीन विकेट खोकर 69 रन बनाए। जवाब में टीम स्टार 65 रन ही बना सका। पवन कुमार ने सबसे अधिक 25 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। सामान्य ग्रुप के फाइनल में जेबी ग्रुप को हराकर अवध हॉस्पिटल रनर्स ने चैंपियन ट्रॉफी जीती। जेबी ग्रुप ने पहले बैटिंग करते हुए आठ ओवर में पांच विकेट खोकर 66 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच कलम ने 20 रन बनाए और दो विकेट झटके।

### फाइनल में बड़े भाई को शिकस्त देकर अनुरुद्ध बने चैंपियन

NBT न्यूज, लखनऊ: लामार्टिनियर स्थित एसडीएस (स्पोर्ट्स डिवेलपमेंट सोसायटी) टेनिस अकैडमी में खेले जा रहे 23वें एरिडको कप प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में अंडर 18 का फाइनल मुकाबला दो सगे भाइयों के बीच खेला गया। जिसमें बड़े भाई अनुज कुमार को शिकस्त देकर छोटे भाई अनुरुद्ध ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, अंडर 16 बालक वर्ग में रोहिन राज चैंपियन बने। अंडर 14 बालक वर्ग में सात्विक गुप्ता ने खिताब जीता।

### बख्शी का तालाब और सरोजनीनगर बने विजेता

केडी सिंह बाबू स्टेडियम एवं चौक स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में वॉलीबॉल महिला सीनियर व जूनियर प्रतियोगिता में बख्शी का तालाब विजेता बना। मोहनलालगंज दूसरे स्थान पर रहा। वहीं खो-खो प्रतियोगिता के महिला सीनियर में बख्शी का तालाब विजेता बना। जबकि मोहनलालगंज उपविजेता रहा। वहीं, खो-खो महिला जूनियर में सरोजनीनगर ने बाजी मारी, जबकि मोहनलालगंज उपविजेता रहा।

### अंशिका और वेरोनिका ने जीता कांस्य



NBT न्यूज, लखनऊ: प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में 19 से 21 दिसंबर तक खेली गई प्रदेश स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में शहर की अंशिका सिंह व वेरोनिका वर्मा ने कांस्य जीते। अंशिका ने वॉल्टिंग हॉर्स इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वेरोनिका ने एन-1 बार (अनइवेन) इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

### अनुपम के शतक से गुरमन जीता

NBT न्यूज, लखनऊ: बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट लीग में सोमवार को शहर में छह मुकाबले खेले गए। गोसाईंगंज क्लेन विलो ग्राउंड पर गुरमन क्रिकेट अकैडमी ने क्रिएटिव क्रिकेट क्लब को 143 रन से शिकस्त दी। कप्तान अनुपम पाठक के नाबाद 105 रन की बदौलत गुरमन अकैडमी ने 30 ओवर में पांच विकेट पर 239 रन बनाए। जवाब में क्रिएटिव की पूरी टीम 96 रन ही बना सकी।

### कंपोजिट स्कूल राजभवन के सभी टीचर बदले गए

NBT न्यूज, लखनऊ: राजधानी में राजभवन कंपोजिट स्कूल (कक्षा 1 से 8 तक) के सभी शिक्षक बदल दिए गए हैं। इन्हें यहां से हटाकर नगर क्षेत्र के उन स्कूलों में भेजा गया है जहां शिक्षकों की कमी है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने आदेश भी जारी कर दिया है। राजभवन कंपोजिट स्कूल में तैनात जिन शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में भेजा गया है उनमें मीना शर्मा, अर्चना सिंह, मंजू श्री, अरुणेंद्र तिवारी, शिल्पा तोमर व रुचा आर्या शामिल हैं। यहां ग्रामीण क्षेत्र से नगर क्षेत्र में शामिल किए गए स्कूलों के शिक्षकों को भेजा गया है। इस स्कूल में चिनहट से स्मिता आर्या, सारिका शुक्ला, शालिनी सिंह व गोसाईंगंज से पूनम चौहान और सरोजनीनगर से अनुपमा मंडल को तैनाती दी गई है।

बीएसए ने जारी किया पत्र, नए शिक्षकों की तैनाती के आदेश भी जारी

**नगर क्षेत्र के शिक्षकों को समायोजन का इंतजार:** एक तरफ जहां राजभवन के सभी शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में भेज दिया गया है वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण से नगर क्षेत्र में शामिल हुए स्कूलों और नगर क्षेत्र के दूसरे स्कूलों में सहमति के आधार पर समायोजन का आवेदन करने वाले शिक्षकों को अब भी आदेश का इंतजार है।

### पीआरपी थेरपी से फ्रोजन शोल्डर के मरीज को मिली राहत

NBT न्यूज, लखनऊ: कंधे और बांह के लंबे समय से चले आ रहे दर्द से परेशान मरीजों के लिए पीआरपी (प्लेटलेट- रिच प्लाज्मा) थेरपी कारगर साबित हो रही है। पीजीआई के पेन एंड पैलिएटिव केयर क्लिनिक में फ्रोजन शोल्डर से पीड़ित महिला मरीज को इस आधुनिक उपचार से दर्द में राहत और मूवमेंट में सुधार हुआ है।

देवरिया निवासी 51 वर्षीय सुमन पांडे कई महीनों से कंधे और हाथ के तेज दर्द से जूझ रही थीं। पेन एंड पैलिएटिव केयर विभाग के प्रो. सुजीत गौतम और उनकी टीम ने मरीज को पीआरपी थेरपी दी। इस प्रक्रिया में मरीज के खून से प्लेटलेट्स निकालकर प्रभावित कंधे में इंजेक्शन से डाला जाता है। प्रो. गौतम के मुताबिक, इलाज के अलावा मरीज को कंधे के खास व्यायाम भी कराए गए। कुछ ही समय में मरीज के दर्द में काफी कमी आई।

### मलिहाबाद जैसे क्षेत्र में बॉक्सिंग करने वालों में करीब 90 प्रतिशत लड़कियां



प्रमोद कुमार

NBT न्यूज, लखनऊ: उत्तर प्रदेश में बॉक्सिंग अब तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रही है। तीन साल पहले तक जहां प्रदेश में स्टेट लेवल टूर्नामेंट और सब जूनियर मुकाबले तक नहीं होते थे, वहीं अब ग्रासरूट से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक एक मजबूत सिस्टम तैयार किया जा रहा है। नई अकैडमियों, नियमित प्रशिक्षण कैंप और निष्पक्ष प्रतियोगिताओं से प्रदेश के मुक्केबाजों का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। ये बातें राष्ट्रीय टूर्नामेंट से पहले शहर की अकैडमियों में तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रमोद कुमार ने कहीं।

**प्रदेशभर में फैल रहा अकैडमी नेटवर्क:** प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रदेश में मलिहाबाद, कुशीनगर, बनारस, प्रयागराज, नोएडा, सहारनपुर, मेरठ और आगरा स्टेडियम समेत कई स्थानों पर बॉक्सिंग अकैडमियां संचालित हो रही हैं। शहरों में दो से तीन निजी अकैडमियां भी लगातार बेहतर नतीजे दे रही हैं। मलिहाबाद जैसे क्षेत्रों में बॉक्सिंग करने वालों में करीब 90 प्रतिशत लड़कियां हैं। हालांकि वहां कोच की कमी है, फिर भी महिला मुक्केबाजों का प्रदर्शन उत्साहजनक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में उत्तर प्रदेश में 11 राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें से अधिकांश प्रतियोगिताएं गौतमबुद्ध नगर में हुईं, जबकि एक राष्ट्रीय टूर्नामेंट बरेली में भी कराया गया। चार जनवरी से फिर राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप होने जा रही है। प्रमोद कुमार ने कहा कि 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स को लक्ष्य बनाकर यूपी बॉक्सिंग की नींव मजबूत की जा रही है। ग्रासरूट स्तर पर शुरू हुआ यह प्रयास आने वाले वर्षों में प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाएगा।

### CUET में बीबीएयू का पेपर चुनेंगे तो ही मिलेगा दाखिला


NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से पीजी दाखिले का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से सीयूईटी के आवेदन फॉर्म जारी किए गए हैं। बीबीएयू प्रशासन ने अब सीयूईटी से अपने कोर्सों की मैपिंग की है। इसके तहत किस कोर्स में किस पेपर की प्रवेश परीक्षा देनी है, इसकी सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। ऐसे में जो भी छात्र बीबीएयू के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेना चाहते हैं, वह इस सूची के मुताबिक सीयूईटी के पेपर को चुनकर प्रवेश परीक्षा देंगे।

बीबीएयू की ओर से जारी किया गया पीजी ऐडमिशन का नोटिफिकेशन

विवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. अमित कुमार सिंह ने बताया कि देखा गया है कि सीयूईटी में कई छात्र अलग पेपर चुनकर प्रवेश परीक्षा दे देते हैं। इसलिए हमने इस बार पहले से ही इसकी सूची जारी कर दी है। इसके तहत किस कोर्स में सीयूईटी का कौन सा पेपर बीबीएयू से मैच है इसकी लिस्ट पेपर कोड के साथ अपलोड की गई है। अभ्यर्थियों को वही पेपर कोड सीयूईटी के फॉर्म में भरना है। सीयूईटी में एक कोर्स के कई पेपर होते हैं। अभी पीजी का जारी किया गया है इसके बाद जब यूजी के आवेदन शुरू होंगे तो उसकी अलग सूची जारी की जाएगी। 14 जनवरी तक अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर सीयूईटी का फॉर्म भर सकते हैं। जो सीयूईटी नहीं देंगे उन्हें बीबीएयू में दाखिला नहीं मिल सकेगा।

# AKTU की परीक्षाओं में अब AI से मॉनिटरिंग

Zeeshan.Rayish@timesofindia.com



AI Image

लखनऊ: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU) की सेमेस्टर परीक्षाओं में इस बार हाईटेक निगरानी होगी। विवि की परीक्षा में पहली बार ई-सर्विलांस सिस्टम लागू किया जा रहा है। इसके तहत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से परीक्षा की निगरानी की जाएगी।

अब कोई परीक्षा केंद्र भी किसी तरह का फर्जीवाड़ा नहीं कर सकेगा। सीसीटीवी, बायोमीट्रिक व अटेंडेंस सिस्टम को एक AI टूल की मदद से इंटीग्रेट कर दिया है। इसकी मदद से किस-किस ने परीक्षा दी है, इसकी पूरी निगरानी डिजिटली हो सकेगी। साथ ही किसी परीक्षार्थी की जगह पर कोई दूसरा व्यक्ति परीक्षा में नहीं बैठ सकेगा। विवि में सीसीटीवी की निगरानी व बायोमीट्रिक अटेंडेंस का रेकॉर्ड अब तक अलग-अलग होता है। विवि की ओर से इस बार एक AI टूल सॉफ्टवेयर सिस्टम से सारी प्रक्रिया को इस सॉफ्टवेयर से जोड़ दिया गया है। एआई टूल छात्र के दाखिले के समय से रेकॉर्ड किए गए फिंगर प्रिंट, फोटो व अन्य जानकारी से डेटा का मिलान करेगा।

**बनाया गया कंट्रोल रूम:** एकेटीयू की परीक्षाओं के लिए पूरे प्रदेश में परीक्षा केंद्र बनाए जाते हैं। इसलिए विवि की ओर से हर केंद्र पर जाकर निरीक्षण कर पाना संभव नहीं है। ऐसे में विवि ने टेक्नॉलजी की मदद से परीक्षाओं की निगरानी शुरू कर दी है। इसके लिए एकेटीयू में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिसमें यह सारे एआई टूल इंस्टॉल किए जाएंगे। एकेटीयू शहर का पहला ऐसा विवि है जिसने प्रश्नपत्र बनाने में भी AI का उपयोग शुरू किया है। इसमें चैटजीपीटी की मदद से पेपर का कुछ हिस्सा तैयार किया जा रहा है।

> विवि की ओर से एक AI टूल बनवाया गया है, उसी की मदद से इस बार परीक्षाओं की ई-मॉनिटरिंग की जाएगी। इससे पारदर्शिता के साथ परीक्षा हो सकेगी।
>
> - प्रो. जेपी पांडेय, एकेटीयू वीसी

### जियोटैग फोटो अपलोड करेंगे तो मान्य होगा प्रैक्टिकल

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एकेटीयू के कॉलेज अब प्रैक्टिकल परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा न हो, इसके लिए प्रैक्टिकल के दौरान अब कॉलेजों को पोर्टल पर जियोटैग फोटो भी अपलोड करनी होगी। ताकि परीक्षक व छात्रों की उपस्थिति को वैरिफाई किया जा सके। वहीं प्रैक्टिकल के दिन ही अब कॉलेजों को प्रैक्टिकल के अंक भी वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नागरिया ने बताया कि विवि में कई शिकायतें आ रही थीं जबकि छात्रों के आए बिना ही प्रैक्टिकल के नंबर दिए जाने व परीक्षकों की उपस्थिति पर भी सवाल खड़े हो रहे थे। इसी को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है।

**कथक संध्या** बिरजू महाराज कथक संस्थान द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य की सुगंध से सराबोर रहा कैसरबाग स्थित राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह

# नहीं आए घनश्याम घिरि आई बदरी...

NBT न्यूज, लखनऊ: बिरजू महाराज कथक संस्थान द्वारा आयोजित 'कथक संध्या' ने सोमवार को कैसरबाग स्थित राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह को शास्त्रीय नृत्य की सुगंध से सराबोर कर दिया। संध्या में परंपरा, लय और भाव के अद्भुत संगम ने दर्शकों को कथक की सूक्ष्म नजाकत और गरिमा से रूबरू कराया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एलयू की कार्यवाहक कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। संध्या के अंतर्गत लखनऊ घराने की कलाकार एवं लखनऊ घराने के गुरु अर्जुन मिश्रा की पुत्रियों स्मृति मिश्रा टंडन एवं कालिका मिश्रा ने भाव, लय और तकनीक का अनुपम प्रदर्शन किया। प्रथम प्रस्तुति में दशावतार के माध्यम से भगवान विष्णु के दस भव्य रूपों का सजीव चित्रण हुआ। इसके उपरांत तीन ताल में विलंबित से मध्य लय तक लखनऊ घराने की कोमलता और थाट को दर्शाते हुए उठान, आमद, धलक थुंगा, परन जुड़ी आमद, कवित एवं खास बंदिशों को तीनलय में चक्करों के साथ प्रस्तुत किया गया।

अगले चरण में कजरी 'नहीं आए घनश्याम घिरि आई बदरी' के माध्यम से राधा के विरह और कृष्ण-आगमन की व्याकुल प्रतीक्षा को भावपूर्ण अभिनय से उकेरा गया। इसी क्रम में कालिका मिश्रा ने द्रौपदी के चरित्र के माध्यम से नारी शक्ति के सशक्त और गरिमामय स्वरूप को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अंतिम प्रस्तुति में लय-गति के अंतर्गत लखनऊ घराने की विशिष्ट बंदिशें, तिहाई, परन और दुगलय की गतों का सशक्त प्रस्तार हुआ, जिसने संध्या को ऊंचाई प्रदान की। उनके साथ पढ़ंत में पं. अनुज मिश्रा एवं नेहा सिंह मिश्रा, तबले पर पं. विकास मिश्रा, गायन में प्रखर पांडे, सरोद पर ध्रुव तिवारी तथा बांसुरी पर दीपेंद्र कुंवर ने संगति देकर प्रस्तुति को समृद्ध किया।



## 'द्वारिका प्रसाद बाल साहित्य जगत के सूर्य थे तो चंद्रपाल चंद्रमा'

NBT न्यूज, लखनऊ: उप्र हिंदी संस्थान की ओर से सोमवार को साहित्यकार द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी व चंद्रपाल सिंह यादव मयंक की स्मृति में एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। हजरतगंज स्थित हिंदी भवन के निराला सभागार में हुई संगोष्ठी में साहित्यकारों की कृतियों पर व्याख्यान हुआ। इसमें डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' ने कहा कि द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी बाल साहित्य जगत के सूर्य थे तो चंद्रपाल सिंह यादव मयंक चंद्रमा थे।

उप्र हिंदी संस्थान में हुआ स्मृति समारोह

साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र विक्रम ने कहा कि द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी की कविताएं बाल मन को आह्लादित कर देती हैं। उनकी कविताएं हमें भावनात्मक रूप से जोड़ती हैं। बाल गीतायन उनकी काव्य रचनाओं का एक महत्वपूर्ण संग्रह है। उन्होंने बाल साहित्य को काफी समृद्ध किया। उनकी साहित्यिक उपलब्धियां एक दस्तावेज के रूप में हमारे सामने हैं। वह बालक को परम हंस की श्रेणी में रखने वाले रचनाकार थे।

डॉ. नागेश पांडेय ने कहा कि मयंक ने विविध विषयक रचनाओं में साहित्य की रचना की। उन्होंने बाल साहित्य को संस्कारों से जोड़ने का कार्य किया। कटीली है जाड़े की रात मयंक की प्रसिद्ध रचना है। मयंक बाल साहित्य की रचनाओं में बालमन को स्पर्श करते हैं। डॉ. रजनीकांत शुक्ल ने कहा कि चंद्रपाल सिंह यादव मयंक शिशुगीत व बालगीत लिखते समय वे बच्चों में घुल-मिल जाते हैं। मयंक के शिशुगीतों में बच्चों को प्रेरित करने वाली कविताओं का संग्रह है। उनकी कविताओं में बच्चों की मस्ती भरपूर दिखाई देती है।



हजरतगंज स्थित हिंदी भवन के निराला सभागार में संगोष्ठी हुई।

### जग को स्वर्ग बनाना है...

इस अवसर पर ज्योति गुप्ता ने द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी की रचना बढ़े चलो, मुन्नी-मुन्नी व चंद्रपाल सिंह यादव मयंक की रचना रानी बिटिया, जग को स्वर्ग बनाना है का पाठ किया। इसके अलावा शिखा वर्मा ने द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी की रचना हम सब सुमन एक उपवन के, जलाते चलो व चंद्रपाल सिंह यादव की कहानी परीक्षा का पाठ द्वारा प्रस्तुत किया। गोष्ठी का संचालन हिंदी संस्थान की प्रधान सम्पादक डॉ. अमिता दुबे ने किया।

## एलयू में बदलावोत्सव: कभी भिक्षा मांगते थे, आज हैं उद्यमी

NBT, लखनऊ: 'बदलाव' संस्था की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग में भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान के तहत 'बदलावोत्सव-2025' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए उन लोगों की सफलता कहानियां सामने लाई गईं जो कभी भिक्षावृत्ति में लिप्त थे। संस्था के सहयोग से वो उद्यमी बन चुके हैं। बदलावोत्सव-2025' में लाभार्थियों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई।

केजीएमयू के मनोचिकित्सा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रसाद ने कहा कि भिक्षावृत्ति केवल सामाजिक या आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने बताया कि लगभग 30-40 प्रतिशत ऐसे लोग मानसिक अस्थिरता या एंग्जायटी से ग्रसित होते हैं। उनके प्रमाण-पत्र बनवाने के प्रयास होने चाहिए।

**स्वाभिमान जगाना है जरूरी:** लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर नंदलाल भारती ने जोर दिया कि भिक्षावृत्ति में शामिल व्यक्तियों के भीतर स्वाभिमान जगाना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केवल प्रशासन अकेले कुछ नहीं कर सकता; जमीनी स्तर पर एनजीओ की भूमिका अहम है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सरकार और एनजीओ के बीच समन्वय को इस समस्या के उन्मूलन की कुंजी बताया। इस दौरान बाल आयोग की पूर्व सदस्य डॉ. सुचिता चतुर्वेदी, अरविंद शुक्ला, प्रो. अनूप कुमार भारती, डीपीओ सुधाकर शरण पांडेय, संदीप खरे, शरद पटेल, हीरालाल, रविंद्र सिंह जादौन मौजूद रहे।



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 23-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: c-manish.srivastava3 Time: 12-23-2025 00:22 Color:



## फटाफट खबरें

### पंचायत चुनाव की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट आज

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ड्राफ्ट वोटर लिस्ट मंगलवार को जारी करेगा। पुनरीक्षण के बाद कुल वोटरों की संख्या 12.29 करोड़ से बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई है। 1.82 करोड़ वोटरों के नाम जोड़े गए हैं, जबकि 1.41 करोड़ वोटर के नाम हटाए गए हैं।

### आरपीआई की रैली अप्रैल में

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) पांच अप्रैल 2026 को लखनऊ में बड़ी रैली कर मुफ्त शिक्षा और मुफ्त चिकित्सा की मांग उठाएगी। यह जानकारी आरपीआई प्रमुख रामदास आठवले ने दी। आठवले सोमवार को लखनऊ में प्रदेश कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कि समीक्षा बैठक में यूपी की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, दलित-शोषित-वंचित समाज की समस्याओं और पार्टी के संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। आठवले ने कहा कि अप्रैल में होने वाली यह रैली दलित, शोषित, वंचित और गरीब वर्ग के अधिकारों की लड़ाई में एक मील का पत्थर साबित होगी। आरपीआई अब यूपी के हर जिले में सक्रिय हो चुकी है।

### मोहित बने उत्तराखंड बसपा के प्रदेश अध्यक्ष

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बसपा ने उत्तराखंड में बड़ा फेरबदल करते हुए अमरजीत सिंह को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटा दिया है। उनकी जगह उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी मोहित आनंद को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी की तरफ से इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किया गया। श्रेस मुताबिक प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाए गए अमरजीत सिंह को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

# जारी है कफ सिरप की तस्करी, एटा से 4 अरेस्ट


## एएनटीएफ की कार्रवाई, 5640 बोतल कोडीन युक्त सिरप बरामद

NBT रिपोर्ट, लखनऊ

कफ सिरप तस्करी को लेकर यूपी पुलिस, एसटीएफ व ईडी द्वारा धरपकड़ व गिरफ्तारियों के बावजूद प्रदेश में इसकी तस्करी धड़ल्ले से जारी है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी में लिप्त चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया।

एएनटीएफ के मुताबिक एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र से एटा निवासी प्रमोद कुमार, पंजाब सिंह, जितेंद्र सिंह व अलीगंज निवासी जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 47 कार्टन (5640 बोतल) ONEREX कोडीन सिरप बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है। इसके अलावा पुलिस ने एक टाटा एस गोल्ड वाहन, एक एसेंट कार, चार एंड्रॉइड मोबाइल, एक कीपैड फोन और 3,900 रुपये भी जब्त किए। एएनटीएफ के मुताबिक यह गिरोह लंबे समय से अवैध नशीली दवाओं की तस्करी में सक्रिय था।

गिरफ्तार प्रमोद कुमार ने बताया कि उसका भाई ट्रक ड्राइवर है, जिसे पहले इसी मामले में पकड़ा गया था। उसकी पैरवी के लिए एक व्यक्ति ने प्रमोद को 60 पेटी कोडीन सिरप दी थी, जिन्हें बेचकर रुपये कमाने को कहा गया। इनमें से 13 पेटियां पहले ही बेची जा चुकी थीं, जबकि शेष पेटियां बेचने की तैयारी में थे कि पुलिस ने दबिश देकर चारों को पकड़ लिया।



### सात और दवा फर्मों के लाइसेंस रद्द

NBT न्यूज, वाराणसी : कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी मामले में वाराणसी की सात और दवा फर्मों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। इससे पहले 12 फर्मों के लाइसेंस निरस्त किए गए थे। अभी 19 और दवा फर्मों की औषधि विभाग द्वारा जांच चल रही है। उधर, एसआईटी आरोपित 38 दवा कारोबारियों की तस्करी में भूमिका की जांच कर रही है। अब तक छह आरोपित पकड़े जा चुके हैं। बाकी 32 पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। वहीं, मीरजापुर में इस मामले में वांछित तीन में से दो आरोपित अजय यादव और अक्षत यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### आलोक, टाटा और राणा ब्रदर्स समेत 11 पर NDPS ऐक्ट लगा

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले में एसटीएफ ने आरोपित बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह, अमित सिंह टाटा, विशाल राणा, विभोर राणा समेत 11 आरोपितों पर एनडीपीएस ऐक्ट की धारा 8(c)/21(c) बढ़ा दी है। इसके बाद एसटीएफ ने इसे कोर्ट में दाखिल कर दिया है। इन धाराओं के तहत आरोपितों की जुडिशल रिमांड को लेकर आज कोर्ट में सुनवाई होगी। कोर्ट ने सभी आरोपितों को तलब किया है।

लखनऊ समेत अन्य जिलों में हुई एफआईआर व जांच में बड़ी संख्या में कफ सिरप बोतलों की बरामदगी (जो चिकित्सकीय जरूरत से कई गुना अधिक थी), फर्जी ई-वे बिल, नकली सील, फर्जी आधार कार्ड और UAE आईडी मिलने, दवा को नमकीन और चावल के बीच छिपाकर ट्रांसपोर्ट करने, झारखंड से यूपी, फिर बंगाल और बांग्लादेश तक सप्लाई का नेटवर्क सामने आने जैसे तमाम तथ्यों से नशे के लिए तस्करी का स्पष्ट संकेत है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी हाल ही में सभी आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि फर्जी दस्तावेज और लाखों बोतलों की बरामदगी यह साबित करती है कि मामला केवल Drugs Act तक सीमित नहीं है। इसलिए एनडीपीएस ऐक्ट में जांच जरूरी है।

### भोला जायसवाल 5 तक न्यायिक हिरासत में


NBT न्यूज, वाराणसी : कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी के सरगना शुभम जायसवाल के पिता भोला जायसवाल को सोमवार देर शाम जौनपुर की अदालत में पेश किया गया। सोनभद्र से वॉरंट बी पर लाए गए भोला जायसवाल को अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की पेश किए जाने के दौरान ड्रग विभाग के अधिवक्ता सुभाष चंद्र पांडेय ने अदालत को बताया कि आरोपित ने कोडीन कफ सिरप को कहीं बेचा नहीं, बल्कि कागजों पर फर्जी फर्मों को सप्लाई दिखाकर तस्करी की गई। अदालत ने सुनवाई के बाद भोला को 5 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अब जौनपुर पुलिस पूछताछ के लिए अदालत की अनुमति से भोला को कस्टडी रिमांड पर लेगी।

**तीन के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी :** सोनभद्र के एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि कफ सिरप तस्करी की जांच कर रही सोनभद्र की एसआईटी ने फरार चल रहे तीन आरोपितों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करवाया है। इनमें वाराणसी निवासी तस्करी गैंग के सरगना शुभम जायसवाल के साथ विशाल उपाध्याय और भदोही निवासी निशांत कुमार गुप्ता उर्फ रवि गुप्ता शामिल हैं। अन्य के खिलाफ भी प्रक्रिया चल रही है।

**लाइसेंस फर्जी निकला :** सोनभद्र एसआईटी की जांच में शुभम और भोला की फर्म शैली ट्रेडर्स (रांची) के गोदाम का लाइसेंस फर्जी पाया गया है। रांची के औषधि विभाग से लाइसेंस प्राप्त करने के लिए दिया गया गोदाम किरायादारी एग्रीमेंट, अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर फर्जी पाए जाने पर रांची में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# भीड़ प्रबंधन के लिए पूर्वानुमान आधारित रणनीति बनाएं: DGP

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा माघ मेले की तैयारियों को लेकर सोमवार को आयोजित संगोष्ठी एवं टेबल-टॉप एक्सरसाइज में डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि अब व्यवस्थापन का दृष्टिकोण केवल घटना के बाद प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रह सकता। पूर्वानुमान आधारित, योजनाबद्ध और प्रशिक्षित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करना अनिवार्य है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में समयबद्ध और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।



माघ मेले की तैयारियों पर हुई संगोष्ठी में शामिल हुए DGP राजीव कृष्ण

विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संगोष्ठी से जुड़े डीजीपी ने बताया कि कुंभ और माघ मेला विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक जनसमूह आयोजनों में शामिल हैं, जहां भीड़ की विशाल संख्या और उसकी गतिशील प्रकृति सबसे बड़ी चुनौती होती है। उन्होंने कहा कि उच्च घनत्व वाली भीड़, नदी से जुड़े जोखिम, शीतलहर, अग्नि दुर्घटनाओं की आशंकाएं और ट्रैफिक प्रबंधन जैसी समस्याएं एक साथ उत्पन्न होती हैं। इनसे निपटने के लिए बहुआयामी रणनीति आवश्यक है। डीजीपी ने प्रवेश-निकास मार्गों की वैज्ञानिक योजना, स्नान घाटों पर भीड़ की आवाजाही के संतुलित प्रबंधन और माइक्रो-क्राउड की निरंतर निगरानी को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एसडीआरएफ अब केवल बैकअप बल नहीं, बल्कि भीड़ सुरक्षा और आपदा प्रबंधन का अभिन्न अंग बन चुका है, जिसने पूर्व आयोजनों में उच्च दक्षता का प्रदर्शन किया है। अग्नि दुर्घटनाओं, शीत लहर और डूबने की घटनाओं के जोखिमों पर चर्चा करते हुए उन्होंने विभागों के बीच सशक्त समन्वय, प्रभावी संचार और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को अनिवार्य बताया।

## माघ मेले के लिए चलेंगी 3800 बसें

तीन जनवरी से शुरू हो रहा माघ मेला, मुख्य स्नान पर्वों पर 200 अतिरिक्त बसों की रहेगी व्यवस्था

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : तीन जनवरी से प्रयागराज में माघ मेला की शुरुआत हो रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम 3800 बसों का संचालन करेगा। वहीं, मुख्य स्नान पर्वों पर 200 अतिरिक्त बसों का भी संचालन किया जाएगा।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी के स्नान पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। माघ मेला प्राधिकारी के मांग पर अतिरिक्त बसों को संबंधित क्षेत्र द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। इस साल 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या और 23 जनवरी को बसंत पंचमी का महत्वपूर्ण शाही स्नान होगा। मेले के लिए 01 जनवरी से 15 फरवरी तक सामान्य दशा में 25 बसें और मुख्य पर्वों पर दो दिन पहले से एक दिन बाद तक 200 बसें शटल सेवा के रूप में संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ क्षेत्र से 500 बसों का संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार गोरखपुर से 500 बसें, आजमगढ़ से 430 बसें, वाराणसी क्षेत्र से 430 बसें, अयोध्या क्षेत्र से 270 बसें, प्रयागराज क्षेत्र से 550 बसें, चित्रकूट धाम से 330 बसें, झांसी क्षेत्र से 50 बसें, कानपुर क्षेत्र से 270 बसें, हरदोई क्षेत्र से 350 बसें और देवीपाटन क्षेत्र से 250 बसों का संचालन किया जाएगा।

## होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने होमगार्ड्स के 41,424 पदों पर एनरोलमेंट-2025 के लिए लिखित परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण की परीक्षा 25 अप्रैल, दूसरे चरण की 26 अप्रैल और तीसरे चरण में 27 अप्रैल 2026 को आयोजित होगी। यह परीक्षा प्रदेशभर में निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होगी।

बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि आगे की जानकारी और विस्तृत निर्देशों के लिए अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर नियमित रूप से नजर रखें। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निर्देश और अपडेट केवल वेबसाइट के माध्यम से ही उपलब्ध करवाए जाएंगे। अभ्यर्थियों को समय पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने और निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन 18 नवंबर 2025 से शुरू होकर 17 दिसंबर 2025 तक चले थे, जबकि सुधार (Correction) की विंडो 18 से 21 दिसंबर तक खुली रही। इसमें आवेदन करने के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास निर्धारित की गई थी।

## पूर्व एमएलए विजय मिश्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले का कोर्ट ने लिया संज्ञान

ईडी ने 31 जुलाई 2025 को दाखिल की थी चार्जशीट

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ईडी ने भदोही के पूर्व विधायक विजय मिश्रा, उनकी पत्नी पूर्व एमएलसी राम लली मिश्रा, बेटे विष्णु समेत दो अन्य आरोपितों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत दाखिल अभियोजन शिकायत का सीबीआई कोर्ट-1, लखनऊ के विशेष न्यायाधीश ने संज्ञान ले लिया है। ईडी द्वारा यह अभियोजन शिकायत 31 जुलाई 2025 को दाखिल की गई थी।

ईडी की जांच यूपी पुलिस की उस एफआईआर पर आधारित है, जिसमें विजय मिश्रा और उनके परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। पुलिस ने 14 और 26 जुलाई 2023 को आरोपपत्र दाखिल कर बताया था कि आरोपितों ने अपने कार्यकाल में 36.07 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की। इन संपत्तियों में चल-अचल संपत्तियां शामिल हैं। जांच में सामने आया कि विजय मिश्रा और राम लली मिश्रा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए वीएसपी स्टार रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी बनाई और इसके जरिए काले धन को सफेद करने का खेल खेला। ईडी ने पाया कि अपराध से अर्जित धन को बेनामी संपत्तियों में निवेश किया गया। इस प्रक्रिया में विजय मिश्रा के बेटे विष्णु मिश्रा और करीबी सहयोगी भोला नाथ शुक्ला की अहम भूमिका रही। धन को लेयरिंग कर व्यावसायिक गतिविधियों में लगाया गया, ताकि उसे वैध दिखाया जा सके। कुछ रकम को कर्ज के रूप में ट्रांसफर कर सफेद धन का रूप देने की कोशिश भी की गई। ईडी ने आरोपितों की अब तक 25.46 करोड़ रुपये मूल्य की प्रयागराज, नई दिल्ली, मुंबई और रीवा स्थित संपत्तियां अटैच की हैं।


आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
एनएएमएस भवन, मेडिकल एंकलेव, अंसारी नगर,
नई दिल्ली – 110029

ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी) - 2026

सूचना

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी) - 2026 परीक्षा का आयोजन 07 मार्च 2026 को किया जाएगा।
ऑनलाइन आवेदन 23 दिसंबर 2025 से 12 जनवरी 2026 तक एनबीईएमएस वेबसाइट: https://natboard.edu.in/viewnbeexam?exam=gpat पर आमंत्रित किए जा रहे हैं।

उम्मीदवार सहायता केंद्र : +91-7996166333
- आवेदक लॉगिन पेज पर हेल्पलाइन पोर्टल
- एनबीईएमएस वेबसाइट पर संचार वेब पोर्टल



विज्ञापन सं. 114 / 2025
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल)
में
निदेशक (विपणन)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
09 जनवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
19 जनवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।





CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 23-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: cci Time: 12-22-2025 22:06 Color:



नवभारत टाइम्स । कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) । मंगलवार, 23 दिसंबर 2025



व्यापारिक समझौते सिर्फ मुनाफे के लिए नहीं, नागरिकों के हित में भी होने चाहिए।
*- जोसेफ ई. स्टिग्लिट्ज, अमेरिकी अर्थशास्त्री*

# राइट ट्रैक पर डिप्लोमेसी

अमेरिकी नीतियों की वजह से दबाव का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए न्यूजीलैंड के साथ हुआ मुक्त व्यापार समझौता राहत की खबर है। हाल में कई दूसरे देशों के साथ भी सहमति बनी है। ये समझौते अमेरिकी टैरिफ विवाद से बने नकारात्मक माहौल को दूर करने में तो मदद करेंगे ही, इनसे वॉशिंगटन के साथ प्रस्तावित डील में भी नई दिल्ली का पक्ष भारी होगा।

**व्यापार बढ़ेगा ।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की इस साल मार्च में भारत यात्रा के दौरान ट्रेड डील पर बात शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों की औपचारिक शुरुआत भारत की आजादी के कुछ साल बाद ही हो गई थी, लेकिन द्विपक्षीय व्यापार अब भी बेहद कम है। 2023 में यह 1.75 अरब डॉलर था और पिछले साल 2.07 अरब डॉलर। ट्रेड एग्रीमेंट से व्यापार को अगले पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। साथ ही, सर्विसेज, गुड्स, इन्वेस्टमेंट में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है।



न्यूजीलैंड के साथ FTA

**किसानों को फायदा ।** न्यूजीलैंड खेती में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के लिए जाना जाता है। ट्रेड डील से उसकी उन्नत कृषि तकनीक तक पहुंच आसान होगी। महत्वपूर्ण है कि डेयरी सेक्टर में कोई छूट नहीं दी गई है और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने साफ किया है कि इस क्षेत्र में समझौता संभव नहीं। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में जिन वजहों से देर हो रही है, उनमें कृषि और डेयरी सेक्टर शामिल है।

**ओमान के साथ समझौता ।** हाल में भारत की तरफ से व्यापारिक समझौतों में तेजी आई है। पिछले हफ्ते ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA) हुआ था। दोनों देश इसे तीन महीने के भीतर लागू करना चाहते हैं। इसके बाद ओमान को भारत का 99% से ज्यादा निर्यात टैरिफ फ्री हो जाएगा। इसी तरह, दिसंबर की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा के दौरान मॉस्को और नई दिल्ली ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने पर सहमति जताई थी।

**दूसरों के साथ बात बढ़े ।** भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड एग्रीमेंट पर अब भी बातचीत जारी है। पीयूष गोयल ने वार्ता को अडवांस्ड स्टेज में बताया है। दोनों देश इसे जल्द अंजाम तक पहुंचाना चाहते हैं। इससे निर्यात क्षेत्र के साथ भारतीय शेयर बाजार को भी राहत मिलेगी। आशा है कि यूरोपियन यूनियन, इस्राइल, कनाडा के साथ भी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बात तेजी से आगे बढ़ेगी। इनसे भारतीय निर्यात में विविधता आएगी और विदेशी बाजारों में हमारे निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बेहतर होगी।

## ऐवें कुछ भी

# दुख में सुख



आलोक सिंह भदौरिया

**पुल पार** सब्जी मंडी लगी थी। कड़कड़ाती सर्दी में वहां जाना अंटार्कटिका की यात्रा थी। हम सपत्नीक बाइक पर सवार हुए। मंडी से सब्जी समेटकर पत्नी जी बैक सीट पर बैठीं। सस्ती सब्जी और मुंहजोर सब्जीवालों पर चर्चा करते हुए गेट पर रुके। बाइक बंद करने के लिए चाबी की तरफ हाथ बढ़ाया।

10 डिग्री के टेंपरेचर में भी पसीना आ गया। चाबी गायब थी। जीवन में नया सबक सीखा, चाबी गिर जाने के बाद भी बाइक चलती रह सकती है। चाबी गिर गई पता तक नहीं चला। पड़ोस में सत्संग चल रहा था। वक्ता कह रहे थे, जैसे हाथी के गले से माला टूटकर गिर जाए उसे पता नहीं चलता, उसी तरह ज्ञानी पुरुष की आत्मा शरीर को बिना कष्ट के त्याग देती है।

पर हम आत्मा मसलन चाबी खोजने चल पड़े। रात का विकट अंधेरा, ऊपर से कोहरे का अटैक। सब्जी मंडी तक का चक्कर लगा आए, लेकिन माया मिली न राम। बीच में दारू पिए एक बाइक वाला जरूर पीछे से ठोक गया।



घर पहुंचे तो अड़ोस-पड़ोस इकट्ठा था। एक जन कह रहे थे, भइया बाइक की चाबी गिर गई, मतलब भगवान संकेत कर रहे हैं कि अब कार ले लीजिए। बाकी लोगों ने हां में हां मिलाई। कुछ लोगों ने पार्टी तक की मांग कर डाली। हमने दिखाया कि देखो पीछे से कोई ठोक गया। इस पर दिलासा दिया गया कि भइया कोई बड़ा नुकसान होना था, छोटे में टल गया।

हमें चाबी की चिंता थी। घर की तमाम चाबियां लगा ली पर कामयाबी नहीं मिली। इतने में बेटे महाराज अपना नेलकटर लेकर आए, बोले, इसे ट्राई करो। हम कुछ कहते इतने में उन्होंने कोहीन में डालकर बाइक लॉक कर दी, फिर ऑन करके दिखाया। उड़ती सी नजर डालकर बोले, यूट्यूब पर न्यूज के अलावा कुछ और देख लिया करो।

अब चाबी की चिंता तो छूट गई, पड़ोसियों के कार खरीदने के सपनों पर लगाम लगाने की चिंता शुरू हो गई। इतने में पीछे से पत्नी जी की फरमाइश आई, जब कार खरीद ही रहे हैं तो पहले ही मुंह मीठा करा दीजिए, कल मक्खन मलाई लेते आइएगा।

## बोल वचन

दिलीप लाल

# खोइछा देकर विदाई



AI Image

**खोइछा** उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के लोक-जीवन में प्रचलित एक खास शब्द और परंपरा है। इसका शाब्दिक अर्थ है- मुड़ा या मोड़ा हुआ आंचल। जब साड़ी का किनारा सीधा और फैला रहता है, तब वह केवल आंचल कहलाता है। जब-जब बेटी मायके से ससुराल जाती है, तो मां, भाभी या घर की बुजुर्ग स्त्रियां उसकी साड़ी के आंचल में दूर्वा, हल्दी की गांठें, चावल व कुछ पैसे रखती हैं और मंगलकामना करती हैं। इस लोक-रिवाज को खोइछा देना कहा जाता है। यही परंपरा तब भी निभाई जाती है, जब बहुएं ससुराल से मायके के लिए विदा होती हैं। मिथिलांचल में इसे खोइछा कहा जाता है। गुजरात और महाराष्ट्र में आंचल के लिए पट या ओटी जानी जाती है और इसे पट भरण कहते हैं। बांग्ला में इसे आंचोल कहा जाता है। लोक-मान्यता में बेटी को लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। मान्यता है कि यह परंपरा दुर्गा, काली, लक्ष्मी जैसी देवियों को खोइछा अर्पित करने से विकसित हुई। हालांकि समय के साथ पहनावे बदले हैं, इसलिए आज कई जगह साड़ी की जगह रूमाल से भी खोइछा दिया जाने लगा है। अंग्रेजी में इस भाव और परंपरा के लिए कोई सटीक शब्द नहीं है।

---

पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को राजनीतिक नज़र से देखना ग़लत

# बांग्लादेश संकट पर चुप न बैठे भारत



शान्तेष कुमार सिंह

बांग्लादेश से आ रही खबरें दिल दहला देने वाली हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुहम्मद यूनुस बुरी तरह नाकाम हुए हैं। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। मंदिरों पर पथराव, घरों में आगजनी, महिलाओं पर अत्याचार - ये घटनाएं अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुकी हैं। ऐसे में सवाल है कि भारत को क्या करना चाहिए।




**ऐतिहासिक जड़ें ।** यह संकट नया नहीं है। 1947 के बंटवारे के समय बंगाल के पूर्वी हिस्से में हिंदू अल्पसंख्यक सुरक्षित थे, लेकिन पाकिस्तान बनने के बाद उत्पीड़न शुरू हो गया। 1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलाई। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया। लेकिन, आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा। वक्फ कानून के तहत उनकी जमीनें हड़पी गईं।

**अल्पसंख्यकों का दर्द ।** आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू आबादी कभी 22% थी, जो आज घटकर महज 8% रह गई है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद भी इस समुदाय पर अत्याचार जारी रहा। शेख हसीना ने कुछ सुरक्षा दी, लेकिन उनके खिलाफ भड़के आक्रोश ने अल्पसंख्यकों को और असुरक्षित कर दिया है। आज वहां कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद के अनुसार, अगस्त 2024 से नवंबर 2025 तक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,010 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं।

**कट्टरता हावी ।** ISIS से प्रेरित कट्टरपंथी समूह जैसे हिज्ब-उत-तहरीर और जमात-ए-इस्लामी खुले तौर पर सक्रिय हैं। यूनुस सरकार ने कुछ बयान जारी किए, लेकिन कार्रवाई नगण्य है। नोबेल विजेता यूनुस खुद विवादों में हैं। उनके ग्रामीण बैंक पर हिंदू संपत्ति हड़पने के आरोप लगे हैं। ऐसे में हिंदू समुदाय पलायन कर रहा है। पिछले हफ्ते हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंसा की भयावह तस्वीर पेश करती है।

**गहरा संकट**
- कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर यूनुस सरकार नाकाम
- भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाना चाहिए मुद्दा
- कूटनीति और आर्थिक दबाव बढ़ाने की जरूरत

**भारत की आवाज ।** बांग्लादेश के हालात को लेकर पूरी दुनिया चिंता जता रही है। भारत में भी चिंताएं हैं और वजह वाजिब है। हमारी सीमाएं लगती हैं। उधर की अस्थिरता इधर असर डालती है। ढाका में जिस तरह से भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए, भारत के खिलाफ जिस तरह की बयानबाजी की जा रही है - उससे जाहिर होता है कि बांग्लादेश में हालात हाथ से निकल चुके हैं। यूनुस सरकार का कट्टरपंथियों पर कोई नियंत्रण नहीं है।

**संयमित प्रतिक्रिया ।** भारत ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने दीपू के हत्यारों को सजा दिलाने की मांग की है। वैसे कुल मिलाकर सरकार की प्रतिक्रिया बेहद संतुलित और संयमित है। नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर 20-25 युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया, तो विदेश मंत्रालय ने इसे भी स्पष्ट कर दिया। लेकिन, अब मांग उठ रही है कि समय कूटनीति से आगे बढ़ने का है। ऐसे कौन-से कदम हो सकते हैं, जिनके जरिये बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर दबाव बनाया जा सकता है कि वह न्यायपूर्ण शासन करे, कुछ सुझाव हैं :
- भारत को यह मामला संयुक्त राष्ट्र में उठाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की तरफ से दबाव काम आ सकता है। US, EU और दूसरे संगठनों-देशों के सामने बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन के आंकड़े रखे जाएं।
- बांग्लादेश गैस, बिजली और व्यापार में भारत पर निर्भर है। उसकी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा भारत से पूरा होता है। अगर हालात नहीं सुधरते, तो जरूरी चीजों की आपूर्ति सीमित की जा सकती है।
- ब्रिक्स, जी-20 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मामला उठाया जाए।

**स्मार्ट डिप्लोमेसी ।** प्रधानमंत्री मोदी ने 'विकसित भारत' की बात की है। इसमें पड़ोसी अल्पसंख्यकों का विकास भी शामिल होना चाहिए। अभी के वक्त की जरूरत स्मार्ट डिप्लोमेसी है। पड़ोसी देश होने के नाते बांग्लादेश की स्थिरता भारत की सुरक्षा से जुड़ी है। नई दिल्ली को कहना होगा कि हम बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में दखल नहीं दे रहे, पर अल्पसंख्यकों पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जा सकते।

**इंसानियत का सवाल ।** इस मुद्दे को राजनीतिक चश्मे से देखना गलत होगा। ढाका के रामना गढ़ी मंदिर में पूजा करने वाले भक्त अब डरते हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे, महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलतीं। भारत, जो स्वयं धार्मिक विविधता का प्रतीक है, उसे यह बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। बांग्लादेश संकट भारत के लिए परीक्षा है।

*(लेखक JNU के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में प्रफेसर हैं)*

---

## कांटे की बात

नगर पंचायत चुनाव में महायुति को जीत इसलिए मिली क्योंकि देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने मिलकर लगभग 15 हजार करोड़ रुपये उड़ाए, वोटरों को पैसे दिए। उन्होंने इस चुनाव में पैसा पानी की तरह बहाया।



संजय राउत,
*शिवसेना (UBT) नेता*

## AI की दुनिया

# चीन ने बनाई रोशनी से चलने वाली चिप, नाम रखा 'लाइटजेन'

*चीन के वैज्ञानिकों ने ऐसी माइक्रोचिप बनाई है, जो बिजली की जगह किसी भी तरह की रोशनी से काम कर सकती है। दावा है कि LightGen AI चिप कुछ खास कामों में NVIDIA जैसी दिग्गज कंपनी के GPU से 100 गुना तक तेज है।*



AI Image

**ख़ास तरह के काम में चिप का इस्तेमाल**

LightGen चिप बिजली की जगह फोटॉन्स यानी रोशनी के कणों का इस्तेमाल करती है। इसका फायदा यह है कि रोशनी बहुत तेज होती है, गर्मी कम पैदा होती है और बिजली की खपत भी बहुत कम होती है। लेकिन यह चिप मल्टीटास्किंग नहीं है।

**कैलकुलेशन में बेजोड़ हाइब्रिड चिप**

Tsinghua यूनिवर्सिटी ने ACCEL नाम की एक हाइब्रिड चिप भी बनाई है। इसमें कुछ हिस्से लाइट पर आधारित हैं और कुछ पुराने तरीके के इलेक्ट्रॉनिक सर्किट पर। इसे चीन की पुरानी सेमीकंडक्टर तकनीक से भी बनाया जा सकता है। दावा है कि ACCEL चिप 4.6 पेटाफ्लॉप्स की ताकत देती है। पेटाफ्लॉप्स का मतलब है एक सेकंड में एक लाख करोड़ गणनाएं।

-प्रदीप तिवारी

**जनता जंक्शन** इरफान




---

# इमिग्रेशन पर न डराएं मिस्टर प्रेजिडेंट

## कॉमन रूम



नीरज कौशल, न्यू यॉर्क से

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की नैशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटिजी (NSS) 2025 में यूरोप को लेकर एक भयानक चेतावनी दी गई है। इसके मुताबिक, 'इमिग्रेशन पॉलिसी की वजह से यूरोप में सभ्यता मिटने का खतरा है। अगर मौजूदा हालात बने रहे तो 20 साल या उससे भी कम समय में यूरोप की पहचान बदल जाएगी।' यह चेतावनी सवाल उठाती है कि क्या इमिग्रेशन से किसी देश की पहचान खत्म हो सकती है।

**कहां गए मूल अमेरिकी ।** अगर कोई ऐसा उदाहरण तलाशना हो, जहां विदेशी बसावट ने स्थानीय सभ्यता को मिटा दिया, तो हमें 500 साल पीछे जाना होगा। यूरोप से आए श्वेत लोगों ने मूल अमेरिकी जनजातियों को उनकी जमीनों से बेदखल कर दिया और जबरदस्त कत्लेआम मचाया। यूरोपीय लोग अपने साथ जो बीमारी लेकर गए, उसने और ज्यादा जानें लीं। सिर्फ एक सदी में मूल अमेरिकी आबादी करीब 90% कम हो गई। आज उनकी संख्या 1% से भी कम है। उस समय अमेरिका पहुंचे



श्वेत उपनिवेशवादी थे, जबकि आज के प्रवासी उपनिवेशवादी नहीं हैं।

**सभ्यता बढ़ती है ।** अगर किसी सभ्यता की पहचान भाषा, व्यवहार, संस्कृति से होती है, तो प्रवासी उसे खत्म नहीं करते, बल्कि और मजबूत बनाते हैं। वे मेजबान देश की बातें सीखकर उसे अपने मूल देश तक पहुंचाते हैं। कई रिसर्च से पता चला है कि विदेश में रहने वाले लोग अपने मूल देश में भी लोकतंत्र, बेहतर शासन और महिला अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाते हैं। अगर कोई सभ्यता त्वचा के रंग और धर्म से पहचानी जाती है, तो ट्रंप की आशंका पूरी तरह निराधार नहीं है। मौजूदा ट्रेंड बताते हैं कि भविष्य में ऐसे लोग यूरोप जाएंगे, जो ईसाई नहीं, हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध, यहूदी वगैरह होंगे। साथ ही उनकी त्वचा का रंग भी काला होगा।

**गलत आकलन ।** NSS का 20 साल वाला आकलन अतिशयोक्ति है। मौजूदा इमिग्रेशन दर से साफ है कि यूरोप में बाहर से कोई एक समुदाय कम से कम अगली एक सदी तक तो बहुसंख्यक नहीं बनने वाला। लेकिन, NSS का फोकस यूरोप पर ही क्यों है? यहां के केवल 10% लोग बाहर जन्मे हैं। अगर इमिग्रेशन से सभ्यता को वाकई खतरा है, तो यह खतरा यूरोप नहीं, अमेरिका पर मंडरा रहा। दुनिया में कुल प्रवासियों का पांचवां हिस्सा सिर्फ अमेरिका में है।

**ट्रंप से असहमत ।** ट्रंप की परिभाषा के मुताबिक देखें तो यूरोप के मुकाबले कनाडा और ऑस्ट्रेलिया पर भी कहीं अधिक खतरा है। लेकिन, इन देशों के नागरिक और राजनेता इससे सहमत नहीं। उनका मानना है कि इमिग्रेशन से उनकी सभ्यता का विस्तार हो रहा है। यह भी सच है कि इमिग्रेशन नहीं होता, तो इन देशों की आबादी घटने लगती।

*(लेखिका कोलंबिया यूनिवर्सिटी में सोशल पॉलिसी की प्रफेसर हैं)*

---

# इंसान को मशीनों से श्रेष्ठ बनाती है मन की आवाज़

कमलेश डी पटेल

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आज हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। यह संगीत रच सकता है, चित्र बना सकता है, कहानियां लिख सकता है, बीमारियों की पहचान में डॉक्टरों की मदद कर सकता है और ऐसे अनेक काम कर सकता है, जिनके लिए कभी मनुष्य को वर्षों की साधना और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती थी। मशीनों की यह तेजी हमें चकित करती है, लेकिन इसके साथ एक गहरा सवाल भी खड़ा होता है। इस बदलते दौर में ऐसा क्या है, जो अब भी केवल मनुष्य के पास है?

इस प्रश्न का उत्तर शोर-शराबे या तेज गति में नहीं, बल्कि मौन और ठहराव में मिलता है। AI आंकड़ों का विश्लेषण करता है, पैटर्न पहचानता है और पहले से उपलब्ध सूचनाओं को नए रूप में प्रस्तुत करता है। वह तर्क और गणना में दक्ष है, पर उस अचानक मिलने वाली स्पष्टता को नहीं समझ सकता, जो किसी शांत क्षण में मनुष्य के भीतर जागती है। वह उस आंतरिक आवाज को नहीं सुन सकता, जो तब हमारा मार्गदर्शन करती है, जब तर्क और आंकड़े भी असमर्थ हो जाते हैं।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

इस अंतर्ज्ञान को जाग्रत करने का सरल और प्रभावी मार्ग है ध्यान। शोध बताते हैं कि ध्यान से रचनात्मकता और सहज समझ बढ़ती है। मस्तिष्क के अध्ययन से पता चला है कि ध्यान करने से 'डिफॉल्ट मोड नेटवर्क' अधिक सक्रिय होता है। यह मस्तिष्क का वह हिस्सा है, जो कल्पना, आत्मचिंतन, स्मृतियों और गहन विचारों से जुड़ा है। सरल शब्दों में कहें तो यही वह मानसिक क्षमता है, जो मनुष्य को मशीन से अलग बनाती है।

जल से भरे तालाब के पानी में जब हलचल होती है, तो उसकी गहराई दिखाई नहीं देती। लेकिन जब पानी शांत होता है, तो तल साफ नजर आने लगता है। हमारे मन के साथ भी यही होता है। AI के इस युग में ध्यान हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है। यह हमें याद दिलाता है कि तेज सोच से ज्यादा जरूरी है गहरी समझ। यही मानवीय चेतना, करुणा और अंतर्ज्ञान हमें विशिष्ट बनाते हैं और हमारे जीवन को अर्थ प्रदान करते हैं।

---

# पंजाब की जीत ने AAP को दी राहत

भूपेंद्र शर्मा

हाल में पंजाब में हुए जिला परिषद और ब्लॉक समितियों के चुनाव नतीजों ने आम आदमी पार्टी (AAP) का आत्मविश्वास बढ़ाया है। यह जीत इसलिए अहम है क्योंकि यहां विधानसभा चुनाव में एक साल से कुछ अधिक समय ही बचा है। इस चुनाव में जीत दिल्ली की हार के बाद AAP कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने में काफी मददगार होगी। लेकिन पंजाब में अभी क्या हालात हैं? और, वे भविष्य की राजनीति को लेकर क्या इशारा कर रहे हैं?



### गांवों में मजबूत

पंजाब में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस है, लेकिन वह गुटबाजी से परेशान है। शिरोमणि अकाली दल को जिला परिषद और ब्लॉक समितियों के चुनाव में खास सफलता नहीं मिली और BJP राज्य में अकेले कभी बड़ी ताकत नहीं रही। इसलिए अभी AAP बढ़त लिए हुए दिख रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ मजबूत है, जिसकी गवाही ग्रामीण निकाय चुनाव दे रहे हैं।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

इन चुनावों में कांग्रेस बेशक दूसरे नंबर पर रही, लेकिन उसने जो जमीन गंवाई थी, उसे हासिल नहीं कर पाई है। BJP का इन चुनावों में प्रदर्शन खराब रहा है। AAP ने 2022 में कांग्रेस समेत अकाली दल व BJP की राजनीति को ध्वस्त किया था। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को पता है कि वह राज्य में अकेले दम पर चुनाव नहीं जीत सकती, इसलिए यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या आगामी विधानसभा चुनाव से पहले BJP-SAD का अलायंस होगा?

जहां तक कांग्रेस की बात है तो उसने लोकसभा चुनाव में जरूर अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन विधानसभा चुनाव में स्थितियां अलग होती हैं। अकाली दल को देखें तो उसे गांवों की पार्टी माना जाता है, लेकिन ग्रामीण चुनावों में उसकी हालत खराब रही तो उससे विधानसभा चुनावों में करिश्मे की उम्मीद करना ठीक नहीं होगा। वैसे, कहते हैं कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता। फिर बिहार चुनाव में सहयोगी दलों के साथ जिस तरह से BJP को बड़ी जीत मिली, उसे देखते हुए पंजाब में अकाली दल के साथ उसके हाथ मिलाने की अटकलें भी लग रही हैं। क्या BJP ऐसा करेगी? असल में, पंजाब में 2007 से 2017 तक गठबंधन की सरकार चलाने वाले अकाली दल और BJP के रास्ते 2020 में अलग हुए थे, जिसके बाद से राज्य में सभी चुनावों में उसे हार ही मिली है।

### सम्मान राशि कब

कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दल पंजाब में AAP सरकार को महिलाओं की सम्मान राशि पर घेरने की कोशिश कर रहे हैं। AAP ने पिछले विधानसभा चुनाव से पहले यह वादा किया था, लेकिन वह अभी तक इसे पूरा नहीं कर पाई है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस मुद्दे की गंभीरता से AAP सरकार अनजान नहीं है। बिहार में महिलाओं को चुनाव से पहले स्वरोजगार के लिए 10,000 रुपये देने का किस तरह से असर हुआ, यह सबने देखा। कांग्रेस ने तो इसे ही राज्य में NDA की जीत का कारण बताया। इसलिए माना जा रहा है कि आने वाले बजट सत्र में AAP सरकार हर महिला को प्रति माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा करेगी। बहरहाल, पंजाब की राजनीति आज दिलचस्प मोड़ पर है और 2027 की शुरुआत में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को लेकर यहां सरगर्मियां तेज हो रही हैं।

---

## रीडर्स मेल

### शक्ति का दुरुपयोग

22 दिसंबर का संपादकीय 'मोरल पुलिसिंग' पढ़ा। अपराध चाहे जितना भी गंभीर हो, उससे निपटते हुए पुलिस विभाग कानून की धज्जियां नहीं उड़ा सकता। नाबालिग बच्चों ने अगर किसी लड़की के साथ छेड़खानी की, तो निश्चित रूप से यह गंभीर मामला है। उनके खिलाफ कार्रवाई करना और इलाके में भयमुक्त माहौल बनाना पुलिस का दायित्व है। लेकिन उसे यह काम कानून के दायरे में रहते हुए करना है। बच्चों को मां बाप कैसे पालते हैं और उसे 'सही' संस्कार देते हैं या नहीं यह देखना पुलिस का काम नहीं है।

**श्रेया रावत**, ईमेल से

**nbtedit@timesofindia.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।


## फटाफट खबरें

### 2,158 पदों पर चयन के लिए आवेदन 22 तक




■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने प्रदेश के अलग-अलग विभागों में कुल 2,158 पदों पर चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग की वेबसाइट पर सोमवार को इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया। ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने और आवेदन स्वीकार किए जाने की आखिरी तारीख 22 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। वहीं आवेदन में सुधार की अंतिम तिथि 29 जनवरी होगी।

### SIR का नहीं होना चाहिए विरोध : गवर्नर



■ NBT न्यूज, फतेहपुर : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को फतेहपुर में कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का विरोध नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में भी तमाम घुसपैठिए हैं। उनकी पहचान की जा रही है। सरकार ऐसे लोगों को देश से बाहर भेजने का काम कर रही है। गवर्नर फतेहपुर में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के नए भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा देने के लिए शिक्षा और संस्कार सबसे आवश्यक है।

### एनकाउंटर के बाद 3 पशु तस्कर गिरफ्तार



■ NBT न्यूज, देवरिया : देवरिया में रविवार देर रात सलेमपुर कोतवाली पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ के बाद तीन पशु तस्कर गिरफ्तार कर लिए गए। एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी है। घायल पशु तस्कर का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने उनके पास से एक टाटा मैजिक, अवैध असलहा और तीन गोवंश बरामद किया है।

### नदी में डूबकर मां-बेटी की मौत

■ NBT न्यूज, गोंडा : नवाबगंज में सोमवार को टेढ़ी नदी में डूबकर मां और छोटी बेटी की मौत हो गई, जबकि बड़ी बेटी को ग्रामीणों ने बचा लिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार तुलसीपुर माझा गांव के मजरे यादव पुरवा निवासी रजिंदर यादव खेतों में गेहूं की सिंचाई कर रहे थे। उनकी पत्नी सुनीता (40) दो बेटियों अंशु (6) और अनुमी (8) के साथ दोपहर करीब 12 बजे खेत पर खाना लेकर जा रही थीं। नदी पार करते समय छोटी बच्चियां डूबने लगीं। मां ने बचाने की कोशिश की, जिसमें बड़ी बेटी बच गई, सुनीता और अंशु डूब गईं। ग्रामीण सीएचसी नवाबगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया।

### पीड़िता से की अभद्रता, दरोगा निलंबित

■ NBT न्यूज, झांसी : जालौन की एक पीड़ित महिला के लिए मुसीबत बने दरोगा को आईजी झांसी ने निलंबित कर दिया। रविवार को उरई कोतवाली में जनसुनवाई के दौरान महिला ने आईजी आकाश कुलहरि को बताया कि एट थाने के दरोगा नरेंद्र कुमार ने शिकायत के बहाने उसका मोबाइल नंबर लिया और बाद में लगातार आपत्तिजनक संदेश भेजने लगा। विरोध करने पर धमकी भी दी गई। महिला ने वॉट्सऐप चैट साक्ष्य के रूप में दिखाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दरोगा को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए।

### सोनू सूद के जवाब का परीक्षण कर रही पुलिस



■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : निवेश पर लोगों को बड़ा रिटर्न देकर ठगने के आरोपित रवींद्र नाथ सोनी के मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है। कानपुर पुलिस को नोटिस के जवाब में ऐक्टर सोनू सूद ने ई-मेल पर जवाब भेजा है। कोतवाली सर्कल के एसीपी आशुतोष कुमार ने बताया कि जवाब का परीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद बिंदुवार अन्य सवाल किए जाएंगे। एसीपी ने कहा कि सोनी के बैंक खाते की जांच में अभिनेता सोनू सूद के कुछ लेनदेन मिले हैं। सोनू ने जवाब में कहा है कि वह प्रमोशन से संबंधित है। कानपुर में सोनी के खिलाफ 12 FIR दर्ज की जा चुकी है।

### कोर्ट के आदेश पर कब्र से निकाला शव


■ NBT न्यूज, लखीमपुर खीरी : पसगवां थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में 15 वर्षीय किशोर हिमांशु के शव को छह माह बाद कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम करवाया गया। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर हुई। परिजनों ने आरोप लगाया कि 13 सितंबर को बुखार के इलाज के दौरान गांव के झोलाछाप ने गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे किशोर की मौत हो गई। दबाव बनाकर शव दफन करवा दिया गया और शुरुआत में पुलिस ने भी कार्रवाई नहीं की। पिता विमलेश ने लगातार संघर्ष के बाद अदालत की शरण ली।

---

सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, 7 घायल

# खड़े ट्रक में घुसी तेज़ रफ्तार कार, 3 की मौत

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर : जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दर्पीपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह 8:30 बजे लखनऊ से आजमगढ़ जा रही एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए।

पशु आहार लेकर बिहार जा रहे एक ट्रक का एक्सेल टूट गया था, जिससे ट्रक एक्सप्रेस-वे पर दर्पीपुर के पास खड़ा था। अर्टिगा कार सवार लोग लखनऊ से आजमगढ़ जा रहे थे और घने कोहरे के कारण कार चालक आगे खड़े ट्रक को देख नहीं पाया और तेज रफ्तार में ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार चालक आजमगढ़ के सिकंदर (27) व सुरेंद्र (30) की मौके पर मौत हो गई। आजमगढ़ के शंभूलाल (55) को सीएचसी दोस्तपुर पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खुशबू (27), सत्यम (6), मीना देवी (35), कोहिनूर (16), इजहार (24), रोशनी (15), अंश (12) गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी को दोस्तपुर सीएचसी इलाज के लिए ले जाया गया, वहां से अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### इस चेतावनी को तो समझिए



यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसे की शिकार गाड़ियों को रखकर सुरक्षा का संदेश दिया जा रहा है।

### घने कोहरे के बीच भिड़ी बाइकें, दो लड़कों की मौत



■ भाषा, कानपुर : कानपुर में एक कोल्ड स्टोरेज के पास घने कोहरे के बीच दो बाइकों की जोरदार टक्कर में दो नाबालिगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि यह हादसा अरौल थाना क्षेत्र के सिहानी गांव के पास रविवार देर रात को हुआ। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सिहानी गांव के रहने वाले प्रतीक चतुर्वेदी (17) और रौनक उर्फ बॉबी (16) के रूप में हुई है।

बिल्हौर के सहायक पुलिस आयुक्त मंजय सिंह ने बताया कि प्रतीक और रौनक नमन गौतम (16) के साथ एक ही बाइक पर कन्नौज के टेरामल्लू से अपने गांव लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि घने कोहरे के बीच कोल्ड स्टोरेज के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दूसरी बाइक पर मजदूर मनोज और उसके साथ दो सहकर्मी भी थे।

### बिजनौरः डंपर से टकराई कार, 4 मरे

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ/बिजनौर : बिजनौर में रविवार देर रात हाइवे पर एक कार पीछे से डंपर में घुस गई। कार सवार दो टीचरों समेत चार लोगों की मौत हो गई। कार में सवार लोग एक धार्मिक जलसे में शामिल होकर लौट रहे थे। पुलिस के सहयोग से डंपर में फंसी कार को बाहर खींचा गया। कार के दरवाजे काटकर शवों को बाहर निकाला गया।

बिजनौर पुलिस के मुताबिक, हादसा रविवार आधी रात बारह बजे हरिद्वार रोड पर नांगल थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे के बाद कार के एयरबैग नहीं खुले थे। कार सवारों के सिर और चेहरे में ज्यादा चोट लगी। पुलिस को बिजनौर जिले के सहसपुर के ग्राम प्रधान मोहम्मद मुतजा ने बताया कि मसाव आलम निवासी कारी इकबाल (35) आलिम थे। वह सहसपुर खुर्द गांव के मदरसे के जलसे में शिरकत करने (प्रवचन देने) गए थे। जलसा खत्म होने के बाद एक गांव के रहने वाले अशफाक (65), एहतेशाम (25) और सलाउद्दीन (26) के साथ कार से घर जाने के लिए निकले। तीनों इकबाल को उनके छोड़ने के लिए मसाव आलम जा रहे थे। तभी हादसा हो गया।

### बलिया में हादसे, दो की जान गई

■ भाषा, बलिया : जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक किशोर और एक युवक की मौत हो गई और युवक की पत्नी व बेटा घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, ये हादसे जिले के हल्दी थाना क्षेत्र और रेवती थाना क्षेत्र में रविवार शाम को हुए। पुलिस के अनुसार, हल्दी थाना क्षेत्र के जवही बबुआनी गांव का बंटी पटेल (15) ट्रैक्टर पर सवार होकर घर आ रहा था, तभी नेम छपरा राजपुर पुलिया के पास वह ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी मौत हो गई। वहीं, त्रिकालपुर गांव के पास रविवार शाम रेवती-सहतवार मुख्य मार्ग पर एक जीप और बाइक की टक्कर में बाइक सवार ओम प्रकाश गोंड (40) की मौत हो गई।

### बाइकों की भिड़ंत में इंजिनियर की मौत



■ NBT न्यूज, बाराबंकी: रामसनेहीघाट के रसूलपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में पूरे चेतई मजरे अमहिया निवासी इंजिनियर हर किशोर मिश्र (44) की मौत हो गई। हादसा रविवार की रात हुआ। पुलिस ने बताया कि हरकिशोर मिश्र इंजिनियर की नौकरी छोड़ने के बाद गांव आ गए थे और रानीबाजार में दुकान चलाते थे।

## बुलंदशहर गैंगरेप के खुलासे को लेकर उठे थे कई सवाल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बुलंदशहर गैंगरेप के बाद तत्कालीन अखिलेश यादव की सरकार विरोधियों के निशाने पर आ गई थी। दरअसल, पुलिस ने आनन-फानन में जब वारदात का खुलासा किया तो तत्कालीन डीजीपी जावीद अहमद ने गिरफ्तार दो आरोपितों के नाम ही गलत बता दिए थे। इससे पूरे खुलासे पर ही सवाल उठ गए थे और मामले की जांच सीबीआई को दिए जाने की मांग उठने लगी थी।

अखिलेश सरकार आई थी विरोधियों के निशाने पर

पुलिस ने यह सफाई देकर बचना चाहा था कि गिरफ्तार आरोपितों ने गलत नाम बता दिए थे इसलिए पुलिस ने उन नामों को जारी कर दिया था।

दरअसल, पुलिस ने शुरुआत में इस मामले को दबाने की कोशिश की थी। जुलाई 2016 में बुलंदशहर हाइवे पर एक परिवार के साथ जो हुआ, वह सभ्य समाज के लिए कलंक था। हैवानों ने ढाई घंटे तक मां-बेटी के साथ दरिंदगी की, पिता-पुत्र को बेरहमी से पीटा और लूटपाट की। इस वारदात में सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह थी कि यह क्राइम सीन थाने के काफी करीब था। इसके बावजूद भी वहां की पुलिस समय पर नहीं पहुंच सकी। पीड़ित परिवार ने कई बार डायल 100 पर कॉल की लेकिन कोई रेस्पॉन्स नहीं मिला। परिवार को तब मदद मिली, जब पिता ने नोएडा पुलिस में अपने एक जानकार से संपर्क किया। इसके बाद जांच ने रफ्तार पकड़ी। केस की गंभीरता को देखते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया और लापरवाही बरतने वाले कई बड़े पुलिस अफसर सस्पेंड हुए।



साजिद, जुबैर, धर्मवीर, नरेश, सुनील शनिवार को दोषी ठहराए गए थे

बुलंदशहर कांड में पुलिस की घंटों की देरी किसी तकनीकी खराबी नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा थी। उस समय सपा सरकार और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे थे। सोमवार को कोर्ट ने पांचों आरोपितों को उम्रकैद की सजा सुनाई और उन्हें 'राक्षस' करार दिया। अदालत ने कहा कि ऐसे अपराधियों को समाज से दूर रखना जरूरी है। नौ साल बाद ही सही पीड़ित परिवार को इंसाफ मिला है।

## चंदौली में किन्नर का मकान बम से उड़ाया

■ NBT न्यूज, वाराणसी: चंदौली के बलुआ के मोहरगंज पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर रविवार आधी रात बाद बम धमाके से पूरा इलाका हिल गया। विस्फोट खुशबू किन्नर के तीन मंजिला मकान में हुआ। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और देखते ही देखते मकान धुएं के गुबार में घिर गया। घटना के समय मकान में दर्जनभर किन्नर सो रहे थे।

पुलिस चौकी के पास हुई घटना, कोई हताहत नहीं

अचानक हुए विस्फोट से अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर बाहर निकल आए। राहत की बात रही कि विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन तीन मंजिला धराशायी हो गया। विस्फोट की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि आसपास के घर भी हिल गए। सूचना मिलने पर बलुआ थाना सहित आसपास के थाने से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। फरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। विस्फोट में इस्तेमाल सामग्री के अवशेष एकत्र किए गए। बलुआ थाना प्रभारी अतुल प्रजापति ने बताया कि घटना की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। दोषियों जल्द गिरफ्तार होंगे।

### गैंगस्टर ऐक्ट में डीएम की भूमिका पर HC का सवाल

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि यूपी गैंगस्टर नियम 2021 के नियम 5(3)(ए) के बावजूद गैंग चार्ट को मंजूरी देने की प्रक्रिया में डीएम को क्यों शामिल नहीं किया जा रहा। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने कहा कि कमिश्नरेट सिस्टम वाले जिलों में डीएम की भागीदारी के बिना गैंग चार्ट स्वीकृत हो रहे हैं, जबकि अन्य जिलों में डीएम और एसएसपी की संयुक्त बैठक होती है। कोर्ट ने 'चुनिंदा जांच' और 'चुनिंदा मुकदमे' को कानून के शासन के खिलाफ बताया। साथ ही गैंगस्टरों के मामलों के शीघ्र निस्तारे, गवाह सुरक्षा और अभियोजन की प्रभावी नीति के अभाव पर भी चिंता जताई।



### बहराइचः आंगन में बैठी किशोरी पर तेंदुए ने किया हमला



■ NBT न्यूज, बहराइच : कतर्नियाघाट जंगल की सुजौली रेंज के बर्दिया गांव के ओरीपुरवा मजरे में तेंदुए के हमले से 18 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। सुरेश की बेटी सोनम घर के आंगन में बैठी थी, तभी गन्ने के खेत से निकलकर तेंदुआ घर में घुस आया और उस पर हमला कर दिया। तेंदुआ किशोरी को घसीटते हुए खेत की ओर ले जाने लगा। शोर सुनकर घरवाले और ग्रामीण दौड़े, जिससे तेंदुआ भाग गया। हमले में किशोरी के गले और गर्दन पर गहरे जख्म आए। परिजन उसे पीएचसी सुजौली ले गए, जहां से सीएचसी मिहींपुरवा रेफर किया गया। किशोरी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### अमिताभ ठाकुर को झटका, जमानत अर्जी खारिज



■ NBT न्यूज, वाराणसी : आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को वाराणसी में दर्ज मुकदमे में राहत नहीं मिली है। विशेष मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार की अदालत ने सोमवार को सुनवाई के बाद अमिताभ ठाकुर की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन अधिकारी मधुसूदन तिवारी ने दलील दी कि आरोपित अमिताभ का आपराधिक इतिहास है। वह साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। वहीं, बचाव पक्ष के वकील अनुज यादव ने जमानत अर्जी मंजूर करने की मांग करते हुए दलील दी कि राजनैतिक विद्वेष की भावना से अमिताभ के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कराए गए हैं।

### क्रूज से गंगा में पेशाब करने का विडियो वायरल, केस दर्ज



■ NBT न्यूज, वाराणसी : वाराणसी में गंगा में संचालित हाइड्रोजन क्रूज से एक युवक के गंगा में पेशाब करने का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। 24 सेकंड के वायरल विडियो में घाट पर खड़े क्रूज के पायलट केबिन के पास खड़े युवक को गंगा में पेशाब करते देखा जा सकता है। विडियो को देख स्थानीय लोगों में गुस्सा है। इस मामले में आरएसएस के सह प्रचारक विकास तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। आदमपुर थाना प्रभारी विमल मिश्र ने बताया कि तहरीर के मुताबिक विडियो नमो घाट के पास का है।

---

## अयोध्या/बाराबंकी

### अयोध्या पहुंची कोरियाई रानी हो की प्रतिमा



■ NBT न्यूज, अयोध्या : सरयू तट पर कोरियाई रानी हो की 12 फुट ऊंची व 1300 किग्रा वजन की प्रतिमा सोमवार को रानी हो के पार्क में पहुंच गई है। यह रॉक स्टोन मटीरियल से बेहद खूबसूरत डिजाइन की गई है। रानी हो पार्क का संचालन कर रही कंपनी के एमडी राहुल शर्मा व पार्क की चीफ कोऑर्डिनेटर चंदना शर्मा ने बताया कि इसका लोकार्पण इंडो कोरियन फेस्ट के पहले कर दिया जाएगा। फेस्ट में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेला 24 दिसंबर से शुरू हो रहा है।

### बीसीपीएम नेहा सिंह की सेवा समाप्त

■ NBT न्यूज, अयोध्या : सोहावल पीएचसी पर तैनात ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेसिंग मैनेजर (बीसीपीएम) संविदा, नेहा सिंह की सेवा समाप्त कर दी गई है। उन पर कार्य में अक्षमता, आदेशों की अवहेलना और अनुशासनहीनता के आरोप थे, जो जांच में सही पाए गए। नेहा को इस समय हरिंग्टनगंज सीएचसी पर संबद्ध रखा गया था।

### दो दिनों में रेल ट्रैक पर मिले दो शव

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज : गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में शनिवार सुबह टंडौली रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रैक पर मिले युवक के शव की शिनाख्त अभी हो नहीं पाई थी कि सोमवार सुबह एक और अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। उनकी भी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

सम्मान

### बाराबंकी की पूजा पाल को मिलेगा पीएम बाल पुरस्कार

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: अगेहरा निवासी छात्रा पूजा पाल को धूल-रहित थ्रेसर का मॉडल विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से 26 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया कि छात्रा पूजा के विज्ञान व प्रौद्योगिकी व नवाचार के लिए यह पुरस्कार मिलेगा।

सातवीं की पढ़ाई के दौरान छात्रा ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में 'धूल-रहित थ्रेसर मशीन' का मॉडल तैयार किया था। उसके मॉडल को केंद्र सरकार के साइंस व टेक्नॉलजी विभाग ने मानकों पर खरा पाया था। इस पर केंद्र सरकार ने इंस्पायर अवॉर्ड मानक के तहत जापान का भ्रमण करने का मौका दिया था। राज्य सरकार ने इसे बाल वैज्ञानिक बताते हुए एक लाख रुपये के पुरस्कार से नवाजा था। पूजा के पिता पुत्तीलाल मजदूरी करते हैं और मां सुनीला देवी एक सरकारी स्कूल में रसोइया है। घर छोटा है जो खरपतवार से छप्पर नुमा बना है। पांच भाई-बहनों के साथ मिलकर पूजा अपने छप्पर नुमा बने घर में रहती है। अब प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मंजूर कर दिया है।




सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूजा का मॉडल देखा था।

### बाराबंकीः बुढ़वल पुल से नहीं गुजरेंगे भारी वाहन

■ NBT न्यूज, सूरतगंज: रामनगर-फतेहपुर मार्ग पर बुढ़वल रेलवे पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर पर रोक लगा दी गई है। रेलवे ने इसके लिए पुल की शुरुआत पर ही हाइटगेज लगाया है। इससे किसानों को अपना गन्ना मिल तक ले जाने के लिए 15 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। अब भारी वाहन महादेवा-सूरतगंज मार्ग से होकर फतेहपुर पहुंच रहे हैं।

दरअसल, 26 नवंबर की रात 9:10 बजे फतेहपुर की ओर से रामनगर जा रहा एक डंपर अनियंत्रित होकर रेलवे पुल से 25 फुट नीचे ट्रैक पर जा गिरा था। इससे अप और डाउन ट्रैक की ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन (ओएचई) क्षतिग्रस्त हो गई थी। अमोलीकला निवासी संदीप दीक्षित और सूरतगंज निवासी सोनू चौरसिया ने बताया कि सूरतगंज-फतेहपुर मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ गया है। इससे हादसों का खतरा बढ़ गया है।



डंपर गिरने की घटना के बाद रेलवे ने लगाए हाइटगेज

प्रशासन के अधिकारियों ने माना कि डंपर के पुल से गिरने की वजह सड़क का संकरा होना रहा। फतेहपुर-रामनगर रोड पर यह पुल महज 3.75 मीटर ही चौड़ा है। इसके दोनों ओर रोड की चौड़ाई करीब सात मीटर है। इसके कारण हादसे भी होते रहते हैं।

राम मंदिर परिसर का एक और प्रवेश द्वार जल्द

## प्रतिष्ठा द्वादशी की तैयारी तेज, अंगद टीला पर हुआ भूमिपूजन

■ NBT न्यूज, अयोध्या

राम मंदिर परिसर में प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम आयोजित होने वाली जगह अंगद टीला पर सोमवार को भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय रहे। चंपत राय ने बताया कि जल्द मंदिर परिसर का एक और प्रवेश द्वार खोला जाएगा। अभी संतों के नाम से तीन प्रवेश द्वारों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि एक द्वार का निर्माण कार्य शेष है। नए प्रवेश द्वार खुलने से श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा बढ़ेगी। एक द्वार से वाहनों का प्रवेश होगा, जबकि एक अन्य द्वार वीआईपी आवागमन के लिए रहेगा।

उन्होंने बताया कि मुख्य मंदिर और परिसर के 15 अन्य मंदिरों का निर्माण पूरा हो चुका है। अब बाउंड्री वॉल, मंदिर ट्रस्ट कार्यालय और अस्थायी मंदिर के निर्माण पर काम चल रहा है, जिसे अगले वर्ष फरवरी तक पूरा करने का लक्ष्य है।

**रूटीन कार्यक्रम :** चंपत राय ने बताया कि प्रतिष्ठा द्वादशी पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी रूटीन कार्यक्रम के रूप में मनाई जाएगी। इस बार कार्यक्रम की अवधि पांच दिन की होगी, जिसमें धार्मिक पूजा-पाठ, अनुष्ठान, भजन, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।



अंगद टीला पर सोमवार को भूमिपूजन हुआ।

### विशाल घंटा स्थापित

मंदिर परिसर में पीतल का विशाल घंटा स्थापित किया गया है, जिसकी आवाज दूर तक सुनाई देगी। 2100 किलोग्राम वजनी यह घंटा 6 फुट ऊंचा और 5 फुट चौड़ा है, जो जैसलमेर में तैयार हुआ है। साथ ही वाटिका और हरित क्षेत्र में रामायण कालीन कोविदार के पौधे रोपे गए हैं, जिनका चित्र धर्मध्वज पर भी अंकित है।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम 29 से

27 दिसंबर से धार्मिक अनुष्ठान और 29 दिसंबर से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होंगे, जो पांच दिन चलेंगे। 29 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 तक अंगद टीला परिसर में आयोजन होंगे। मंदिर गर्भगृह में अभिषेक, श्रृंगार, भोग व आरती होंगी, जिनका दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण होगा। मंडल पूजा 27 से 31 दिसंबर तक यज्ञशाला में संपन्न होगी।

### राम रक्षा यंत्र की स्थापना में देरी

मुख्य मंदिर के दूसरे तल स्थित राम नाम मंदिर के गर्भगृह में श्रीराम रक्षा यंत्र और रामायण की मूल प्राचीन पांडुलिपियों की स्थापना में अभी देरी है। चंपत राय ने बताया कि राम रक्षा यंत्र पूजित अवस्था में सुरक्षित रखा गया है और विभिन्न क्षेत्रों से प्राचीन रामायण प्रतियों का संकलन जारी है।

## बाराबंकी : SIR में ली जा रही AI से मदद

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: विधानसभा चुनाव की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जा रहा है। एआई के जरिए फॉर्म जमा करने वाले करीब दो लाख मतदाताओं व उनके पिता के नाम में मिसमैच मिला है। डीएम शशांक त्रिपाठी ने सभी बूथ लेवल अफसरों को चिह्नित वोटरों का पुनः वैरिफिकेशन करने के आदेश दिए हैं। नामों में सुधार के लिए अलग से लोगों को आवेदन करने होंगे। एसआईआर का अभियान 26 दिसंबर तक चलना है। इसके बाद एक जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।



**मतदाता सूची से हटेंगे 3,76,448 वोटर :** बाराबंकी की छह विधानसभा क्षेत्रों बाराबंकी, हैदरगढ़, कुर्सी, रामनगर, दरियाबाद व जैदपुर विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची से 3,76,448 वोटरों का हटना लगभग तय हो गया है। मतदाता सूची में दर्ज 71,522 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। 95,100 लोगों को ट्रेस नहीं किया जा सका। 1,77,152 मतदाता स्थायी रूप से शिफ्ट हो चुके हैं। 27,172 लोगों ने अपने नाम दो जगह दर्ज होने के कारण एक ही स्थान चुना है। अन्य कारणों से 7,502 मतदाता के नाम हटाए जाएंगे। अभियान के बाद मतदाता सूची में अब 19,54,604 वोटर बचे हैं।

## फटाफट खबरें

### मॉर्फीन तस्करी मामले में जवाब तलब

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: मॉर्फीन तस्करी के आरोपित इरफान व राकेश कुमार, कोतवाली नगर से आरोपित नईम व थाना हैदरगढ़ से आरोपित शख्स को विवेचना की खामियों के चलते कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया। इसे गंभीरता से लेते हुए डीएम शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को लोक सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा के दौरान विवेचकों से स्पष्टीकरण तलब किया। डीएम ने कहा कि गैंगस्टर एक्ट के मामलों में कोर्ट के समक्ष प्रभावी पैरवी की जाए। समीक्षा के दौरान एसपी अर्पित विजयवर्गीय, एडीएम एफआर निरंकार मौजूद रहे।

### कालाबाजारी में कोटेदार को जेल


■ NBT न्यूज, बाराबंकी: 20 साल पहले सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अनाज की कालाबाजारी के मामले में एसीजेएम रुचि तिवारी ने फैसला सुनाते हुए कोटेदार को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई। उस पर दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता अमरेश विक्रम सिंह ने बताया कि साल 2005 में हुई जांच में थाना सतरिख के ऐंदानगर के कोटेदार रामोहन प्रसाद को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के 18 क्विंटल चावल की कालाबाजारी के जरिए बेचने का दोषी पाया गया था।

### किशोर सहित दो की संदिग्ध हालात में मौत

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: किशोर सहित दो लोगों के शव संदिग्ध हालात में मिले। जहांगीराबाद थाना के फैज्नुल्लापुर निवासी जुबेर अंसारी की पत्नी रिहाना बानो(45) अपने ही घर की छत पर रविवार को अचेत हालत में मिली। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए जहां पर उसने दम तोड़ दिया। वहीं, मसौली थाना क्षेत्र के डाडियामऊ निवासी मुजीबउर्रहमान(15)का शव सोमवार की दोपहर पेड़ से मफलर के सहारे लटकता मिला। पिता बाबू ने बताया कि बेटा सुबह ही घर से निकला था। इसके बाद उसका शव मिला।

### अभद्रता से नाराज वकीलों का हंगामा

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : सफदरगंज थाना पर बीरबलपुरवा के वकील चंद्रेश वर्मा के साथ मारपीट व लॉकअप में बंद करने का आरोप लगाकर वकीलों ने सोमवार की सुबह एसपी कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय के संबंधित मुकदमे को खत्म करने और थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया की भूमिका की जांच करवाकर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर वकीलों को वापस किया। जिला बार असोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा,महामंत्री रामराज यादव के संयुक्त नेतृत्व में एकत्र वकीलों ने मांग की कि एसओ को निलंबित किया जाए।



### एटीएम से चोरी की कोशिश, तीन दबोचे

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: जैदपुर पुलिस ने सुलतानपुर व अयोध्या जिले में तीन एटीएम बूथ में तोड़फोड़ कर नकदी चोरी करने की कोशिश करने के गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान अयोध्या के थाना पूराकलंदर के खानपुर मसौधा के राहुल गौड़, खानपुर मसौधा के राज कनौजिया व मोहित चौधरी के रूप में हुई। उनके पास से एटीएम बूथ काटने के औजार, गैस सिलिंडर व फर्जी नंबर डालकर चलाई जा रही कार बरामद की गई है।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in